

19:04:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज » 12 मूल्य » 3 रुपये » वर्ष » 14 अंक » 106 | epaper.rashtriyakhabar.com | वैशाख, कृष्णपक्ष चतुर्दशी, विक्रम संवत 2080

## चाणक्य नीति

बन्धाय विषयाऽऽसक्तं मुक्त्यै निर्विषयं मनः।

मन एवं मनुष्याणां कारणं बन्धमोक्षयोः॥

भावार्थ : मनुष्य अपने विचारों के कारण ही अपने आपको बंधनों में फंसा हुआ मानता है और अपने विचारों के कारण ही अपने आपको बंधनों से मुक्त समझता है। विषय वासनाएं ही मनुष्य के बंधन के कारण हैं और विषय वासनाओं से मुक्त होकर ही मनुष्यों को मोक्ष प्राप्त होता है।



**रांची पारा अपडेट**

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 39.00 °c | 26.00 °c |

सूर्यास्त (आज) » 18.11 बजे

सूर्योदय (कल) » 05.25 बजे

## कर्नाटक के 31 लोग सूडान युद्ध में फंसेः डॉ. रंजन

**बेंगलुरु:** कर्नाटक राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (केएसडीएमए) के आयुक्त मनोज रंजन ने मंगलवार को कहा कि राज्य के कम से कम 31 लोग सूडान में सेना और शक्तिशाली रेपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) अर्द्धसैनिक समूह के बीच युद्ध में फंसे हुए है। डॉ. रंजन ने कहा, हमें सूचना मिली है कि कर्नाटक के 31 लोगों का समूह सूडान में फंसा हुआ है। उन्होंने कहा कि केएसडीएमए ने विदेश मंत्रालय को इस बारे में सूचित किया है और मंत्रालय ने इस पर कार्रवाई शुरु कर दी है। केएसडीएमए ने वहां फंसे लोगों को भारतीय दूतावास के निर्देश मानने को कहा। उन्होंने लोगों को जहां है वहीं रुके रहने की सलाह दी। ये लोग कर्नाटक में हक्की पक्की जनजाति समुदाय के है।

## शेख हसीना पर हमले के लिए पूर्व सांसद समेत चार को उम्रकैद

**ढाका:** बंगलादेश के सतिखरा में वर्ष 2002 में तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष एवं वर्तमान प्रधानमंत्री शेख हसीना के काफिले पर हुए हमले के मामले में बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के कुल 48 नेताओं और कार्यकर्ताओं को अलग-अलग कारावास की सजा सुनाई गई है। पूर्व वकील एवं बीएनपी के जिला अध्यक्ष हबीबुल इस्लाम हबीब सहित चार लोगों को आजीवन कारावास और 44 अन्य को सात साल कैद की सजा सुनाई गई है। सतखिरा स्पेशल ट्रिब्यूनल-3 के जज विश्वनाथ मंडल ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद मंगलवार को फैसला सुनाया। इस मामले के बयान के अनुसार, 30 अगस्त, 2002 को सुश्री हसीना एक स्वतंत्रता सेनानी की पत्नी से मिलने गयी थीं। सेनानी की पत्नी के साथ दुष्कर्म हुआ था और उसे सतखिरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सुश्री हसीना स्वतंत्रता सेनानी की पत्नी से मिलने के बाद जशोर लौट रही थीं। इसी दौरान उनके काफिले पर जिले के कलारोआ उपजिला में हमला हुआ।

## मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर, दो नक्सली गिरफ्तार

बीजापुर: छत्तीसगढ़ के बीजापुर में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई आज मुठभेंड में पुलिस ने एक नक्सली को मार गिराया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक तड़के रेड्डी कैम्प से डीआरजी की टीम इलाके की गश्त सर्चिंग के लिए रवाना हुई थी। इसी बीच नैमेड थाना क्षेत्र के कचलावारी के जंगलों में डीआरजी जवानों व नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। कुछ देर चली मुठभेड़ के बाद नक्सली भाग निकले। घटनास्थल की सर्चिंग करने पर जवानों ने एक पुरुष नक्सली का शव व मौके से एक घायल नक्सली समेत दो नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया हैं। खबर लिखे जाने तक मारे गए नक्सली व पकड़े गए नक्सलियों की पहचान नहीं हो सकी थी।

## लापता पर्वतारोही बलजीत कौर जीवित मिली

**काठमांडू:** माउंट अन्नपूर्णा पर कैंप चार के ऊपर से लापता हुई भारतीय पर्वतारोही बलजीत कौर का पता चल गया है और वह जीवित हैं। पर्वतारोहण अभियान के एक आयोजक ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पायनियर एडवेंचर के अध्यक्ष पसंग शेरपा ने बताया कि एक हवाई खोज दल ने बलजीत कौर का पता लगा लिया है। उन्होंने कल पूरक ऑक्सीजन का उपयोग किए बिना ही दुनिया की दसवीं सबसे ऊंची चोटी को फतह किया था। उन्होंने कहा, हम उसे हाई कैंप के ऊपर से एयरलिफ्ट कर निकालने की तैयारी कर रहे हैं।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

### अडाणी प्रकरण पर जारी विवाद के बीच आरटीआई से नया धमाका

# सेबी को पता नहीं बीस हजार करोड़ कहां से आये

- दो अलग अलग सूचनाएं मांगी थी
- मॉरिशस की कंपनियों से आया पैसा
- राहुल गांधी सरकार से सवाल पूछ रहे

**राष्ट्रीय खबर**

**नईदिल्ली:** अडाणी समूह की 20,000 करोड़ रुपये की शेयर बिक्री में किसने सदस्यता ली, इस बारे में सेबी के पास कोई जानकारी नहीं है। पूंजी बाजार नियामक ने आरटीआई अधिनियम के तहत दायर एक आवेदन के जवाब में यह बात कही, जिसमें सब्सक्रिप्शन विवरण और फॉलो-ऑन पब्लिक ऑफर को रद्द करने का कारण मांगा गया था। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कहा है कि उसके पास अडाणी एंटरप्राइजेज के 20,000 करोड़ रुपये के फॉलो-ऑन पब्लिक ऑफर (एफपीओ) की सदस्यता



लेने वालों की जानकारी नहीं है। पूंजी बाजार नियामक ने सूचना के अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत दायर एक आवेदन के जवाब में यह बात कही है। प्रसेनजीत बोस नामक व्यक्ति ने 31 जनवरी और 8 फरवरी को दो आरटीआई आवेदन दायर किए थे। रिपोर्ट के अनुसार, इन दो आवेदनों के लिए सेबी की प्रतिक्रिया प्रस्तुत की गई थी। मुख्य लोक सूचना अधिकारी ने पहले आरटीआई आवेदन पर जानकारी देने से इनकार कर दिया, जिसमें अडाणी एंटरप्राइजेज की शेयर बिक्री के विवरण तक पहुंच की मांग की गई थी। अखबार ने कहा कि बोस ने इस आधार पर अपीलीय प्राधिकारी के पास अपील दायर की थी। इसमें सेबी के अपीलीय प्राधिकारी ने अपील को खारिज करते हुए कहाः प्रतिवादी ने उपरोक्त प्रश्नों के जवाब में सूचित किया कि मांगी गई जानकारी सेबी के पास उपलब्ध नहीं है। जहां मांगी गई जानकारी किसी सार्वजनिक प्राधिकरण के रिकॉर्ड का हिस्सा नहीं है, और जहां

» पेज 2 भी देखें

### फटकार › बिलकिस बानो के अपराधियों की रिहाई पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

# गुजरात सरकार पर अवमानना का केस चलाने की हिदायत

- यह कोई सामान्य घटना तो बिल्कुल नहीं थी
- आज कोई और है तो कल कोई और शिकार होगा
- सत्ता का अवैध प्रयोग ना हो गुजरात राज्य में

**राष्ट्रीय खबर**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बिलकिस बानो की उस याचिका पर सुनवाई की जिसमें उन्होंने गुजरात सरकार पर अपने मामले के दोषियों को समय से पहले रिहा करने का आरोप लगाया था। उन्होंने अपनी याचिका में 11 दोषियों को रिहा किए जाने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती भी दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान गुजरात सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि आखिर आपको इस बात ध्यान रखना चाहिए कि कभी भी सत्ता का अवैध प्रयोग ना हो।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आज बिलकिस है कल कोई और होगा। यह एक ऐसा मामला है जहां एक गर्भवती महिला के साथ गैंगरेप किया गया और उसके सात



**शक्ति का वास्तविक प्रयोग हो, सत्ता का कोई अवैध प्रयोग न हो**

सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि हम केवल यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि शक्ति का वास्तविक प्रयोग हो। सत्ता का कोई अवैध प्रयोग न हो। जिस तरह से अपराध किया गया था वह भयानक है। कोर्ट ने आगे कहा कि दोषी करार दिए गए हर शख्स को एक हजार दिन से अधिक का पैरोल मिला है। हमारा मानना है कि जब आप शक्ति का प्रयोग करते हैं तो उसे जनता की भलाई के लिए किया जाना चाहिए। चाहे आप जो भी हों, आप कितने भी ऊंचे क्यों ना हों, भले ही राज्य के पास विवेक हो? यह जनता की भलाई के लिए होना चाहिए। ऐसा करना एक समुदाय और समाज के खिलाफ अपराध है। कोर्ट ने गुजरात से सरकार से पूछा कि दोषियों की रिहाई करके आप क्या संदेश दे रहे हैं ? आप सेब की तुलना संतरे से कैसे कर सकते हैं? इतना ही नहीं आप एक व्यक्ति की हत्या की तुलना नरसंहार से कैसे कर सकते हैं? कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि बार बार कहने के बावजूद गुजरात सरकार उम्रकैद के दोषियों की समय पूर्व रिहाई के दस्तावेज रिकॉर्ड हमारे सामने नहीं ला रही है। यदि आप हमें फाइल नहीं दिखाते हैं तो हम अपना निष्कर्ष निकालेंगे।साथ ही यदि आप फाइल प्रस्तुत नहीं करते हैं, तो आप कोर्ट की अवमानना कर रहे हैं। ऐसे में हम स्वतः ही संज्ञान लेकर अवमानना का मामला शुरू कर सकते हैं।

रिश्तेदारों की हत्या कर दी गई। हमने आपको (गुजरात सरकार) सभी रिकॉर्ड पेश करने के लिए कहा था। हम जानना चाहते हैं कि क्या आपने अपना विवेक लगाया है। अगर हां तो बताएं कि आपने किस सामग्री को रिहाई का आधार बनाया है।

सुनवाई के दौरान केंद्र और गुजरात सरकार की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि हम उस आदेश पर पुनर्विचार की मांग कर रहे हैं, जिसमें हमें इस अदालत द्वारा जारी की गई फाइलें पेश करने के लिए कहा गया है। हम रिव्यू दाखिल कर रहे हैं। हमने फाइल पेश करने के लिए समय भी मांगा है। यह सरकार का विशेषाधिकार है। एसवी राजू ने कहा कि 2002 के गुजरात दंगों के दौरान सामूहिक दुष्कर्म और परिवार के सात सदस्यों की हत्या करने के मामले में राज्य सरकार के 11 दोषियों की सजा में छूट देने के फैसले के खिलाफ भी एक याचिका दायर की है। जिसमें उन्होंने कहा कि दुष्कर्म के दोषियों की समय से पहले रिहाई ने समाज की अंतरात्मा को झकझोर कर रख दिया है। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने भी रिहाई पर सवाल उठाए थे। इसमें साफ कर दिया गया था

» पेज 2 भी देखें

### विपक्षी एकता की दिशा में कांग्रेस की ओर से पहल

# केसी वेणुगोपाल ने उद्धव ठाकरे से भेंट की



- अभी देश की चुनौती सबसे बड़ी है
- हमारे अपने अपने मुद्दे भी है
- नेताओं का संदेश पहुंचाया

**राष्ट्रीय खबर**

**मुंबई:** कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने सोमवार को मुंबई में शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे से मुलाकात की, जहां उन्होंने 2024 में राष्ट्रीय चुनाव से पहले विपक्षी एकता और भाजपा सरकार द्वारा विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने के लिए केंद्रीय एजेंसियों के कथित दुरुपयोग पर चर्चा की। उन्होने कहा, मैं यहां उद्धव जी से मिलने और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी का संदेश देने आया हूं। संदेश बहुत स्पष्ट है - भारत और महाराष्ट्र की वर्तमान राजनीतिक स्थिति में, उद्धव जी अलोकतांत्रिक ताकतों के खिलाफ लड़ रहे हैं। नरेंद्र मोदी और अमित शाह द्वारा लोकतंत्र को पूरी तरह से खत्म कर दिया गया है, हमने देखा है। ईडी और सीबीआई का इस्तेमाल उद्धव जी और अन्य दलों को निशाना बनाने के लिए किया जा रहा है। श्री वेणुगोपाल ने व्यापक विपक्षी एकता का आह्वान किया। यही वजह है कि श्री खड़गे और श्री गांधी ने पिछले सप्ताह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उनके डिप्टी तेजस्वी यादव और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के प्रमुख शरद पवार से मुलाकात की। बिहार के दोनों नेताओं ने दिल्ली के

» पेज 2 भी देखें

### सुप्रीम कोर्ट के नये फरमान से भारतीय जनता पार्टी असहज

# दिल्ली पुलिस से घृणास्पद भाषण पर जवाब मांगा

- देश के गद्दारों को वाला नारा सभी ने देखा सुना
- शाहीनबाग को लेकर प्रवेश वर्मा का भाषण था
- तीन सप्ताह में जबाव दाखिल करे दिल्ली पुलिस

**राष्ट्रीय खबर**

**नयी दिल्ली:** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को दिल्ली पुलिस से माकपा नेता बृंदा करात की उस याचिका पर जवाब देने को कहा



जिसमें केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और भाजपा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने से निचली अदालत के आदेश से इनकार करने के खिलाफ याचिका खारिज करने के दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई थी। सांसद प्रवेश वर्मा ने सीएए के विरोध प्रदर्शनों पर उनके कथित अभद्र भाषणों के लिए। जस्टिस केएम जोसेफ और बीवी नागरत्ना की पीठ ने शहर की पुलिस को नोटिस जारी किया और तीन सप्ताह के भीतर जवाब मांगा। सुनवाई के दौरान, पीठ ने पाया कि प्रथम दृष्टया मजिस्ट्रेट का यह कहना कि भाजपा के दो नेताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के लिए मंजूरी की आवश्यकता थी, सही नहीं था। पिछले साल 13 जून को, दिल्ली उच्च न्यायालय ने माकपा

» पेज 2 भी देखें

### एनएससीएन-आईएम का आरोपः प्रधानमंत्री ने इसे बेतुका बनाया

# मोदी सरकार समाधान खोजने में प्रयासरत

- फ्रेमवर्क को लेकर एनएससीएन-आईएम उलझन में
- सरकार के साथ बैठक की तारीख अभी तय नहीं
- समूह के अध्यक्ष ने मुख्यालय में अपनी बात रखी

**भूपेन गोस्वामी**

**गुवाहाटी:** नगालैंड के विद्रोही गुटों एनएससीएन-आईएम ने प्रधानमंत्री मोदी सरकार पर फ्रेमवर्क समझौते को आगे बढ़ाने को लेकर





गंभीर नहीं होने का आरोप लगाया है। इस कारण नगा शांति वार्ता बेतुकी हो गई है। नगा विद्रोही समूह का इस समय केंद्र के साथ युद्धविराम समझौता चल रहा है।समूह के अध्यक्ष क्यू टूक्कू ने हेब्रोन में अपने मुख्यालय में आज कहा कि, केंद्र मोदी सरकार-एनएससीएन (आईएम) वार्ता में कोई गंभीरता नहीं है और कथनी-करनी में अंतर है। उन्होंने कहा कि इससे संगठन को यह आशंका सता रही है कि केंद्र सरकार अपने पूरे तंत्र के साथ गुपचुप तरीके से इसे खत्म कर सकती है। शांति वार्ता को केंद्र संभाल रहा है। इसके बावजूद एनएससीएन-आईएम ने पूरी प्रतिबद्धता और दृढ़संकल्प के साथ वार्ता को आगे बढ़ाया है।क्यू टूक्कू ने कहा कि जब नगा लोगों के एतिहासिक और राजनीतिक अधिकारों को बचाने की बात हो तो कोई बलिदान बहुत बड़ा नहीं है। उन्होंने कहा कि यह केंद्र सरकार पर निर्भर करता है कि वह मिलकर काम करे। नगा विद्रोहियों को लगता

» पेज 2 भी देखें

### जानकारी › वायरसों पर हुए अनुसंधान ने जेनेटिक वैज्ञानिकों को फिर से हैरान किया है

# एककोशिकीय जीवों के डीएनए में हजारों वायरस छिपे होते हैं

- कंप्यूटर मॉडल से सभी की जांच की गयी
- डीएनए श्रृंखला को नई विधि से जांचा गया
- यह वायरस डीएनए की प्रतिकृति बना लेते हैं

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** पूरी दुनिया में कोरोना महामारी के बाद से जेनेटिक वैज्ञानिक वायरसों पर अधिक ध्यान दे रहे हैं। इस क्रम में हर रोज कुछ न कुछ नई जानकारियां भी सामने आ रही हैं। इसी क्रम में यह पहली



बार पता चला है कि एक कोशिकीय जीवों के डीएनए में भी हजारों वायरस छिपे होते हैं, जिनका इससे पहले पता भी नहीं चल पाया था। इस काम को करने के लिए इंसब्रुक विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने उच्च क्षमता वाले कंप्यूटर क्रमिक विश्लेषण विधि का उपयोग करके 30,000 से अधिक वायरस की खोज की है। वायरस एककोशिकीय जीवों के डीएनए में छिपे होते हैं। कुछ मामलों में, 10% तक माइक्रोबियल

» पेज 2 भी देखें

**विशाल वायरस को कभी-कभी बंद किया जा सकता है**

जीवाणुओं से लेकर मनुष्यों तक, सभी जीवन रूप लगातार विषाणुओं से संक्रमित होते रहते हैं। कुछ लगातार मौजूद होते हैं, लेकिन केवल कभी-कभी लक्षणों को ट्रिगर करते हैं, जैसे मनुष्यों में दाद वायरस। दूसरे और भी गहरे छिप जाते हैं, अपने मेजबान के डीएनए का हिस्सा बन जाते हैं। इस अध्ययन में पाया गया कि पृथ्वी के प्रचुर मात्रा में एककोशिकीय यूकेरियोटिक (जटिल) जीव विषाणुओं से भरे हुए हैं। ये जीव हर जगह पाए जाते हैं, और झीलों और महासागरों में प्रचुर मात्रा में शैवाल, मिट्टी में अमीबा, साथ ही मानव परजीवी भी शामिल हैं। बेलास कहते हैं, रोगाणुओं के जीनोम में इतने सारे वायरस क्यों पाए जाते हैं, यह अभी तक स्पष्ट नहीं है। हमारी सबसे मजबूत परिकल्पना यह है कि वे कोशिका को खतरनाक वायरस से संक्रमण से बचाते हैं। कई यूकेरियोटिक एकल-कोशिका वाले जीव विशाल वायरस से संक्रमित होते हैं, वायरस का एक समूह जो बैक्टीरिया जितना बड़ा हो सकता है। ये संक्रमण मेजबान को मार देते हैं क्योंकि वे विशाल वायरस की नई प्रतियां बनाते हैं। हालांकि, जब एक विरोफेज होस्ट सेल में रहता है, तो यह विरोफेज बनाने के लिए विशाल वायरस को 'रिप्रोग्राम' करता है। नतीजतन, विशाल वायरस को कभी-कभी बंद किया जा सकता है और मेजबान सेल की आबादी को विनाश से बचाया जाता है।

# जंगली जानवरों को गर्मी से बचाने के लिए सफारी अधिकारी सक्रिय

- पार्क में पानी के पास ही जमे हैं बाघ और हाथी

**राष्ट्रीय खबर**

**शिलिगुड़ी:** गर्मी से बेहाल पश्चिम बंगाल में अब बंगाल सफारी पार्क के अधिकारी चौकन्ना हुए हैं। दरअसल इस बार उत्तर और दक्षिण बंगाल दोनों ही इलाकों में अप्रैल के महीने में ही भीषण गर्मी पड़ रही है। ऐसी स्थिति में जंगली जानवरों को भी परेशानी हो रही है। इस स्थिति को भांपते हुए बंगाल सफारी पार्क में अतिरिक्त इंतजाम किये गये हैं। ऐसा इसलिए करना पड़ा है क्योंकि पार्क के जंगली जानवरों को भी भीषण गर्मी से होने वाली परेशानी और उनकी बेचैनी



को देखा गया है। इसलिए सफारी अधिकारियों ने बंगाल सफारी के जंगली जानवरों को गर्मी में ठंडा रखने के लिए विशेष इंतजाम किए। जंगली जानवरों को गर्मी से बचने के लिए ठंडा पानी लगातार उपलब्ध कराया जा रहा है। बंगाल सफारी प्राधिकरण द्वारा कई जानवरों के लिए फलों और बर्फ की सिल्लियों तक का इंतजाम किया गया है। कुछ मामलों में उनके पिजड़े में एयर कूलर की भी व्यवस्था की

» पेज 2 भी देखें

शहर >> अपडेट

## एफडीआर से ग्रामीण सड़क का निर्माण

रांची: अब गामीण सड़क योजनाओं में नई तकनीक फूल डेप्थ रिक्लेमेशन टेक्नोलॉजी एफडीआर का प्रयोग कर सड़क का निर्माण किया जायेगा। झारखंड सरकार ने इस तकनीक से रोड बनाने को एडॉप्ट करने का निर्णय लिया है। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय और एनआआरडीए ने इस तकनीक से सड़क निर्माण को अमल करने के लिए पहले ही गाइडलाइन सभी राज्यों को दिया गया है। मंगलवार को रांची के होटल बीएनआर में एफडीए तकनीक से रोड निर्माण के लिए एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया है, जिसमें पीएमजीएसवाई के लिए काम कर रहे राज्यभर के इंजीनियर शामिल हुए। उन्हें इस तकनीक की बारिकियों को समझाया गया।इस अवसर पर भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के संयुक्त सचिव अमित शुक्ला भी वर्कशॉप में शामिल हुए।

निर्देश: संबंधित विभागों के पास उपलब्ध कार्ययोजना की पूरी जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश

# विकास को लेकर एक्शन प्लान तैयार करने के लिए करेंगे समीक्षा

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 20 अप्रैल (गुरूवार) को इस वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए एक्शन प्लान तैयार करने के लिए अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। सीएम इसी दिन बीते वित्तीय वर्ष 2022-23 के 31 मार्च तक बजटीय प्रावधान के अनुरूप कितनी राशि व्यय की गयी, इसकी भी जानकारी लेंगे। सीएम की समीक्षा को देखते हुए मंत्रिमंडल, सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव को निर्देश देते हुए इस वित्तीय वर्ष में संबंधित विभागों के पास उपलब्ध कार्ययोजना की पूरी जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।सीएम प्रोजेक्ट भवन में दिन के 3 बजे से समीक्षा बैठक करेंगे, जिसमें सभी विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। इधर, योजना एवं विकास विभाग ने भी सभी विभागों से पीपीटी मांगा ताकि इसे सीएम के समक्ष रखा जाये। बता दें कि नए वित्तीय वर्ष का शुरूआती महीना शुरू हो चुका है, ऐसे में पूरे साल भर का एक्शन प्लान तैयार करने पर काम चल रहा है ताकि योजनाओं की स्वीकृति से लेकर क्रियान्वयन आसानी से किया जा सके। पूर्व की योजनाओं को भी पूर्ण करने के लिए समय-सीमा इस बैठक में निर्धारित की जायेगी। सीएम अफसरों को यह टास्क भी देंगे कि आम जनों के लिए बनी योजनाएं समय पर धरातल पर उतरे ताकि उसका लाभ लिया जा सके।

## मुख्यमंत्री ने स्व.जगरनाथ महतो की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो :** झारखंड के मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन जी दिवंगत शिक्षा मंत्री स्व.जगरनाथ महतो के श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने स्व. जगरनाथ महतो की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दिवंगत जगरनाथ महतो की पत्नी और पुत्र से भी मिले। इस अवसर पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर,16वीं लोकसभा सांसद रविंद्र कुमार पांडेय, झारखंड प्रदेश कॉग्रेस के सचिव कुमार गौरव, पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल, चेयरमैन राकेश कुमार सिंह,बेरमो प्रखंड कॉग्रेस कमिटि के अध्यक्ष छेदी नोनिया ,क्षेत्रिये सचिव शिवनंदन चौहान, गणेश निषाद, उत्तम सिंह,परवेज अख्तर ,श्रीकान्त मिश्रा ,झामुमो के जिला अध्यक्ष हीरालाल मांझी,सचिव जयनारायण महतो, आदि मुख्य रूप से शामिल हुए।

## न्यूज फटाफट

### जगरनाथ महतो के श्राद्ध कर्म में मंत्रियों संग शामिल हुए सीएम



रांची: दिवंगत पूर्व मंत्री जगरनाथ महतो के श्राद्ध कर्म में सीएम हेमंत सोरेन और मंत्री मिथिलेश ठाकुर, सत्यानंद भोक्ता, हफीजुल हसन, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर समेत कई विधायक और अन्य गणमान्य भी शामिल हुए। इस दौरान बोकारो स्थित पैतृक गांव अलारगो के सिमराकुल्ही गांव में मंगलवार की दोपहर सीएम वहाँ पहुंचे। परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी। जगरनाथ के निधन को बड़ी क्षति बताते उनके योगदान को भी याद किया। हर परिस्थिति में सरकार और झामुमो का समर्थन देने का आशवासन दिया।

### पेज एक का शेष

### सेबी को पता नहीं .. ..

ऐसी जानकारी को किसी कानून या सार्वजनिक प्राधिकरण के नियमों या विनियमों के तहत बनाए रखने की आवश्यकता नहीं है, अधिनियम उस पर कोई दायित्व नहीं डालता है सार्वजनिक प्राधिकरण, ऐसी गैर-उपलब्ध जानकारी एकत्र करने या मिलान करने और फिर इसे एक आवेदक को प्रस्तुत करने के लिए। दूसरे आरटीआई आवेदन में हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा लगाए गए आरोपों पर सेबी द्वारा की गई किसी भी जांच का विवरण मांगा गया था। इसने यह भी पूछा कि क्या सेबी को अडाणी समूह के खिलाफ स्टॉक प्राइस मैनिपुलेशन, राउंड-ट्रिपिंग, अकाउंटिंग फ्रॉड और मनी लॉन्ड्रिंग के बारे में कोई शिकायत मिली है। इस जानकारी को प्राधिकरण द्वारा यह कहते हुए भी अस्वीकार कर दिया गया था कि वे स्पष्टीकरण या राय मांगने की प्रकृति में थे और इसे सूचना के रूप में नहीं माना जा सकता है। इस मुद्दे पर राहुल गांधी लगातार सवाल भी उठाते जा रहे हैं।

### गुजरात सरकार पर .. ..

कि जो कुछ सरकार के स्तर पर कहा गया है, उन सभी मुद्दों पर यहां विचार अवश्य होगा।

### केसी वेणुगोपाल ने .. ..

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से भी मुलाकात की थी। उन्होंने कहा, समूचा विपक्ष मिलकर नरेंद्र मोदी की तानाशाही से लड़ेगा। हमारे आपसी मतभेद हो सकते हैं। कांग्रेस, शिवसेना और एनसीपी की अपनी विचारधारा है, लेकिन देश बड़े मुद्दों का सामना कर रहा है, जिनका हमने कभी सामना नहीं किया। इसलिए हमने इन सभी मुद्दों पर चर्चा की और हम सभी सहमत हैं कि हम सभी को एक साथ आना होगा और इन लोगों से लड़ना होगा। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि गांधी कुछ समय में मुंबई में उद्धव से मुलाकात करेंगे और शिवसेना प्रमुख भी जल्द ही दिल्ली आएंगे। उसके बाद ठाकरे ने संवाददाताओं से कहा, हम जब दोस्ती निभाते हैं, वो दोस्ती नहीं, रिश्ता होता है। उन्होंने कहा, हमने 25 साल तक भाजपा का समर्थन किया, लेकिन वे वास्तव में कभी नहीं समझ पाए कि कौन दोस्त है और कौन दुश्मन।

### दिल्ली पुलिस से .. ..

नेताओं बृंदा करात और केएम तिवारी द्वारा भाजपा के दो सांसदों के खिलाफ उनके कथित घृणास्पद भाषणों के लिए दायर याचिका को खारिज कर दिया था। उच्च न्यायालय ने निचली अदालत के आदेश में हस्तक्षेप करने से यह कहते हुए इनकार कर दिया था कि कानून के तहत मौजूदा तथ्यों में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए सक्षम प्राधिकारी से मंजूरी लेना जरूरी है। याचिकाकताओं ने आरोप लगाया, 27 जनवरी, 2020 को राष्ट्रीय राजधानी में रिठाला में एक रैली में, श्री ठाकुर ने शाहीन बाग के विरोधी सीएए प्रदर्शनकारियों पर हमला करने के बाद भड़काऊ नारा देश के गद्दारों को गोली मारो लगाने के लिए भीड़ को उकसाया। उन्होंने दावा किया कि श्री वर्मा ने भी 28 जनवरी, 2020 को शाहीन बाग के प्रदर्शनकारियों के खिलाफ एक भड़काऊ भाषण दिया था। सुश्री करात और तिवारी ने अपनी शिकायत में दोनों भाजपा नेताओं के खिलाफ 153-ए (धर्म, जाति, जन्म स्थान, निवास, भाषा आदि के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना) सहित विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की थी।

### मोदी सरकार समाधान .. ..

था कि नगालैंड में सरकार बनते ही बातचीत शुरू होगी और इसका समाधान निकलेगा, लेकिन सरकार बनने के करीब बीस दिन बाद भी केंद्र की तरफ से कोई पहल नहीं दिखी।उन्होंने यह भी कहा कि मोदी सरकार के फ्रेमवर्क समझौते पर समाधान खोजने के लिए एनएससीएन-आईएम उलझन में है। उन्होंने यह भी कहा कि महीनों के इंतजार और पर्दे के पीछे संचार के बाद, नगा शांति वार्ता पर बैठक 13 अप्रैल को आयोजित की गई थी। बैठक की अध्यक्षता सरकार के प्रतिनिधि ए के मिश्रा ने की जिन्होंने सरकार और एनएससीएन-आईएम के बीच चर्चा में मध्यस्थता की।उन्होंने बताया कि एनएससीएन-आईएम फ्रेमवर्क समझौते के आधार पर समाधान खोजने के लिए सहमत नहीं हुआ है। एनएससीएन-आईएम ने बैठक के नतीजों पर भ्रम की स्थिति जताई है। एनएससीएन-आईएम के महासचिव थुइंगलेंग मुइवा के साथ आरएच राइजिंग और वर्स एटेम सहित एनएससीएम-आईएम नेतृत्व के अन्य सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया था।

### एककोशिकीय जीवों .. ..

डीएनए में अंतर्निहित वायरस होते हैं। इंसब्रुक विश्वविद्यालय में पारिस्थितिकी विभाग के डॉ. क्रिस्टोफर बेलास, मैरी-सोफी प्लाकोल्ब और प्रो. रूबेन सोमारुगा ने एक अप्रत्याशित खोज की। रोगाणुओं के जीनोम में निर्मित, उन्होंने 30,000 से अधिक पूर्व अज्ञात वायरस के डीएनए पाए। यह छिपा हुआ डीएनए मेजबान सेल में पूर्ण और कार्यात्मक वायरस की प्रतिकृति की अनुमति दे सकता है।

कुछ मामलों में, माइक्रोब के डीएनए के 10% तक छिपे हुए वायरस होते हैं। ये वायरस अपने मेजबानों को नुकसान नहीं पहुंचाते हैं। इसके विपरीत, कुछ उनकी रक्षा भी कर सकते हैं। ये विषाणु अन्य, हानिकारक विषाणुओं को संक्रमित और नष्ट कर देते हैं जो उनकी मेजबान कोशिका को संक्रमित करते हैं। इस शोध की जानकारी जर्नल प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज (पीएनएएस) में प्रकाशित हुआ था और मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट फॉर मेडिकल रिसर्च और यूनिवर्सिटी ऑफ ग्रोनिंगन के शोधकताओं के सहयोग से किया गया था।

शोधकताओं ने जिस विशाल डेटा सेट की जांच की, उसमें केवल डीएनए अनुक्रम शामिल हैं, यानी एटीजीसी अक्षरों का एक क्रम जिसमें से सभी जीन एन्कोड किए गए हैं। नई ऑक्सफोर्ड नैनोपोर तकनीक का उपयोग करके रोगाणुओं के डीएनए अनुक्रम भी पढ़े गए। अंत में, शोधकताओं ने उन वायरसों की तुलना में बहुत अधिक पाया, जिनकी वे तलाश कर रहे थे। यह अप्रत्याशित खोज इन वायरसों की भूमिका का अध्ययन करने के लिए और अधिक शोध को प्रेरित करेगी।

### जंगली जानवरों को गर्मी .. .. ..

गई है। उत्तर बंगाल वाइल्ड एनिमल पार्क के निदेशक कमल सरकार ने कहा कि जंगली जानवरों के लिए ठंडे फल और बर्फ की सिल्लियां उपलब्ध कराई जाती हैं। एयर कूलर भी उपलब्ध कराए जाते हैं। पर्याप्त पानी भी उपलब्ध कराया जाता है। बंगाल सफारी के हिमालयन ब्लैक बियर हमेशा की तरह बर्फ में हैं। ठंडे फल शाकाहारी जानवरों को दिए जा रहे हैं। इसके अलावा, तेंदुए, हिरण सहित अन्य जानवरों के लिए आश्रय प्रदान किए गए हैं। बंगाल सफारी के एक पशु चिकित्सक वन्यजीवों पर नियमित नजर रखते हैं। अब पानी वाले इलाकों में हाथी और बाघ अधिकांश समय व्यतीत कर रहे हैं।

## झारखंड राजद प्रभारी जयप्रकाश नारायण आज को रांची आयेंगे



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** राष्ट्रीय जनता दल के झारखंड प्रभारी व पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश नारायण बुधवार को रांची पहुंचेंगे। गुरुवार को पलामू के विश्रामपुर में डॉ भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। राजद के महासचिव सह प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने कहा कि जयप्रकाश नारायण 19 अप्रैल को दोपहर 12 बजे बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वहां से मोरहाबादी स्थित राजकीय अतिथिशाला जायेंगे। विश्राम के बाद दिन के तीन बजे पलामू के लिए रवाना होंगे। रात्रि विश्राम डालटनगंज सर्किट हाउस में करेंगे।20 अप्रैल को विश्रामपुर में पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत डॉ भीमराव आंबेडकर की आदमकद प्रतिमा का अनावरण जयप्रकाश नारायण के द्वारा किया जाएगा। वे सभा को भी संबोधित करेंगे। प्रभारी के साथ पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव, प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव, पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, पूर्व सांसद घूरन राम, युवा राजद के अध्यक्ष रंजन कुमार और डॉ मनोज कुमार समेत प्रदेश एवं जिला स्तर के कार्यकर्ता कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

हेमंत सरकार ने लिया फैसला

# ईद को लेकर सरकारी कर्मियों को मिलेगा एडवांस वेतन



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड सरकार ने ईद को लेकर राज्य सरकार के कर्मियों का वेतन इस महीने 20 तारीख तक भुगतान करने का फैसला किया है। सरकार के इस निर्णय के अनुरूप सचिवालय में काम करनेवाले पदाधिकारियों और कर्मचारियों को अप्रैल महीने का वेतन 10 दिन पहले ही मिल जाएगा। झारखंड सचिवालय कर्मी एसोसिएशन ने इस संबंध में सरकार को चिट्ठी भेज कर पिछले दिनों ईद को लेकर पहले वेतन भुगतान कराने का आग्रह किया था। सरकार ने होली और क्रिसमस के अवसर पर भी पर्व से पहले वेतन भुगतान कराया था। वहीं झारखंड कर्मचारी अराजपत्रित महासंघ के महामंत्री मृत्युंजय कुमार झा ने सरकार के इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि इससे कर्मचारियों को ईद मनाने में कोई कठिनाई नहीं होगी। ईद-उल-फितर मुस्लिम धर्मावलंबियों का सबसे पड़ा पर्व है। यह पर्व रमजान के खत्म होने के बाद मनाया जाता है। बताया जाता है कि ईद इस वर्ष 21 या 22 अप्रैल को मनाई जाएगी। चूंकि चांद देखने के बाद दूसरे दिन ईद होती है। अगर चांद नहीं नजर आया तो रमजान एक और दिन के लिए बढ़ जाता है। इस वजह से यह संभावना जताई जा रही है कि 21 या 22 को ईद मनाई जाएगी।बताते चलें कि राजधानी रांची सहित पूरे झारखंड में ईद धूमधाम से मनाई जाती है। इसकी तैयारी कई दिन पहले से शुरू हो जाती है। इसमें घरों की साफ-सफाई के साथ ईद को सेलिब्रेट करने के लिए लोग नए कपड़े, टोप और इत्र की खरीदारी करते हैं।करीब एक महीने तक उपवास के बाद ईद उल फितर खास तरह से मनाई जाती है। इस दिन लोग गरीबों को जकात भी देते हैं और मिठाइयां भी बांटते हैं। घरों में बिरयानी, निहारी, कबाब, सेवईयां सहित कई तरह के व्यंजन बनाए जाते हैं। इस अवसर पर बच्चों को बड़ों से मिलने वाला उपहार यानी ईदी को लेकर बच्चे काफी उत्साहित रहते हैं। बहरहाल, ईद जैसे-जैसे नजदीक आती जा रही है, वैसे-वैसे लोगों का उत्साह चरम पर पहुंचने लगा है। खुशी के इस पल को मनाने के लिए राज्य सरकार ने भी वेतन समय से पहले देने का फैसला कर इनके उत्साह को और बढ़ाने का काम किया है।

कोल्हान में नक्सलियों ने ग्रामीणों को किया आगाह

# जंगली इलाके में न करें प्रवेश, बम बिछा है, कहा-पुलिस का अभियान बंद होते ही हटाएंगे

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** कोल्हान इलाके में नक्सलियों ने ग्रामीणों से अपील की है कि वह जंगल में प्रवेश नहीं करें। पूरे इलाके में आईईडी बम बिछाए गए हैं। घर से निकलने पर बम की चपेट में आने से उनकी जान जा सकती है। इसको लेकर दक्षिणी जोनल कमेटी भाकपा (माओवादी) ने प्रेस विज्ञप्ति भी जारी किया है। इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से 10 बिदुओं पर इलाके के लोगों से अपील की गई है। हालांकि नक्सली इससे पूर्व भी इस तरह की अपील की थी।जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार कोल्हान में पुलिसिया दमन अभियान अविराम रूप से अभी भी जारी है। इसलिए जंगल-पहाड़ों और रास्ता घाट में पुलिस को लक्षित करने के उदेश्य से लगाये गये बारूदी सुरंग, बुबी ट्रैप माइन तथा स्पाइक होल ज्यों के त्यों वैसा ही पड़ा हुआ है। जब अपना यह दमन अभियान को बन्द करेंगे तब ही हम भी उक्त तमाम युद्ध सामग्री को उठा लेंगे। आपलोग पहले जैसा सावधानी बरतते आये हैं वैसा ही सावधानी बरतते रहें, इस मामले में अनदेखी व लापरवाही बिल्कुल ही नहीं करें। किसी भी अनहोनी को अनदेखी तथा पुलिस के बहकावे या दबाव में आकर गांव से दूर जंगल-पहाड़ में बिल्कुल ही नहीं घुसें और इस पुलिसिया दमन-अभियान बन्द होने तक मवेशियों को भी पहले से निर्धारित इलाके में ही चराते रहें। आप यह गलत फहमी में नहीं रहें कि जंगल जल गई है या बहुत दिन बीत गया है अब यहां, इधर कुछ नहीं है सोचकर लापरवही में अपना मूल्यवान प्राण न गंवाएं। क्योंकि बारूदी सुरंग सहित तमाम उपकरण जमीन के नीचे है वह खुलेआम नहीं दिखता है और आग या पानी से भी बिल्कुल ही नुकसान नहीं होता है।

## सरकार छात्रों और युवाओं से संवाद करें : विनोद

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** मुख्यमंत्री आवास का घेराव कर रहे आंदोलनकारी छात्रों पर लाठीचार्ज को किसी भी तरह से जायज नहीं ठहराया जा सकता है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को आंदोलनकारी छात्रों से बातचीत का रास्ता अपनाना चाहिए। ये बातें भाकपा माले नेता विनोद सिंह ने बयान जारी कर कहा है।सिंह ने कहा कि सभी इस बात से अवगत हैं कि भाजपा की ओर से आधारित स्थानीयता और आरक्षण के मामले में विश्वासघात से झारखंडी छात्र-युवाओं के हितों को गहरा धक्का लगा है। बिहार में स्थानीयता आधारित नियोजन को देखते हुए हेमंत सरकार को झारखंड राज्य के अंदर ही इसका हल निकालने के लिए फिर से नयी नीति की ओर बिना देर किए बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि झारखंड विधानसभा से पारित 1932 खतियान नीति और आरक्षण को झारखंड विधानसभा ने पारित कर केंद्र से अनुकूल कार्रवाई का आग्रह किया था। लेकिन भाजपा ने दोहरी चाल के जरिए झारखंडियों के साथ धोखाधड़ी की। एक ओर भाजपा ने इसे न्यायिक विवाद में फंसा दिया। दूसरी ओर गृहमंत्री अमित शाह के जरिए खुल्लमखुल्ला दबाव डलवाकर कर राजभवन से पारित आरक्षण नीति को वापस करवा दिया। उन्होंने सरकार से अनुरोध करते हुए कहा कि स्थानीयता आधारित नियोजन और आरक्षण के पक्ष में खड़ा होकर छात्र-युवाओं के साथ संवाद शुरू करने के साथ-साथ केंद्र पर दबाव डालने के लिए संयुक्त कार्यक्रम की ओर बढ़ा जाये।

मनरेगा > मनरेगा के तहत ली गई नई योजनाओं का बेहतर रिजल्ट

# 2223 करोड़ रुपये विगत वित्तीय वर्ष में मनरेगा मजदूरों को किया गया भुगतान, मानव दिवस सृजन बढ़ायें: चंद्रशेखर

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड में बीते वित्तीय वर्ष 2022-23 में मनरेगा से मजदूरी भुगतान के लिए 2223.82 करोड़ रुपये राशि का भुगतान किया गया है। वहीं, सामग्री एवं प्रशासनिक मद में 715.33 करोड़ रुपये खर्च किए गये। ग्रामीण विकास सचिव चंद्रशेखर ने मनरेगा योजना की समीक्षा की जिसमें ये बातें सामने आयी। विगत वित्तीय वर्ष में 900 लाख मानव दिवस सृजित करने का लक्ष्य निर्धारित था। जिसके विरूद्ध राज्य ने 915.42 लाख मानव दिवस सृजित किया। वहीं, मनरेगा के तहत सृजित किए गए मानव दिवस में 47.53 प्रतिश महिलाओं की भागीदारी रही है।इसके अलावा राज्य सरकार द्वारा संचालित बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना के तहत 47855 आवास निर्माण का लक्ष्य है। इनमें से 39836 आवास का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है जो कि लक्ष्य का 83 प्रतिशत है। योजनाओं की समीक्षा करते हुए विभागीय सचिव चंद्रशेखर ने कहा कि मनरेगा एक बहुआयामी योजना है, जिसके अंतर्गत रोजगार, आवास,



पेयजल, महिला सशक्तिकरण, सिंचाई, सड़क, पौधरोपण इत्यादि से संबंधित कई योजनाओं का संचालन हो रहा है।उन्होंने कहा कि मनरेगा कई योजनाओं का समेकित स्वरूप है। इस योजना से ग्रामीण इलाके की एक बड़ी आबादी को फायदा पहुंचाया जा सकता है। ऐसे में मनरेगा से जुड़ी योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर और योजनाबद्ध तरीके से होना चाहिए। उन्होंने मानव दिवस सृजित करने पर ज्यादा फोकस करने को कहा ताकि ग्रामीण इलाके में ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार मिल सके। सचिव ने बिरसा हरित ग्राम योजना के लिए जिलास्तर पर नर्सरी बनाई जाएगी। बैठक में संयुक्त सचिव शैल प्रभा कुजुर, संयुक्त सचिव अरुण कुमार सिंह, संयुक्त सचिव जितेंद्र कुमार देव , संयुक्त सचिव अजय कुमार सिंह,अवर सचिव अरुण कुमार सिन्हा समेत विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।सचिव को विभाग के अधिकारी की ओर से बताया गया कि मनरेगा के तहत वर्ष 2022-23 में ली गई नीलांबर पीताबंर जल समृद्धि योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, वीर शहीद हो खेल विकास योजना और दीदी बाड़ी योजना का बेहतर रिजल्ट रहा है। नीलांबर-पीतांबर जल समृद्धि योजना के तहत एक लाख हेक्टेयर लक्ष्य रखा गया था, जबकि उपलब्धि 1.94 लाख हेक्टेयर में योजना का क्रियान्वयन हुआ। वहीं, बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत 20 हजार एकड़ की तुलना में 26 हजार एकड़, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना के तरह एक हजार मैदान विकसित करने का लक्ष्य था, जबकि 1881 खेल मैदान बनाए जा चुके हैं। वहीं दीदी बाड़ी योजना के तहत पांच लाख पोषण वाटिका बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

**शहर >> अपडेट**

## फिर छूरा मार एक युवक को बुरी तरह घायल किया

**बेतिया :** पश्चिम चम्पारण जिला मुख्यालय बेतिया में इन दिनों लगातार हिंसक घटनाओं में वृद्धि देखी जा रही है। उसी क्रम में चाकू की घटना सामने आई है। राहुल कुमार पिता विनोद साह, सनसरैया का रहने वाला है। वह हीरो एजेंसी मनसा टोला में कर्मचारी है, ड्यूटी कर घर लौटने के क्रम में दुगार्बाग और एमजेके कॉलेज के बीच अज्ञात लोगों ने रोककर अचानक छूरा प्रहार कर राहुल को बुरी तरह घायल कर दिया। उसे लोगों ने उठाकर इलाज के लिए राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सा के क्रम में राहुल ने बताया कि उसकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है। वह काम करके घर लौटने क्रम में हमलावरों ने उसपर हमला कर दिया गया।

# लू से पीड़ित मरीजों के लिए एएनएमसीएच में 100 बेड तैयार

## डीएम ने अस्पताल का किया निरीक्षण, वातानुकूलित वार्ड में होगा मरीजों का इलाज

राष्ट्रीय खबर



**गया :** अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल अस्पताल में बनाए गए डेडीकेटेड हिट स्ट्रोक वार्ड का जायजा जिला पदाधिकारी डॉ त्यागराजन एसएम द्वारा किया गया। यहां कुल 50 बेड को फंक्शनल कराया गया है, ताकि हीटवेव से संबंधित कोई भी मरीज आने पर उन्हें क्विक इलाज मुहैया हो सके।

हीट स्टॉक वार्ड में कुल 100 बेड उपलब्ध है। यहां कुल 75 एयर कंडीशन लगाए गए हैं। इस पूरे वार्ड को वातानुकूलित रखा गया है ताकि क्रिटिकल कंडीशन में हीटवेव से पीड़ित मरीज को पूरी अच्छे तरीके से उपचार किया जा सके। जिला पदाधिकारी ने हीट वेब से पीड़ित मरीजों को कैसे उपचार किया जाता है मरीज को पहले कहां लाया जाएगा तथा क्या-क्या एस ओ पी पालन कराया जाएगा इसका पूरी जानकारी लिया। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने साफ सुथरा में कमी देखते हुए और बेहतर बनाने का निर्देश दिए। टॉयलेट की नियमित सफाई करवाने का निर्देश आउटसोर्सिंग एजेंसी को दिया। उन्होंने वार्ड में लगाए गए वाटर कूलर पेयजल व्यवस्था को देखते हुए उन्हें पर्याप्त ग्लास एवं निर्बाध बिजली रखने का निर्देश दिए ताकि ठंडा पानी मिल सके। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी बेड पर स्लाइन स्टैंड अनिवार्य रूप से रखें ताकि जरूरत पड़ने पर उन्हें स्लाइन वाटर चढ़ाने में दिक्कत ना हो। उन्होंने निर्देश दिया कि डीप फ्रीजर तथा पर्याप्त आइस पैक इसी वार्ड में रखें। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दवा की उपलब्धता की जांच की कौन-कौन सी दवाएं उपलब्ध है इन सभी को देखा तथा एक्सपायरी डेट की भी जांच की।

उन्होंने निर्देश दिया कि गर्मी के पीक सीजन अर्थात हीटवेव के दौरान लगाए गए एयर कंडीशन को पूरी मेंटेनेंस रखने हेतु अस्पताल प्रबंधन द्वारा भी एक टीम सेपरेट रखें ताकि एयर कंडीशन खराब होने पर उसे तुरंत मरम्मत कराया जा सके। उन्होंने निर्देश दिया कि रोस्टर बनाते हुए डॉक्टर जीएनएम तथा एएनएम की प्रतिनियुक्ति रखें साथ ही जो डॉक्टर तथा एएनएम इमरजेंसी ड्यूटी में लगाए जाएंगे उन्हें अच्छी तरीके से एस ओ पी के अनुसार ब्रीफिंग अगले 2 दिनों के अंदर करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी संबंधित चिकित्सकों को नामित करते हुए उनका लिस्ट तैयार करें। ऑक्सीजन फ्लो मीटर नियमित रूप से जांच करते रहें।

उन्होंने निर्देश दिया कि रोगी कल्याण समिति के माध्यम से अस्पताल परिसर के विभिन्न बिंदुओं पर शुद्ध शीतल पेयजल हेतु मटका लगवाना सुनिश्चित करें तथा खराब पड़े आर ओ वाटर को मरम्मत करवाएं।

## आगलगी में चार घर जलकर हुई राख, लाखो की संपत्ति हुआं धुआं

राष्ट्रीय खबर



**सुगौली, पू च :** थाना क्षेत्र के भटहा पंचायत में लगी आग में चार लोगों के घर जल गए। सोमवार को अपराह्न हुई अगलगी में दो लाख से अधिक नगदी और सामान सहित पांच लाख रुपये से अधिक की क्षति बताई गई है।पंचायत के पंचायत समिति सदस्य सह उप प्रमुख पति शंभू साह ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भटहा पंचायत के वार्ड संख्या 11 में आग लग गई। जिसमें चार लोगों का घर जला बताया गया।बताया गया कि आगलगी में प्रमोद यादव,लाल बाबू यादव,उमेश यादव और संतोष यादव का घर जला है।इन लोगों ने अपने घरों में नगदी रुपए रखे थे जो दो लाख से ऊपर थे वह भी जल गए।घर के कपड़े,गहनें,बिछावन,बर्तन अनाज सहित अन्य कीमती सामान भी जल गए।शंभू साह ने बताया कि इसकी सूचना अंचलाधिकारी धर्मेंद्र प्रसाद गुप्ता को दी गई। सूचना पर सुगौली और हरसिद्धि थाना के दमकल कर्मी अपनी गाड़ी लेकर अगलगी स्थल पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। फायर ब्रिगेड पहुंचने के पहले बहुत सारी क्षति हो चुकी थी। आग ने घर, नगदी और सामानों को अपनी चपेट में ले लिया था और सब कुछ नुकसान हो चुका था।इसको लेकर अंचलाधिकारी धर्मेंद्र प्रसाद गुप्ता ने बताया कि अंचल कर्मी को भेजा गया है।रिपोर्ट मिलने के बाद आपदा प्रबंधन विभाग से मिलने वाली सहायता अग्नि पीड़ितों के बीच उपलब्ध करायी जाएगी।

## सिविल सेवा के विद्यार्थियों के लिए हुआ पूर्व डीजीपी अभयानंद का ओरिएंटेशन कार्यक्रम

राष्ट्रीय खबर



**पटना :** सिविल सेवा के विद्यार्थियों के लिए अचीवर्स आईएएस एकेडमी में पूर्व डीजीपी एवं शिक्षाविद श्री अभयानंद जी का ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन पटना में किया गया। इसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों द्वारा वैकल्पिक विषय के चयन, टाइम मैनेजमेंट, इफेक्टिव रिवीजन और तैयारी के दौरान पॉजिटिव ऊर्जा को बनाए रखने जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान परीक्षा से संबंधित सभी शंकाओं का समाधान श्री अभयानंद द्वारा किया गया।

मौके पर शिक्षाविद श्री संजय उपाध्याय ने श्री अभयानंद द्वारा लिखित पुस्तक ₹अनबाउंडेड : माई एक्सपेरिमेंट विथ लॉ, फिजिक्स, पुलिसिंग एंड सुपर 30₹ की सिविल सेवा परीक्षा के चतुर्थ पेपर में काफी उपयोगिता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि इस पुस्तक से वर्ष 2014 से 2022 लगातार प्रश्न पूछे गए।

पत्रकार -सह- समाजसेवी श्री अनिल द्विवेदी ने प्रतिष्ठित अचीवर्स आईएएस एकेडमी के बारे में भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा की यह संस्था प्रचार के स्थान पर पढ़ाई की गुणवत्ता पर जोर देती है, जिसके कारण यहां का परिणाम प्रतिशत सर्वोच्च है। कार्यक्रम के अंत मे धन्यवाद ज्ञापन श्री असीम श्रीवास्तव ने किया। मौके पर एके-डमी के मधु, प्रीतेश एवम अनिल भी उपस्थित रहे।

## जमालपुर में रेलवे कारखाना संघर्ष मोर्चा की हुई बैठक

▶▶ मॉडल स्टेशन पर बन रहे तीसरे ओवर ब्रिज को पूर्वी क्षेत्र से जोडे अन्यथा मोर्चा रोकेगी काम - पप्पू

राष्ट्रीय खबर



**मुंगेर :** जमालपुर रेल कारखाना सहित रेल के अन्य इकाइयों के विकास के लिए संघर्षरत जमालपुर रेलवे कारखाना संघर्ष मोर्चा में शामिल विभिन्न राजनीतिक सामाजिक संगठनों के नेताओं की एक अति आवश्यक बैठक जुबली बेल स्थित मोर्चा के सह संयोजक कन्हैया सिंह के आवास पर वीजेडीडी के जिला अध्यक्ष रवि कांत झा की अध्यक्षता में आयोजित की गई ।बैठक में नए वित्तीय वर्ष मे 7200 वैगन, 5 डीजल लोको, 9 टावर कार एवं 2 इलेक्ट्रिक लोको को नेताओं ने जहाँ आकड़ों की बाजीगरी बताया। वहीं जमालपुर मॉडल स्टेशन पर निमार्णाधीन तीसरे ओवरब्रिज को पूर्वी क्षेत्र से अतिशीघ्र जोड़ने की मांग की।

बैठक को संबोधित करते हुए रविकान्त झा ने कहा कि कहा कि जहां संघर्ष मोर्चा जमालपुर रेल कारखाना और क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर संघर्षरत है ।वही कुछ संगठन कमाए बैल हाफे कुत्ता वाली कहावत को चरितार्थ अपनी डफली अपना राग अलाप रहा है। मोर्चा ऐसे मौकापरस्तो को करारा जवाब देगी।

वही संयोजक सह सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने कहा कि कारखाना को मिला कार्यभार महज आंकड़ों की बाजीगरी है ।संघर्ष मोर्चा का उद्देश्य अस्थाई कार्यभार एवं रेल के अन्य ईकाई का विकास है। जिसे किसी भी कीमत पर हासिल करना ही मोर्चा का लक्ष्य है ।वही संयोजक ने मॉडल स्टेशन पर निमार्णाधीन तीसरे ओवर ब्रिज को पूर्वी क्षेत्र ईस्ट कॉलोनी से जोड़ने की मांग करते हुए कहा कि पूर्व रेलवे के जीएम एवं डीआरएम इस मामले पर अविलंब संज्ञान ले अन्यथा मोर्चा किसी भी कीमत यह काम नहीं होने देगी। मोर्चा के सह संयोजक जदयू के वरिष्ठ नेता कन्हैया सिंह ने कहा कि कारखाना को पूर्व मध्य रेलवे में शामिल रेलवे विश्वविद्यालय,इलेक्ट्रिक शेड, मंडल कार्यालय, बाईलेग पर स्टेशन, पूर्व रेलवे अस्पताल का आधुनिकीकरण मोर्चा के प्रमुख मांगों में समाहित है। रेलवे बोर्ड इस पर संज्ञान लें अन्यथा आंदोलन खेलने के लिए तैयार रहे ।जाप के जिला अध्यक्ष पप्पी कुमार पप्पू यादव एवं मोर्चा के प्रवक्ता सह लोजपा के जिला महासचिव कृष्णानन्द राऊत ने कहा कि यहां के अधिकारी पदस्थापित विजिलेंस आरपीएफ एवं अधिकारियों के दलाल हमारी लड़ाई को कमजोर करने का षड्यंत्र कर रही है। पुनः जमालपुर कारखाना के अधिकारी एक्ट अप्रेंटिस कर्मियों के जॉइनिंग के नाम पर मोटी रकम वसूलने में मशगूल है। मोर्चा इसका करारा जवाब देगी।

बैठक के अन्त में सर्वसम्मति से मोर्चा कि पाँच सदस्य टीम मई में रेलवे मंत्री रेलवे बोर्ड के चेयरमैन एंव पूर्व रेलवे के जीएम से मिल अपने मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपेंगी ।

बैठक में मनोज क्रांति ,डॉ सुधीर गुप्ता ,दिनेश शाह, सत्यजीत पासवान, संजय कुमार राउत,चंदन मंडल, पंकज गुप्ता, सुरेंद्र कुमार साहू सहित अन्य थे।

# शहरी यातायात प्रबंधन व्यवस्था की समीक्षा बैठक

राष्ट्रीय खबर



**मुंगेर :** शहरी क्षेत्रांतर्गत यातायात प्रबंधन व्यवस्था की समीक्षा को लेकर आज जिलाधिकारी नवीन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय वेश्म में बैठक आयोजित हुई, जिसमें पुलिस अधीक्षक जगुनाथ जलारेड्डी, नगर आयुक्त निखिल धनराज निपण्णीकर, अनुमंडल पदाधिकारी सदर मुंगेर, अनुमंडल पदाधिकारी हवेली खड़गपुर एवं तारापुर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर मुंगेर, जिला परिवहन पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, यातायात थाना प्रभारी, कार्यपालक अभियंता आरसीडी, पथ निर्माण विभाग, एनएच, एमवीआई सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

नगर निगम, मुंगेर एवं नगर परिषद जमालपुर क्षेत्र सहित यातायात के दृष्टिकोण से प्रमुख सड़कों पर अतिक्रमण के कारण हो रहे समस्या के मद्देनजर जिलाधिकारी ने बैठक में अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। मुंगेर सफियासराय जमालपुर पथ में अतिक्रमण हटाने के संबंध में सदर अनुमंडल पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद जमालपुर, अंचलाधिकारी जमालपुर को कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। वहीं जमालपुर में जुबलीवेल, सदर बाजार क्षेत्र में भी अतिक्रमण हटाने हेतु कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने यातायात प्रबंधन के दृष्टिकोण से प्रमुख सड़कों के चैड़ीकरण पर बल देते हुए बताया कि नगर निगम क्षेत्र में तीन सड़कों का चैड़ीकरण का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया है, जिसमें खानकाह रोड से मनसरी तल्ले, कासिम बाजार से एनएच जमालपुर तक एवं नगर निगम क्षेत्र से काली ताजिया पथ का शीघ्र चैड़ीकरण का कार्य आरंभ किया जाएगा। इसके अतिरिक्त दो अन्य पथों का चैड़ीकरण का प्रस्ताव है, जिसमें कोणार्क रोड से अंबे चैक, शाहजुबेर रोड से मुंगेर स्टेशन होते हुए आगे रिफ्यूजी कॉलोनी तक शामिल है। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी प्रमुख सड़कों का चैड़ीकरण का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है, वहीं जमालपुर नगर परिषद क्षेत्र में बोर्ड से पारित जुबली वेल से धरहरा, जुबली वेल से सदर बाजार एवं इससे लगे लिंक रोड में छठे वित्त आयोग के अनटाइड निधि से उक्त सड़कों के चैड़ीकरण एवं मरम्मतीकरण का कार्य शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया गया।

नगर निगम क्षेत्र मुंगेर एवं नगर परिषद क्षेत्र जमालपुर में वाहनों के प्रवेश के संदर्भ में वन वे करने के निमित्त जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिन सड़कों में वन वे किया जाना है, संबंधित सड़कों के दुकानदार, चैबंर ऑफ कॉमर्स, नगर निगम, नगर परिषद, थाना से विचार विमर्श के उपरांत प्रस्ताव अगली बैठक में देंगे। मुंगेर नगर निगम क्षेत्र में बस स्टैंड निर्माण हेतु शहर से अलग हटकर भूमि चिन्हित करने का निर्देश नगर आयुक्त को दिया गया। नगर निगम क्षेत्र में पार्किंग की व्यवस्था हेतु स्थल चिन्हित कर नगर निगम बोर्ड से प्रस्ताव पारित कराने का निर्देश दिया गया। फल मंडी में अवस्थित गोदामों के कारण यातायात की समस्या को देखते हुए गोदाम को अन्यत्र स्थानांतरण के संदर्भ में नगर निगम को निर्देश दिए गए। नगर क्षेत्र में मालवाहक एवं बड़े वाहनों का प्रवेश प्रातः 8 बजे से 9 बजे रात्रि तक निषेध रहेगा। इस अवधि में पिकअप एवं अन्य मालवाहक नगर में प्रवेश नहीं करेंगे, अन्यथा उन पर जुमार्ने की राशि अधिरोपित किए जाएंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि मुंगेर में सफियाबाद एनएच फ्लाइओवर निर्माण हेतु टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है, वहीं पांच नंबर गुमटी पर भी फ्लाई ओवर बनाए जाने का प्रस्ताव है। एनएच, बरियारपुर स्ट्रेच में बने गड्ढे एवं मरम्मती यथाशीघ्र कराने हेतु कार्यपालक अभियंता एनएच को यथाशीघ्र कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। कई जगह बिजली के खंभों के कारण हो रहे समस्याओं को देखते हुए कार्यपालक अभियंता विद्युत को तत्काल उसे हटाने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने खड़गपुर एवं तारापुर अनुमंडल पदाधिकारी से नगर क्षेत्र में यातायात की समस्या के संबंध में जानकारी ली। खड़गपुर में नंदलाल बसु चैक पर यातायात की समस्या एवं संकिर्णता को देखते हुए अनुमंडल पदाधिकारी खड़गपुर को नापी कराकर अतिक्रमण पाए जाने पर हटाने का निर्देश दिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी खड़गपुर द्वारा बताया गया कि वहां जिला परिषद की जमीन है, जिस पर पेड वेंडिंग जोन के निर्माण कराया जा सकता है। इस संबंध में उन्हें जिला परिषद को प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया गया।

## भीषण गर्मी एवं लू से बचाव हेतु तैयारी की समीक्षा बैठक



कुणाल भगत

**मुंगेर :** भीषण गर्मी एवं लू से बचाव हेतु तैयारी की समीक्षा बैठक मंगलवार को जिलाधिकारी नवीन कुमार अध्यक्षता में हुई। बैठक में लू से बचाव हेतु जीवन रक्षक दवाओं, ओआरएस की आपूर्ति सहित पेयजल की समस्याओं से संबंधित बिन्दुओं पर चर्चा हुई। बैठक में अपर समाहर्ता अमरेन्द्र शाही, उप विकास आयुक्त संजय कुमार, नगर आयुक्त निखिल धनराज निपण्णीकर, सिविल सर्जन डा. पीएम सहाय, सदर, तारापुर एवं खड़गपुर अनुमंडल पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने भीषण गर्मी एवं लू से बचाव एवं उसके रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल सहित जिले भर के प्राथमिक स्वास्थ्य व उपस्वास्थ्य केंद्रों के अलावे सभी प्राथमिक विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में ओआरएस के पैकेट के वितरण का निर्देश दिया। इसके अलावे दलित एवं महादलित टोलों में भी विकास मित्रों के माध्यम से ओआरएस के पैकेट के वितरण की बात कही। उन्होंने कहा कि जिला सहित सभी स्वास्थ्य केंद्रों में एसी आइसोलेशन वार्ड समुचित रूप से कार्यरत रहे, ताकि लू से ग्रसित मरीजों का इलाज उस वातानुकूलित कक्ष में आराम से हो सके तथा उन्हें भी राहत महसूस हो। इसके अलावे लू से बचाव की जानकारी हेतु सोशल मीडिया एवं अखबार के माध्यम से भी प्रचार प्रसार करने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि पिछले दस वर्षों में सबसे ज्यादा गर्मी इस वर्ष होने की संभावना जतायी गयी है, जिसके फलस्वरूप आमजन और बच्चों को प्रोटेक्ट करने का निर्देश सरकार से प्राप्त है। उसी के मद्देनजर जिला प्रशासन भी अलर्ट मोड में रह कर आमजनों एवं बच्चों को प्रोटेक्शन संबंधित जानकारी उपलब्ध कराएगी।

जिलाधिकारी ने कहा वर्तमान में एक लाख 18 हजार ओआरएस के पैकेट उपलब्ध हैं जिसका वितरण स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी जगहों पर कराया जाना है। बच्चों को विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में ओआरएस पिलाने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने आमजनों से अपील करते हुए कहा कि वे इस भीषण गर्मी में घर से निकलने से पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन कर ही निकले, साथ ही अपने साथ गमछा, छाता साथ लेकर निकले।यदि किसी प्रकार की कोई परेशानी, बेचैनी या तबियत खराब हो तो तुरंत अपने परिजनों अथवा एंबुलेंस को कॉल करें। जिलाधिकारी ने सिविल सर्जन से चलंत चिकित्सा दल को भी मुख्य सड़कों पर चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी पदाधिकारियों सहित आम जनों से अपने घरों के बाहर पशुओं एवं पक्षियों के पेयजल हेतु व्यवस्था करने की अपील की। इसके लिए अपने घर के बाहर एक बर्तन में प्रति दिन पानी रखने का अनुरोध किया। साथ ही जहां पक्षी अधिक हैं वहां जल की विशेष व्यवस्था करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि इस भीषण गर्मी में पेयजल भी एक बहुत बड़ी समस्या बन सामने आ सकती है। इस समस्या के पूर्व ही जिले भर के सभी खराब पड़े चापानलों, प्याउं को दुरूस्त कराने का निर्देश संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि कई प्रखंडों एवं पंचायतों से अभी से ही प्रायः पेयजल समस्या से संबंधित सूचना दूरभाष पर दी जा रही है, इसे गंभीरता से लेते हुए संबंधित प्रखंडों एवं पंचायतों में पेयजल समस्या को दूर करें। खड़गपुर के शहरी क्षेत्रों में कुछ वार्डों एवं पंचायतों में पेयजल की समुचित व्यवस्था की शिकायत पर नाराजगी व्यक्त की तथा इसे शीघ्र दुरूस्त करने का निर्देश दिया।

# प्रखंडवार शिविर का हुआ शुरूआत

## 0 से 18 वर्ष वाले दिव्यांग बच्चों की दिव्यांगता जांच एवं विभिन्न सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु लगाया जा रहा शिविर

राष्ट्रीय खबर




**मुजफ्फरपुर :** जिला स्तर पर चिन्हित 0 से 18 आयुवर्ग के दिव्यांग बच्चों की दिव्यांगता की जाँच-सह-मूल्यांकन, दिव्यांगता प्रमाणीकरण एवं विभिन्न विभागों के द्वारा प्रदत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में दिनांक 11.04.2023 को जिला अनुश्रवण समिति की बैठक का आयोजन किया गया था। जिसमें प्रखंडवार शिविर लगाने का निदेश दिया गया।

औराई प्रखंड में 18.04.2023 को प्रखंड संसाधन केन्द्र बीआरसी, प्रखंड परिसर में शिविर का आयोजन किया गया, कटरा प्रखंड में 19.04.2023 को प्रखंड संसाधन केन्द्र बीआरसी, प्रखंड परिसर में आयोजन किया जायेगा एवं 20.04.2023 को उ0 माध्यमिक विद्यालय विष्णुपुर, पहसौल के नजदीक में शिविर का आयोजन किया गया है, गायघाट प्रखंड में 21.04.2023 को प्रखंड संसाधन केन्द्र नया भवन, प्रखंड परिसर में एवं 24.04.2023 को उ0 माध्यमिक विद्यालय हसना, भूसरा चैक के नजदीक में शिविर का आयोजन किया गया है, बोचहां प्रखंड में 25.04.2023 को प्रखंड संसाधन केन्द्र बीआरसी, पारसनाथ उच्च वि0 परिसर में शिविर का आयोजन किया गया है, बंदरा प्रखंड में 26.04.2023 को प्रखंड संसाधन केन्द्र नया भवन में शिविर का आयोजन किया गया है, मुरौल प्रखंड में 27.04.2023 को प्रखंड संसाधन केन्द्र बीआरसी, ढोली कॉलेज के नजदीक एवं जगहीपुर के नजदीक शिविर का आयोजन किया गया है, सकरा प्रखंड में 02.05.2023 को प्रखंड संसाधन केन्द्र बीआरसी प्रखंड परिसर में एवं 03.05.2023 को उ0 माध्यमिक विद्यालय नवलपुर मिश्रौलिया सिहो चैक के नजदीक में शिविर का आयोजन किया गया है, मुशहरी प्रखंड में 4.05.2023 को मध्य विद्यालय रोहुआ, मुशहरी प्रखंड रोड/पूसा रोड में एवं 06.05.2023 को मध्य विद्यालय पताही बालक, शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के नजदीक , रेवा रोड में शिविर का आयोजन किया जायेगा, कुढ़नी प्रखंड में 08.05.2023 को प्रखंड संसाधन केन्द्र बीआरसी में एवं 09.05.2023 को मध्य विद्यालय सीतारामपुर, काजी इंडा चैक, महुआ रोड, मनियारी में शिविर का आयोजन किया जायेगा, मड़वन प्रखंड में 10.05.2023 को प्रखंड संसाधन केन्द्र बीआरसी में शिविर का आयोजन किया जायेगा, सरैया प्रखंड में 11.05.2023 को प्रखंड संसाधन केन्द्र बीआरसी, प्रखंड परिसर में शिविर का आयोजन किया जायेगा, पारू प्रखंड में 12.05.2023 को प्रखंड संसाधन केन्द्र बीआरसी में एवं 13.05.2023 को मध्य विद्यालय देवरिया कोठी में शिविर का आयोजन किया जायेगा, साहेबगंज प्रखंड में 15.05.2023 को प्रखंड संसाधन केन्द्र बीआरसी, म0वि0 साहेबगंज बालक परिसर में एवं 16.05.2023 प्रखंड संसाधन केन्द्र बीआरसी, म0वि0 साहेबगंज बालक परिसर में शिविर का आयोजन किया जायेगा, मोतीपुर प्रखंड में 17.05.2023 को प्रखंड संसाधन केन्द्र बीआरसी, हॉस्पिटल रोड में एवं 18.05.2023 को उ0 माध्यमिक विद्यालय महना में शिविर का आयोजन किया जायेगा, कांटी प्रखंड में 19.05.2023 को कांटी प्रखंड परिसर में एवं 20.05.2023 को मध्य विद्यालय पानापुर में एवं 22.05.2023 को हरिसिंह उच्च वि0 छपरा में शिविर का आयोजन किया जायेगा, मीनापुर प्रखंड में 23.05.2023 को प्रखंड संसाधन केन्द्र बीआरसी, प्रखंड परिसर में एवं 24.05.2023 को उ0 माध्यमिक विद्यालय खरिका में शिविर का आयोजन किया जायेगा। वही, शांति मुकूल शर्मा बिहार पीडब्ल्यूडी संघ जिला सचिव दिव्यांगजन संघ मुजफ्फरपुर ने बताया कि निधार्रित शिविर के लिये तिथिवार मेडिकल बोर्ड के लिये डॉक्टरर्स एवं पैरामेडिकल स्टाफ की प्रतिनियुक्ति सिविल सर्जन-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश निर्गत किया जायेगा।

### अग्निपीड़ितों के बीच विधायक ने सामग्री व नगदी राशि का किया वितरण

**सुगौली,पू.च:** प्रखंड के भटहां में अग्निपीड़ितों के बीच स्थानीय विधायक ई.शशि भूषण सिंह ने सामग्री व नगदी राशि का वितरण किया।प्रखंड के भटहा के सरागटीया में अगलगी से चार लोगों का मकान व समान जलकर राख हो गया।जिसकी सूचना स्थानीय विधायक को मिली।सूचना मिलते ही विधायक अग्निपीड़ित प्रमोद यादव,लालबाबू यादव,उमेश यादव व संतोष यादव के यहां पहुंचे।उन्होंने पीड़ित परिवार से घटना की जानकारी ली और उन्हें संतावना दी। विधायक ने सभी पीड़ित परिवार को चिउड़ा,मीठा,साड़ी व एक एक हजार नगद तत्काल दिए।उन्होंने स्थानीय प्रशासन को फोन कर बताया कि सभी अग्निपीड़ित परिवार को सरकार से मिलने वाली सारी सहायता जल्द से जल्द मुहैया कराया जाय। विधायक ने कहा कि सभी लोगो का मदद किया जाएगा। सरकार के द्वारा भी सहायता राशि दिलाई जाएगी।मेरे द्वारा हमेशा मदद किया।

# जान जोखिम में डालकर नदी पर बने चचरी पुल को पार करते हैं लोग

### आये दिन मौत देती है दावत

राष्ट्रीय खबर

**सुगौली,पू.च:** प्रखंड के माली पंचायत स्थित सिकरहना पुल पर बने चचरी पुल आए दिन देता है मौत की दावत।आज के दौर में आगे बढ़ने के बजाय लोग पीछे वाली मुश्किल को आज भी झेलते आ रहे है।इसी रास्ते से लोगो का प्रतिदिन आना जाना बना रहता है।मंगलवार को एक व्यक्ति चचरी पुल से मोटरसाइकिल से जाने के क्रम में गिर कर गम्भीर रूप से घायल हो गया।इसे पूर्व भी कई घटना सुनने को मिल चुकी है।इस बडी समस्या को आज तक ना कोई अधिकारी हो या जनप्रतिनिधि इसकी शुद्धि लेने नही आए।हद तो तब होती है जब बरसात में नदी में प्रलयंकारी बाढ़ आ जाए तब खुब देखने को मिलेगा।हद तब हो जाती



है जब चचरी पूल बाढ़ के पानी में बह जाता है जिससे यातायात बांधित हो जाता है।इस समस्या पर फिर एक सवाल उठता है आखिर क्यों नही पुल का निर्माण कराया जा रहा है। यह चचरी का पुल विकास की ढिढोरा पिटने वाले के लिए आईना है। वही मंगलवार की हुई घटना में संयोग अच्छा रहा कि व्यक्ति मरते मरते बचा। अन्यथा गहरे पानी में गिरने से जान भी जा सकती थी। यह मामला कही और का नही प्रखण्ड के माली गांव की है।गांव से निकलने के लिए एक मात्र साधन बांस से बने चचरी का पुल ही है।यह सिकरहना नदी पर प्रत्येक साल बनाया जाता हैं।लेकिन यह बांस का बना पुल प्रत्येक साल बाढ में ध्वस्त भी हो जाता हैं। परेशान ग्रामीणों ने सरकार के प्रतिनिधियों से गुहार भी लगाई,लेकिन कोई परिणाम निकल कर सामने नही आता है।ग्रामीणों के द्वारा प्रत्येक साल सिकरहना नदी पर बास के चचरी पुल बनाया जाता हैं।इस पुल से रोजाना करीब पांच हजार लोग पार कर थाना,ब्लाक,अस्पताल या मुख्य बाजार आते जाते है।तो वही सैकडों बच्चें स्कूल पढ़ने भी आते जाते है।कई बार लोग पुल पार करने में डरते रहते है की कही गिर ना जाए।इस घटना को देख आस-पास ग्रामीणों की तत्परता के कारण युवक को बचा लिया जाता है।लेकिन यह सिलसिला आखिर कब तक ऐसे चलता रहेगा।इतना ही नहीं इस पुल को पार कर लोग जिला कार्यालय भी आते जाते है।वही ग्रामीणों का कहना है कि पुल बच्चों और बड़ो के लिए खतरा बना है।जिसके लिए कई बार जनप्रतिनिधियों से इसकी समस्या के बारे में बताया गया लेकिन जनप्रतिनिधियों के कान में जु तक नही रेंगता।

## बिहार सरकार के अधीन बेतिया राज की चार एकड़ भूमि पर अवैध कब्जा, प्रशासन मौन

**बेतिया:** पश्चिम चम्पारण जिला अंतर्गत बिहार सरकार अधीन बेतिया राज की 4 एकड़ भूमि पर अंकित तोदी नामक व्यक्ति ने कब्जा कर उस पर ईंट से पक्का निर्माण भी करा लिया है। उपर्युक्त मामला में मीडिया की गंभीरता को देखते हुए बेतिया राज प्रबंधक संगम कुमार भी गंभीर होते हुए, बेतिया सीओ को बेतिया राज की भूमि से अतिक्रमण हटाने का निदेशित किया है। उपर्युक्त निदेश में बेतिया राज प्रबंधक ने लिखा है कि बेतिया राज के उज्जैन टोला मौजा के थाना नम्बर 131 खाता 87 खेसरा 234 रकबा 04 एकड़ भूमि पर जबरन ईंट का पक्का चाहरदीवारी (बाउण्ड्री) बना लिया गया है और उसमे अब गेट लगवाया जा रहा है। जबकि बेतिया राज की सम्पूर्ण सम्पदा कोर्ट ऑफ वाड्‌र्स के अधीन सरकारी सम्पत्ति है। जिसके संरक्षक अध्यक्ष सह सदस्य राजस्व पर्षद पटना है। बेतिया राज प्रबंधक ने सीओ बेतिया सदर को ऐसे में अतिक्रमणकारी के विरुद्ध अतिक्रमण वाद प्रारम्भ कर, अतिक्रमण कारी का कब्जा हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने को निदेशित किया है।

## पिपरासी थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न

**बगहा/पिपरासी:** पिपरासी थाना परिसर में सोमवार की शाम शांति समिति की बैठक ईद पर्व को लेकर थानाध्यक्ष की अध्यक्षा में संपन्न हुई । बैठक में उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों, समाजसेवियों, ग्रामीणों को संबोधित करते हुए नवागत थानाध्यक्ष अशोक कुमार व सब इंस्पेक्टर संपत सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि आपसी भाईचारा से ईद पर्व मनाए। शांतिपूर्ण तरीके से मिल जुलकर पर्व मनाएं । हुड़दंग करने वाले को चिन्हित कर सक्त कार्रवाई किया जाएगा। आप पुलिस को सहयोग करें । पुलिस आपके लिए 24 घंटा सेवा प्रदान करने को तैयार है । गांव के लोगों को भी जागरूक करें । मस्जिद के पास सुरक्षा में पुलिस बल व चौकीदार की भी तैनाती की जाएगी । कानून से खिलवाड़ करने वाले को बक्शा नहीं जाएगा। बैठक में सरपंच दिनेश्वर तिवारी,उप प्रमुख रामदुलार चौहान,जिला परिषद सदस्य धनेश्वर यादव, मुडाडीह मुखिया जोखू बैठा,पूर्व बीडीसी मंगल राम, सरपंच प्रतिनिधि मुन्ना साह , मंझरिया मुखिया चंद्रिका गुप्ता,बीबीसी राजेश सहनी, मुंबई बाबूराम यादव आदि।

## हत्या आरोपित सहित दो व्यक्ति चढ़े पुलिस के हत्थे



सुगौली,पू.च: स्थानीय पुलिस ने हत्या आरोपित सहित दो व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रभारी थानाध्यक्ष को सूचना मिली कि माधोपुर करमवा की ओर शराब की खेप लेकर शराब धंधेबाज आ रहा है। सूचना मिलते ही एस आई अनुज कुमार सिंह पुलिस बल के साथ माधोपुर करमवा में पहुंच छापेमारी की।जिसमे पांच लीटर देसी शराब के साथ एक व्यक्ति को धर दबोचा।जिसकी पहचान सुखदेव के रूप में कि गई है। वही एस आई दिलीप कुमार सिंह को गुप्त सूचना मिली कि सपेहेरिया में हुई एक व्यक्ति की हत्या का आरोपित दयानन्द अपने घर आया हुआ है। सूचना मिलते एसआई पुलिस बल के साथ पहुंच हत्या आरोपित को धर दबोचा। पुलिस ने आवश्यक प्रक्रिया कर दोनो को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# एसडीएम ने किया बंधा का निरिक्षण

राष्ट्रीय खबर

**भितहा :** मंगलवार को कटाव रोधी कार्यों का निरिक्षण करने पहुंची बगहा एस डी एम ने हिदायत के लहजे मे कहते हुए चेताया की अगर अनियमितता की शिकायत मिली तो सम्बन्धित अभियंताओं पर कार्यवाही के लिए लिखा जाएगा। बरसात पूर्व निर्धारित समय पर कटाव रोधी कार्य हर हाल में पूरा होना चाहिए। बगहा एसडीएम डॉ अनुपमा सिंह द्वारा भितहा के चन्दरपुर में कटाव रोधी कार्यों का निरीक्षण करते हुए सख्त निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने उपस्थित अभियंताओं को निर्देश देते हुए कहा कि वर्षात पूर्व उक्त पाइंट पर सभी तरह के कटाव रोधी कार्यो कि तैयारियों का ठीक ढंग से पूर्ण करा लें उस समय किसी तरह कि शिकायत नही मिलनी चाहीए । इसी क्रम में



उन्होंने एजेंडा नं 1 के निरीक्षण के क्रम में सहायक अभियंता कामेश्वर दास एवं ऐजेंडा टू के सहायक अभियंता इन्द्रदेव सिंह को आवश्यक निर्देश देते हुए परकोपाईन व जीवों बैग कार्य पर विशेष ध्यान रखने की हिदायत दिया। वही पीपी तटबन्ध पर कुछ लोगो द्वारा कूड़ा करकट रख कर अतिक्रमण को देख एसडीएम ने मौके पर मौजूद भितहा सीओ को तत्काल अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया। वहीं अभियंता कामेश्वर दास ने बताया कि दस दिनों के अंदर अधुरे कार्यों को पूर्ण करा लिया जायेगा।इस दौरान कनिय अभियंता रविकांत, धर्मेन्द्र प्रसाद, भितहा अंचलाधिकारी अबू अफसर, प्रखंड विकास पदाधिकारी पन्नालाल सहित सिचाई विभाग के अभियंता उपस्थित रहे।

# झारखंड के सात नाबालिग बच्चों को एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम सेंटर ने कराया मुक्त

राष्ट्रीय खबर

**रक्सौल,पू.च:** एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम एसएसबी रक्सौल,प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर पूर्वी चंपारण तथा 47वीं एसएसबी रक्सौल द्वारा मानव तस्कर के चंगुल से झारखंड के सात नाबालिक बच्चों को मुक्त कराया गया।नाबालिक बच्चों से काउंसलिंग के दौरान पता चला की सारे बच्चे झारखंड के रहने वाले है जिन्हें मुर्गी फर्म मे काम कराने के लिए नेपाल ले जाया जा रहा था।एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम क्षेत्रक मुख्यालय के इंस्पेक्टर मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि इसकी आसूचना राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग नई दिल्ली तथा मिशन मुक्ति फाउंडेशन दिल्ली के द्वारा मिली थी। जिसमें बताया गया था बंगाल के मानव तस्कर झारखंड से कुछ नाबालिक बच्चों को नेपाल ले जाने की कोशिश कर सकते हैं। अतः एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम



क्षेत्रक मुख्यालय ए.एच.टी.यू ने प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर पूर्वी चम्पारण को साथ ले कर मानव तस्करी, ट्रैफि किंग बाल मजदूरी रोक थाम हेतु अभियान चलाया गया जिसमें 07 नाबालिक बच्चे तथा 1 व्यक्ति को संपर्क मे लिया गया।और बहुत जल्दी ही झारखंड के सात नाबालिग बच्चों व बंगाल के मानव तस्कर को सम्पर्क में लिया गया और त्वरित कार्रवाई करते हुए हरैया ओपी थाना रक्सौल में मानव तस्कर पर प्राथमिक दर्ज कराई गई।हरैया थाना द्वारा मानव तस्कर व नाबालिग लड़को को अभिरक्षा में लेते हुए आगे की कारवाई हरैया पुलिस ओपी के प्रभारी पंकज कुमार द्वारा की जा रही है।प्रभारी पंकज कुमार द्वारा बहुत अच्छा सहयोग रहा।इस अभियान में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम क्षेत्रक मुख्यालय एसएसबी से इंस्पेक्टर मनोज कुमार शर्मा, सहायक उपनिरीक्षक अनिल कुमार शर्मा,हवलदार अरविंद द्विवेदी,कांस्टेबल मिकी कुमारी,कांस्टेबल डोली कुमारी, कांस्टेबल इकबाल अहमद एफ समवाय 47वीं वाहिनी प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर पूर्वी चंपारण की परामर्शदाता आरती कुमारी, समाजिक कार्यकर्ता राज गुप्ता आदि मौजूद थे।

## पिकअप एवं कार की टक्कर मे दो घायल

**मधुबनी:** धनहा-रतवल मुख्य पथ के नदी थाना क्षेत्र के नैनाहा ढाला चेक पोस्ट के समीप सोमवार की रात 10 बजे पिकअप एवं कार में आमने-सामने टक्कर हो गई। जिससे पिकअप चालक व उप चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। चेक पोस्ट पर तैनात नदी थाना के एएसआई शशिकांत यादव एवं पुलिस जवानों के सहयोग से दोनों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। वही कार चालक को भी थोड़ा बहुत चोट लगा है। नैनाहा ढाला चेक पोस्ट पर तैनात एएसआई शशिकांत यादव ने बताया कि धनहा के तरफ से आ रहा कार एवं रतवल के तरफ से आ रहा पिकअप में आमने सामने टक्कर हो गई। जिससे पिकअप के उपचालक शनिचरी थाना क्षेत्र के बेलवा गांव निवासी पुनीत चौधरी गंभीर रूप से घायल हो गया। वही चालक भी घायल हुआ है। दोनों वाहनों को जप्त कर लिया गया है। दोनों वाहन के चालक एवं उप चालक को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया।

# शिव मंदिर में मेला सह कार्यक्रम का हुआ आयोजन, पहुचे पूर्व मंत्री राजेश सिंह

राष्ट्रीय खबर

**भितहा:** बैशाखी तेरस के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के खैरवा पंचायत के भैसहवा भगवान पूर्वी टोला में शिव भक्तों एवं स्थानीय लोगों के सहयोग से मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उक्त पर्व के अवसर पर विहार सरकार के पूर्व मंत्री राजेश सिंह ने भी भाग लिया और और भगवान भोले नाथ की पूजा अर्चना की सभी भक्तो को साधुबाद दिया 'वही पूर्व संध्या पर युवा समाज सेवी व पूर्व मुखिया प्रत्याशी राजेश राय द्वारा फीता काटकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।इस दौरान मंच पर उप मुखिया प्रतिनिधि विरेन्द्र कुशवाहा, मृत्युंजय राय, राजेश यादव, इत्यादि युवा समाजसेवी मौजूद रहे। वहीं उप मुखिया प्रतिनिधि विरेन्द्र कुशवाह ने बताया कि भैसहवा भगवानपुर में जब से शिव मन्दिर निर्माण का



कार्य प्रारंभ किया गया तब से प्रति वर्ष यहां बैसाखी तेरस के अवसर पर भगवान शिव की पूजा अर्चना सामुहिक रूप से की जाती है और उक्त अवसर पर मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।इस आयोजन में मुख्य रूप से भैसहवा एवं पूर्वी भगवान गांव के युवाओं एवं बुजुर्गों काफी सहयोग रहता है।साथ हीं पंचायत के अन्य लोगों के सहयोग एवं प्रेरणा से इसे सफलता पूर्वक संपन्न किया जाता है। वहीं इस दौरान मंगलवार के सुबह उक्त मंदिर पर लोगो द्वारा भगवान भोले पर जलाभिषेक किया गया।उसके बाद मेला का आयोजन किया गया जिसमे तरह तरह के दुकाने लगी थी जिसमे लोगो ने मेले बढचढकर हिस्सा लिया।उक्त मेले के आयोजनकर्ता नवयुवको कि अहम भुमिका रही।वही मौके पर बृजेश सिंह रविंद्र यादव दीपू गुप्ता,गुडू गुप्ता,सतन दास पिंटू श्रीवास्तव आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# मौलाना आजाद नेशनल उर्दू यूनीवर्सिटी में धूमधाम से मनी डॉ. अम्बेडकर जयंती

राष्ट्रीय खबर

**पटना/हैदराबाद :** शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग , मौलाना आजाद नेशनल उर्दू यूनीवर्सिटी में डा. भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर डीन प्रोफेसर सिद्दीकी मोहम्मद महमूद, विभागाध्यक्ष प्रोफेसर मोहम्मद मोशाहीद, डॉ. अश्वनी, डॉ. सुमी आदि मौजूद रहे। कलाम पाक की तिलावत से प्रोग्राम प्रारंभ हुआ। प्रोग्राम की मुख्य अतिथि प्रोफेसर वनजा साहिबा थी। नउन्होंने डा. अंबेडकर के सिद्धांतों और शैक्षिक विचारों पर अपना प्रभावशाली व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब द्वारा जो संविधान बनाया गया था, वह हमारे पूरे देश को एक सूत्र में पिरोए रखता है।

इसके अलावा बाबा साहब शिक्षा के जरिए समाज के दबे,



शोषित, कमजोर, मजदूर और महिला वर्ग को सशक्त बनाना चाहते थे और उनको समाज में एक बेहतर दर्जा दिलाना चाहते थे। प्रोफेसर सिद्दीकी मोहम्मद महमूद ने कहा कि संविधान निमार्ता के विचारों से हमारी नई पीढ़ी को फलीभूत होना चाहिए। इसके अलावा प्रो. मोशाहिद् ने बाबा साहब की जयंती पर सभी लोगों को एकजुटता का संदेश दिया। प्रोग्राम के समन्वयक डा. अश्वनी ने बाबा साहेब का हवाला देते हुए कहा कि ह्यकि चाहे तुम्हारे पांव में जूते हों या न हो लेकिन आपके हाथों में किताबें होनी चाहिए। उन्होंने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के जन्म उत्सव पर सभी छात्रों को बधाई देते हुए आगे कहा कि, बाबा साहब उस संविधान के निमार्ता थे जिसकी वजह से आज सभी को समान अधिकार प्राप्त हुए है।अंत में डा. शेख एहतेशामुद्दीन ने सभी का धन्यवाद किया। जिसके बाद राष्ट्रीयगान के साथ प्रोग्राम का समापन हुआ।

## जहरीली शराब से प्रभावित गांवों का जिलाध्यक्ष ने किया दौरा,मंजू



मोतिहारी: जिला जदयू के अध्यक्ष मंजू देवी की नेतृत्व में जदयू प्रतिनिधिमंडल ने जहरीली शराब से प्रभावित गांवों का दौरा करने के उपरांत सदर अस्पताल मोतिहारी में पहुंचकर जहरीली शराब से पिड़ित मरीजों से मिलकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली, तथा मृत लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए पिड़ित परिजनों को हरसंभव सरकारी सहायता दिलाने का आश्वासन दिया।इस मौके पर उपस्थित सभी जदयू नेताओं ने शराबबंदी के बाद से जहरीली शराब पीने से मृत सभी लोगों के परिजनों को चार-चार लाख रूपए सहायता अनुदान राशि देने की घोषणा करने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति आभार व्यक्त किया गया।मौके पर कैप्टन अब्दुल हमीद, मिथलेश सिंह,व्यास प्रसाद सिंह,राज,अधिवक्ता अमरनाथ,रोहित राज सहित जदयू के दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।उ क्त आशय की जानकारी समाजसेवी उपेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने दी।

## शिव पार्वती विवाह सेवा समिति ने एक निर्धन कन्या का विवाह संपन्न कराया



**बेतिया :** शिव पार्वती विवाह सेवा समिति समाजिक सहयोग से राज ड्योढ़ी शिव मंदिर में एक निर्धन कन्या का विवाह संपन्न कराया। जिसमें भाग और सहयोग कर विवाह संपन्न कराने वालों की संख्या मंदिर में दिखी। उपर्युक्त विवाह के लिए बेतिया शहर के कोना-कोना से लोग शिव मंदिर में दोपहर 2:00 बजे से एकत्र होने लगे। सभी लोगों ने पुनीत कार्य में हाथ बँटाया गुरुवलिया की कुमारी मुस्कान सुपुत्री कन्हैया चौधरी और मुकेश कुमार सुपुत्र प्रेम चौधरी बगहा बसवरिया निवासी का पाणिग्रहण संस्कार मंदिर में सम्पन्न हुआ। उपर्युक्त वर-वधु को आशीर्वाद देने शहर के गणमान्य लोग और जनप्रतिनिधि भी शामिल रहे। जिसमें उपमहापौर गायत्री देवी के प्रतिनिधि रमन गुप्ता, रोहित सिकारिया, विवाह सेवा समिति के अध्यक्ष बिहारी लाल श्रीवास्तव ने बताया कि आगामी वर्ष में कार्यक्रम को विस्तृत रूप देंगे। उस समय कम से कम पांच निर्धन कन्या का शादी संपन्न कराएंगे। जिसके लिए समाज का अपार समर्थन भी मिल रहा है।

# तीन दिवसीय चंपारण सत्याग्रह स्मृति दिवस समारोह का हुआ समापन

राष्ट्रीय खबर

**मोतिहारी :** कला संस्कृति एवं युवा विभाग बिहार सरकार द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय चंपारण सत्याग्रह स्मृति दिवस समारोह का समापन हो गया। सत्र का उद्घाटन विधायक मनोज कुमार यादव, केसरिया विधायक शालिनी मिश्रा ,जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रभात झा ,जिलाधिकारी के ओएसडी गौरव कुमार ,जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी ममता झा,ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर की। विधायक श्री यादव ने अपने संबोधन में कहा कि गांधीजी की चंपारण आगमन के बाद जसौली पट्टी की यात्रा के उपलक्ष में आयोजित यह समारोह राज्य स्तर से राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान



बना रहा है आने वाले समय में जसौली पट्टी राज्य स्तर पर ही नहीं राष्ट्रीय मानचित्र पर स्थापित होगा। वहीं केसरिया विधायक श्रीमती शालिनी मिश्रा ने कहा कि स्वतंत्रा सेनानी बाबू लोगराज सिंह की जन्म भूमि को सर्वप्रथम नमन करती हूं ,और इस आयोजन के माध्यम से सरकार ने प्रशासन के द्वारा उनके कृतियों को नई पीढ़ी के बीच परोसने का जो काम कर रही है यह स्वागत योग्य है। उन्होंने कहा कि गांधीजी को चंपारण लाने में लोमराज बाबू की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। नई पीढी के साथ सरकार इस थाती को संरक्षित करने में लगी है जिसका स्वागत करती हूं। जिला प्रशासन की ओर से आयोजन में उपस्थित लोगों को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया और अगले वर्ष आयोजित होने वाले कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर सहयोग करने का आश्वासन दीया गया समापन सत्र के बाद कुमार संजय , मुकेश द्विवेदी के साथ माधव एंड ग्रुप के द्वारा गांधी जी के जीवन पर नृत्य नाटिका लोक नृत्य बिहार गौरव गान आदि की प्रस्तुति की गई जिसे दर्शक मत मंत्रमुग्ध होकर शांत चित मन से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद उठाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचल पदाधिकारी ,प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी ,प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी उपेंद्र कुमार सिंह प्रधानाध्यापक, अशोक कुमार चौधरी ,विनय कुमार ,हरेंद्र कुमार यादव महेंद्र राय ,सुनील सिंह रविंदर सिंह अशोक सिंह, सुनील दास, दिलीप ठाकुर, गुड्डू सिंह जुलुम यादव पैक्स अध्यक्ष,हरिशंकर , हरि सिंह ,कुमार ओमकार, कृष्णकांत कुमार सहित जनप्रतिनिधियों के साथ आम लोगों का कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग रहा।सहयोग करने वाले को जिला प्रशासन की ओर से अंग वस्त्र पुष्प गुच्छ प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया और अंत में जिला प्रशासन की ओर से जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रभात झा एवं ओएसडी गौरव कुमार के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन कर आयोजन की सफलता के लिए मीडिया कर्मियों जनप्रतिनिधियों एवं आम जनों को हार्दिक शुभकामनाएं बधाई दी। उक्त आशय की जानकारी युवा गांधीवादी विनय कुमार सिंह ने दी।

## तेंदुए की खोज में पहुंची वन विभाग की टीम

**बगहा/पिपरासी:** मंगलवार को रेंजर के द्वारा गठित टीम पिपरासी पहुंचकर तेंदुए की खोजबीन किया। रेंजर सुनील कुमार ने बताया कि प्रभारी वनपाल संतु कुमार के नेतृत्व में टीम घटनास्थल पर भेजी गई है। टीम के द्वारा जांच में यह पाया गया है कि हमला किसान मजदूर पर तेंदुआ ने ही किया है । और हमला करके दियारे की तरफ चला गया है । काफी खोज की गई। लेकिन कोई सुराग नहीं मिला । इस पर नजर वन विभाग लगाई हुई है । लोगों को भी सतर्क किया गया है । बतादें कि परसौनी गांव निवासी नकछेद राम पीपी तटबंध के बगल में चकदहवा सरेह में गेहूं की फसल काट रहा था। उसी वक्त तेंदुआ हमला बोल कर घायल कर दिया ।

## प्रतिमा अनावरण समारोह में रामस्नेही चौरसिया सम्मानित

**बेतिया :**अखिल भारतीय चौरसिया महासभा नई दिल्ली में पूर्व सांसद राज्य सभा वरिष्ठ सदस्य काका कालेकर आयोग के सदस्य शिवदयाल सिंह चौरसिया की मूर्ति का अनावरण शान्तिधाम आश्रम कौशाम्बी गाजियाबाद, आनन्द विहार रेलवे स्टेशन के पास किया गया। उपर्युक्त प्रतिमा अनावरण समारोह में चौरसिया समाज के परिचय सम्मेलन में भारतीय जनता पार्टी के पश्चिम चम्पारण जिला अंतर्गत गौनाहा मण्डल अध्यक्ष राम स्नेही प्रसाद चौरसिया को सम्मानित किया गया।

संपादकीय

# क्या कर्नाटक के परिणाम से बदलेगी तस्वीर

कर्नाटक में अभी जो स्थिति है, उससे लगता है कि भाजपा के लोग ही भाजपा की सरकार को डूबता हुआ नाव मान चुके हैं। दूसरी तरफ जगदीश शेट्टर के भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल होने से जातिगत समीकरण भी बदलता नजर आ रहा है। इस वजह से कांग्रेस को इस बार कर्नाटक चुनाव से काफी उम्मीद है। वैसे कोलार के उसी स्थान पर राहुल गांधी ने जनसभा कर जो मुद्दे उछाल दिये हैं, उनका असर भी जातिवादी गोलबंदी में होना तय है। राहुल ने ओबीसी के अपमान का मुद्दा उठाया है। दरअसल यह निराधार भी नहीं है क्योंकि राहुल की लोकसभा सदस्यता खत्म होने के बाद पहले भाजपा ने राहुल के बयान को ओबीसी का अपमान बताया था। बाद में पता चला कि देश छोड़कर भागने वाले दो मोदी दरअसल ओबीसी श्रेणी के नहीं है। लेकिन यह समझना जरूरी है कि भाजपा के चाणक्य अमित शाह के बार बार समझाने के बाद भी पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टर नहीं माने और पार्टी की तरफ से अपना अपमान होने की बात कहकर कांग्रेस में शामिल हो गये। शेटर कल सुबह बेंगलुरु में कांग्रेस कार्यालय पहुंचे। उनका योगदान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकरजुन खड़गे, कर्नाटक राज्य कांग्रेस के अध्यक्ष डीके शिवकुमार और राज्य विधानसभा सिद्धारमैया में विपक्ष के नेता की उपस्थिति में हुआ। खड़गे ने कहा, मुझे जगदीश शेटर के बारे में अधिक परिचय देने की आवश्यकता नहीं है। उनके जुड़ने से कांग्रेस के उत्साह को बढ़ावा मिलेगा, वह वह व्यक्ति है जो न केवल अकेले जीतता है, वह एक ऐसा व्यक्ति है जो अधिक सीटें जीतने में सक्षम है। खुद शेट्टर भी दावा कर चुके हैं कि उनके नहीं होने से भाजपा को दो दर्जन से अधिक सीटों पर नुकसान होगा। खड़गे ने कहा कि इस बार के चुनाव में कांग्रेस का 150 था, अब शेटार के साथ जुड़ने के बाद यह पुष्टि हो गई कि हम लक्ष्य तक पहुंच जाएंगे। इस बीच, कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा ने रविवार को कहा कि अगर शेटर भाजपा में वापस आए, तो पार्टी उनका स्वागत करेगी। कर्नाटक विधानसभा चुनाव 10 मई को एक ही चरण में आयोजित किए जाएंगे, जिसमें 13 मई को निर्धारित वोटों की गिनती होगी। दरअसल देश में नये सिरे से विपक्षी दलों के खेमाबंदी के प्रयास प्रारंभ किये गये हैं। ऐसी स्थिति में कर्नाटक चुनाव का उसका प्रथम प्रयोगशाला भी माना जा सकता है। फिर से इस बात को समझना होगा कि प्रचंड बहुमत से सरकार बनाने वाली भारतीय जनता पार्टी को पिछले लोकसभा चुनाव में भी मात्र 37 प्रतिशत वोट ही मिले थे। शेष वोटों का बंटवारा दूसरे दलों के बीच होने की वजह से भाजपा की जीत का रास्ता प्रशस्त हो गया था। अब केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाइयों ने तमाम भाजपा विरोधी दलों को एकजुट होने पर मजबूर कर दिया है। हालत यह है कि एक दूसरे की लगातार आलोचना करने वाली कांग्रेस और आम आदमी पार्टी भी अब बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आसरे एक दूसरे के करीब आ रही है। यानी यह कहावत सच साबित हो रही है कि दुश्मन का दुश्मन यानी मेरा दोस्त। यह तमाम भाजपा विरोधी दलों की असलियत है। कर्नाटक इसी वजह से भाजपा के लिए लिटमस टेस्ट है। पार्टी के अंदर भी नीचे से ऊपर तक गुटबाजी है लेकिन नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता की वजह से भाजपा के अंदर उनकी आलोचना नहीं होती। यह अलग बात है कि संसदीय समिति से बाहर किये जाने के बाद नीतीन गडकरी अपने रास्ते पर चले जा रहे हैं हालांकि उन्होंने पार्टी नेतृत्व के बारे में कुछ नहीं कहा है। दूसरी तरफ जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के बयान भी वैसे मौके पर आया है जब पहली बार मोदी की लोकप्रियता पर अडाणी प्रकरण से गंभीर चोट पहुंचायी है। श्री मलिक ने साफ साफ कहा है कि उन्हें (मोदी को) भ्रष्टाचार के कोई खास परहेज नहीं है। वह अपने राज्यपाल के कार्यकाल के दौरान राम माधव की पैरवी का भी उल्लेख कर चुके हैं, जिस पर राम माधव ने उन्हें मानहानि का नोटिस भेजा है। दरअसल यह भी समय का ही चक्र है जो इस वक्त अजीब तरीके से घूम रहा है। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट, राहुल गांधी का लोकसभा में बयान, राहुल की सदस्यता जाना और उनका बंगला खाली करना कर्नाटक की राजनीति पर असर डालने वाला था। इस बीच भाजपा के अंदर की खेमाबंदी खुलकर बाहर आ चुकी है। लिहाजा अगर कर्नाटक की बाजी हाथ से फिसली तो भाजपा के अंदर ही वर्तमान नेतृत्व की क्षमता पर सवाल उठ जाएंगे। अब तक लगातार जीतने की वजह से इस पर सवाल नहीं उठाये गये थे। वैसे इस बीच देश में हिंदू मुसलमान का कार्ड चलने लगा हैलेकिन महंगाई और बेरोजगारी के बीच यह मुद्दा इस बार भी टिक पायेगा यह समय बतायेगा। गंभीर मुद्दों पर चुप्पी साधकर खुद श्री मोदी ही जनता की नजरों में अब लोकप्रियता खोने लगे हैं।



# मुस्लिमों को टिकट देने में सपा पर भारी पड़ी बसपा



अजय कुमार
पत्रकार

उत्तर प्रदेश निकाय चुनाव के पहले चरण के लिए चुनावी बिसात बिछ गई है।साल भीतर होने वाले लोकसभा चुनाव से पूर्व निकाय चुनाव में विभिन्न राजनीतिक दलों का प्रदर्शन काफी कुछ सियासी संकेत देगा। यह सही है कि नगर निगम चुनाव और लोकसभा चुनाव की परिस्थितियां और मुद्दे बिल्कुल अलग-अलग होते हैं,लेकिन जो दल इन चुनावों में बढ़त बनाने में सफल रहेगा वह सियासी ह्यमाइंड गेमह्ल के सहारे वोटरों पर काफी हद तक मनोवैज्ञानिक दबाव डालने में सफल रहेगा।वैसे तो कई निकाय चुनावों में बीजेपी और समाजवादी पार्टी के बीच ही मुख्य मुकाबला देखने को मिलता था,लेकिन इस बार बहुजन समाज पार्टी ने बड़ी संख्या में मुस्लिम प्रत्याशियों को उतार कर समाजवादी पार्टी के मुस्लिम वोट बैंक में सेंधमारी की जबर्दस्त तैयारी की है,जबकि एक समय वह भी था जब बसपा निकाय चुनाव अपने सिम्बल तक पर नहीं लड़ती थी,परंतु इस बार उसने निकाय चुनाव में दबदबा बनाने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है।

बसपा ने ऐसा दांव चला है जिसने बीजेपी और खास तौर पर सपा के लिए मुश्किल खड़ी कर दी है। समाजवादी पार्टी यादव-मुस्लिमों के मजबूत वोट बैंक के सहारे चुनाव लड़ती और जीतती है,लेकिन बीएसपी इसमें से मुस्लिम वोटों पर अक्सर डोरे डालने में कामयाब हो जाती है। यही काम बसपा इस बार भी जोरशोर से करने जा रही है। बसपा ने प्रथम चरण के चुनाव जो 04 मई को होने हैं,में 60 प्रतिशत मुस्लिम उम्मीदवारों पर दांव लगाकर सपा की राह में कांटे खड़े कर सकती है। हालांकि बसपाई इससे इंकार करते हैं। कहते हैं, कि मुस्लिमों ने सपा के साथ रह कर देख लिया है। कुछ हासिल नहीं हुआ,इसलिए वह बसपा की तरफ आ गया है। हाल ही में सम्पन्न लोकसभा के उप-चुनाव में यह बात साबित भी हो चुकी थी। आजमगढ़ में बसपा ने अच्छे खासे मुस्लिम वोट पाए थे,भले ही बसपा जीत नहीं पाई थी,लेकिन सपा को भी हार का सामना करना पड़ा था।जानकार भी कह रहे हैं कि बसपा का समीकरण ही सबसे हिट है। नगर निकाय चुनाव में बसपा ने पहले चरण में महापौर पद के लिए 60 प्रतिशत टिकट मुस्लिम उम्मीदवारों को दिए हैं।नामांकन पत्र भरने का 17 अप्रैल को अंतिम दिन था।

इस दिन बड़ी संख्या में पर्चे भरे गए। 10 नगर निगमों में महापौर पद के लिए आखिरी दिन 93 उम्मीदवारों ने पर्चे दाखिल किए, जबकि पार्षद पद पर 4,092 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र भरे। इसके बाद यह साफ हो गया कि बसपा ने बड़ी संख्या में मुस्लिम प्रत्याशी मैदान में उतारे हैं। बसपा प्रमुख मायावती ने अपनी मंशा स्पष्ट जता दी है कि वह मुस्लिम- दलित समीकरण पर मजबूती से काम करेंगी। पार्टी को उम्मीद है कि यदि दलित और मुस्लिम वोटर साथ आ गए तो कई सीटों पर बसपा की नैया पार लग सकती है। तमाम सीटों पर मंथन के बाद बसपा ने पहले चरण के नामांकन पत्र भरने के अंतिम दिन महापौर पद के प्रत्याशियों की सूची जारी की।

जानकारी के मुताबिक, सूची भले ही 17 अप्रैल को जारी की गई हो, पर इनमें से कुछ उम्मीदवारों ने पहले ही सिंबल लेकर नामांकन पत्र भर दिए थे। पहले चरण में दस सीटों पर महापौर पद के लिए चुनाव होगा। बसपा ने दस में से छह मुस्लिम उम्मीदवार मैदान में उतारकर अपना गणित साफ कर दिया है। इन छह सीटों पर तो पूरा फोकस दलित -मुस्लिम गठजोड़ पर ही रहने वाला है। बसपा थिंक टैंक की मंशा है मुस्लिम बाहुल्य सीटों पर उसका और सपा का मुकाबला कड़ा हो जाएं। पिछले चुनाव की बात करें तो उक्त दस नगर निगमों में महापौर पद के लिए हुए चुनाव में बसपा मात्र तीन स्थानों पर ही मुख्य मुकाबले में दिखी थी। केवल आगरा, झांसी और सहारनपुर में बसपा उम्मीदवार पिछले साल दूसरे स्थान पर रहे थे। सात मुकाबलों में बसपा उम्मीदवार सीधी टक्कर में ही नहीं थे।

खास तौर पर जिन छह निगमों में इस बार बसपा ने मुस्लिम प्रत्याशी उतारे हैं उनमें से चार में पिछली बार बसपा उम्मीदवार टॉप तीन में भी जगह नहीं बना सके थे। फिरोजाबाद, प्रयागराज, मुरादाबाद व वाराणसी में बसपा तीसरे स्थान तक भी ठहर नहीं सकी थी। बसपा के दस निगमों के उम्मीदवारो में आगरा से लता,मथुरा से राजा मोहतासिम अहमद, फिरोजाबाद से रुखसाना बेगम,झांसी से भगवान दास फुले,सहारनपुर से खादिजा मसूद,लखनऊ से शाहीन बानो, वाराणसी से सुभाष चंद्र माझी प्रयागराज से सईद अहमद मुरादाबाद से मोहम्मद यामीन और गोरखपुर से नवल किशोर नाथानी शामिल हैं।

उधर,बीजेपी इस बार भी मुस्लिम प्रत्याशियों को मैदान में उतारने के लिए आगे नहीं आई। उसके द्वारा जारी लिस्ट में गोरखपुर से डॉ। मंगलेश श्रीवास्तव ,प्रयागराज से उमेश चंद्र वहीं पीएम नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी से अशोक तिवारी को मेयर पद का उम्मीदवार बनाया गया है।

फिरोजाबाद से पार्टी ने कामिनी राठौर, आगरा से हेमलता दिवाकर, लखनऊ से सुषमा खरकवाल को उम्मीदवार बनाया गया है। सहारनपुर से डॉ अजय कुमार को, मथुरा-वृन्दावन से विनोद अग्रवाल को, झांसी से चतुर्भज आर्य को बीजेपी ने उम्मीदवार बनाया है।बीजेपी ने कई मौजूदा मेयरों के टिकट काटकर नए चेहरों पर दांव लगाया है और जातीय समीकरण का भी ख्याल रखा है। पार्टी ने दस में से 6 कैंडिडेट सवर्ण समुदाय से उतारे हैं तो दलित और ओबीसी को सिर्फ उनके लिए आरक्षित सीटों से उतारा है। पार्टी ने अपने कोर वोट बैंक और शहर के सियासी समीकरण को देखते हुए सवर्ण समुदाय पर ही सबसे बड़ा भरोसा जताया है। बीजेपी ने अपने ज्यादातर मौजूदा मेयरों को टिकट नहीं दिए हैं और उनकी जगह पर नए चेहरों को उतारा है और संगठन से जुड़े पुराने व वफादार नेताओं को तवज्जो दी है। ऐसे में देखना है कि अब बीजेपी क्या अपना पुराना प्रदर्शन दोहरा पाएगी?

इससे पहले समाजवादी पार्टी ने लखनऊ सहित आठ जिलों के लिए मेयर पद के उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी थी। सपा ने लखनऊ से वंदना मिश्रा को मेयर प्रत्याशी बनाया है। इसी तरह गोरखपुर से काजल निषाद, प्रयागराज से अजय श्रीवास्तव, झांसी से रघुवीर चौधरी, मेरठ से सीमा प्रधान, शाहजहांपुर से अर्चना वर्मा, फिरोजाबाद से मशहूर फातिमा और अयोध्या सीट से आशीष पांडेय को मेयर उम्मीदवार बनाया है।

# देवी लक्ष्मी VS दरिद्र देवी

एक बार धन की देवी लक्ष्मी और गरीबी की देवी दरिद्र देवी में झगड़ा हो गया। लक्ष्मी जी का कहना था कि वह ज्यादा सुंदर है और लोग उन्हें ज्यादा चाहते हैं। दरिद्र देवी का कहना था कि वह ज्यादा सुंदर है।

दोनों के बीच हो रही बहस का कोई हल नहीं निकल रहा था, इसलिए दोनों देवियों ने फैसला किया कि धरती पर चलकर जो पहला आदमी नजर आये उसी से झगड़े का फैसला करवाया जाये। दोनों धरती पर आयीं। धरती पर उन्हें एक किसान दिखायी दिया।

दोनों किसान के पास अपनी समस्या लेकर पहुंची और उससे कहा कि जब तक वह समस्या का हल नहीं निकालता, तब तक उसे कहीं नहीं जाने दिया जायेगा। बेचारा किसान बड़ी मुश्किल में फंस गया। किसान जानता था कि उसने अपना फैसला लक्ष्मी के पक्ष में



सुनाया तो दरिद्र देवी नाराज होकर उसका पीछा नहीं छोड़ेगी और अगर उसने दरिद्र देवी को ज्यादा सुंदर बताया तो लक्ष्मी जी उससे रूठकर उसे छोड़ जायेंगी।

किसान समझ गया कि दोनों देवियों में से किसी को भी नाराज नहीं किया जा सकता। उसने कुछ देर सोचकर दोनों को जवाब दिया-ह्लदेवियों! असल में तुम दोनों ही इतनी सुंदर हो कि मैं किसी एक के पक्ष में फैसला नहीं दे सकता।

दरिद्र देवी जब आप किसी के घर से बाहर जाती हो तब आपसे ज्यादा सुंदर और कोई नजर नहीं आता और लक्ष्मी जब आप किसी के घर आती हो, तब आपसे ज्यादा सुंदर और कोई नहीं होता।ह्वदोनों देवियां अपनी प्रशंसा सुनकर प्रसन्न हो गयीं और खुशी-खुशी वापस चली गयीं। दोनों को जाते देख किसान भी खुशी खुशी अपने घर चला गया। आपको भी उस किसान की तरह ही समझ-बूझ का परिचय देना चाहिए। आपने कई बार स्वयं अनुभव किया होगा कि किसी कार्यक्षेत्र में दो लोगों में झगड़ा हो जाता है, लेकिन उनसे भी जूनियर समझ-बूझ का परिचय देते हुए सुलह-मशविरा करा देता है। इसलिए समझ-बूझ को पद-प्रतिष्ठा, ऊंच-नीच से नहीं नापा जा सकता। एक सफाई कर्मी भी किसी अधिकारी से ज्यादा समझदार हो सकता है। लेकिन ऐसे ही लोग कुछ कर दिखाने में कामयाब होते हैं।

नजरिया

# भारतीय 'बुरी नजरें ' उतारता चाइनीज 'नजर बट्टू '



निर्मल रानी
स्तंभकार

चीन निः संदेह इस समय न केवल विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है बल्कि विश्व की सबसे बड़ी महाशक्ति अमेरिका से भी हर क्षेत्र में दो दो हाथ करने की तैयारी में जुटा हुआ है। हम चाइनीज को अपने 'ज्ञान' अथवा सूचना के अनुसार या भारतीय मीडिया से प्राप्त आधी अधूरी जानकारी के आधार पर चाहे कम्युनिस्ट कहें नास्तिक कहें या विस्तारवादी देश कह कर संबोधित करें परन्तु वैश्विक व्यापार व्यवस्था पर चीन के न केवल विस्तार अपितु लगभग पूर्ण वर्चस्व व नियंत्रण ने यह साबित कर दिया है कि भले ही अनेक देशों की सत्ता,वहाँ के राजनेता अपने देशवासियों में राष्ट्र भक्ति का संचार कर चीन निर्मित सामानों की बिक्री के बायकॉट का राग अलापते रहें परन्तु उन देशों की जनता संभवतः अब चाइनीज निर्मित सामानों के इस्तेमाल के बिना रह ही नहीं सकती।

**धर्मावलंबियों,विश्वासियों व अंधविश्वासियों की लगभग हर जरुरत पूरी करने की कोशिश जरूर करता है। उदाहरण के तौर पर चीन के शिनजियांग प्रांत में लगभग एक करोड़ 20 लाख वीगर रहते हैं।**

उधर चीन के व्यवसायिक रणनीतिकारों की भी तारीफ करनी पड़ेगी कि उन्होंने भी दुनिया की 'भीड़' रुपी जनता की 'पसन्दीदगी ' वाली नब्ज बखूबी पकड़ रखी है। उदाहरण के तौर पर जो चीन खुद धार्मिक विश्वास या अंधविश्वास ,यहाँ तक कि देवी देवता ,पूजा पाठ,नमाज इबादत आदि पर विश्वास नहीं करता परन्तु वही चीन विश्व बाजार के माध्यम से दुनिया के सभी धर्मावलंबियों,विश्वासियों व अंधविश्वासियों की लगभग हर जरुरत पूरी करने की कोशिश जरूर करता है। उदाहरण के तौर पर चीन के शिनजियांग प्रांत में लगभग एक करोड़ 20 लाख वीगर रहते हैं। इनमें से ज्यादातर मुस्लिम समुदाय के लोग हैं। खबरें आती रहती हैं कि चीन किस तरह अपने ही देश के वीगर मुसलमानों पर अत्याचार करता है ,उनको अपने धार्मिक रीति रिवाज मनाने नहीं देता। यहाँ तक कि वीगर मुसलमानों के नरसंहार और उन्हें डिटेंशन सेंटर में बंद कर उन्हें यातनायें देने तक की खबरें आती रही हैं। परन्तु वही चीन दुनिया के मुसलमानों का इतना 'खयाल ' करता है कि उनके लिये सिर ढकने की टोपी,नमाज पढ़ने का मुसल्ला,जानिमाज यहां तक कि अल्लाह का नाम जपने वाली रंग बिरंगी यहाँ तक कि रात के अँधेरे में चमकने वाली तस्बीह तक पूरी दुनिया के इस्लामिक देशों में निर्यात करता है।

इसी तरह भारतीय बाजार में दीपावली जैसी देश की सबसे बड़ी बाजार व्यवस्था पर चीन अपना नियंत्रण गत लगभग दो दशक से किये बैठा है। छोटी से लेकर बड़ी से बड़ी रंगीन व आकर्षक आतिशबाजी हों या लाइट्स या देवी दवताओं की मूर्तियां या पोस्टर्स,धर्मस्थलों पर बिकने वाले छोटे बड़े गिफ़्टआइटम हों या गिफ़्ट हाउसेज में बिकने वाले सस्ते से लेकर मंहगे से मंहगे सामान, अधिकांशतः सब चीन निर्मित ही हैं। हद तो यह है कि नजर बट्टू जैसा अंधविश्वास पूर्ण आइटम जो हमारे देश में एक दूसरे की बुरी नजर लगने से बचने के उद्देश्य से लोग अपने घरों,दुकानों या अन्य कई जगहों पर लटकाते हैं वह भूत नुमा नजरबट्टू भी तरह तरह की डिजाइन में यानी 'स्मार्ट नजरबट्टू' भी चीन भारत जैसे देश में बड़ी संख्या में निर्यात कर रहा है। मेड इन चाइना नजरबट्टू यानी प्लास्टिक के निम्बू व हरी मिर्च भी बाजारों में भरे पड़े हैं। इसलिये यह कहना गलत नहीं होगा कि भारतीय लोगों द्वारा अपने ही भारतीयों पर डाली जाने वाली 'बुरी नजरें ' मेड इन चाइना 'नजर बट्टू,स्मार्ट भूत और प्लास्टिक के निम्बू व हरी मिर्च उतार रहे हैं।

जानकारी

# ग्वालियर



मध्य प्रदेश में ग्वालियर एक ऐसा शहर है जो अपने महलों और मंदिरों के लिए जाना जाता है। शहर में प्रमुख आकर्षण सास बहू का मंदिर है जो एक सुंदर नक्काशीदार मंदिर है। मध्य प्रदेश के पर्यटन स्थलों में प्राचीन ग्वालियर का किला एक प्रमुख स्थल है। बलुआ पत्थर का महल शहर को देखता है और ऊपर की ओर जाने वाली घुमावदार सड़क के माध्यम से पहुँचा जा सकता है। सड़क भी कई पवित्र जैन मूर्तियों के साथ पक्की है। किले के परिसर में 15वीं सदी का गुजरी महल पैलेस भी है, जो अब एक पुरातात्विक संग्रहालय के रूप में कार्य करता है। अन्य स्थान ग्वालियर में रुचि के हैं जय विलास पैलेस, तेली का मंदिर, गुजरी महल, ग्वालियर चिड़ियाघर, आदि। ग्वालियर जंक्शन रेलवे शहर के लिए मुख्य रेल लिंक के रूप में कार्य करता है और भोपाल, दिल्ली, चेन्नई, मुंबई जैसे प्रमुख भारतीय शहरों से जुड़ा हुआ है। आदि।

# Philips PUF8297 Smart TV हुआ लॉन्च



साइबर दुनिया

नई दिल्लीः Philips ने हाल ही में चीन में एक नया स्मार्ट टीवी Philips PUF8297 लॉन्च किया है। नए स्मार्ट टीवी में यूजर्स को 4 डिस्प्ले साइज 55 इंच, 65 इंच, 70 इंच और 75 इंच का ऑप्शन मिलता है। यहां हम आपको Philips के नए स्मार्ट टीवी के फीचर्स और स्पेसिफिकेशंस से लेकर कीमत के बारे में विस्तार से बता रहे हैं।

**Philips PUF8297 की कीमत और उपलब्धता**

कीमत की बात की जाए तो Philips PUF8297 की शुरूआती कीमत 2799 युआन (लगभग 33,387 रुपये) है, लेकिन स्मार्ट टीवी को प्री-ऑर्डर करने वाले ग्राहकों को 100 युआन (1,192 रुपये) से 300 युआन (3,578 रुपये) के बीच की डिस्काउंट मिल सकता है। उपलब्धता की बात करें तो यह टीवी चीन में पहले से ही प्री-ऑर्डर के लिए उपलब्ध है।

Philips PUF8297 के फीचर्स और स्पेसिफिकेशंस

फीचर्स और स्पेसिफिकेशंस की बात की जाए तो Philips PUF8297 स्मार्ट टीवी में 55 इंच से 75 इंच की एचडी डिस्प्ले दी गई है, जिसका रेजोल्यूशन 3840 x 2160 पिक्सल और रिफ्रेश रेट 60Hz है। हाई-डेफिनिशन डिस्प्ले से लैस यह स्मार्ट टीवी फिलिप्स की पेटेंटेड एंबिएंट लाइट टेक्नोलॉजी से लैस है, जो टीवी कंटेंट के अनुसार बैक एलईडी लाइट को ऑटोमैटिक एडजस्ट कर सकता है। इससे टीवी का व्यूइंग एक्सपीरियंस ज्यादा बेहतर होता है। यह एक स्मार्ट लाइट सेंसर से भी लैस है, जो स्मार्ट लाइट-सेंसिंग आई प्रोटेक्शन मोड का सपोर्ट करता है। यह इनडोर एंबियंट लाइट में बदलाव को फील कर सकता है और स्क्रीन ब्राइटनेस को ऑटोमैटिक ही एडजस्ट कर सकता है।

साउंड सिस्टम की बात करें तो इस टीवी में बिल्ट-इन ड्यूल इंडीपेंडेंट स्पीकर दिए गए हैं और यह डॉल्बी एटमॉस का सपोर्ट करता है। इसके अलावा इसमें अल्ट्रा-वाइड सराउंड साउंड भी है, जो यूजर्स को थिएटर-लेवल का साउंड एक्सपीरियंस प्रदान करता है। यह टीवी फार-फील्ड इंटेलिजेंट वॉयस कंट्रोल फंक्शन का भी सपोर्ट करता है।

टॉप ट्वीट



"हमारी धरोहर ही हमें अपने इतिहास, ज्ञान और संस्कृति से जोड़ती है। विश्व धरोहर दिवस पर हम सब प्रदेश और देश का गौरव बढ़ाने वाली अपनी साँची, भीमबेटका तथा खजुराहो जैसी अमूल्य धरोहरों के संरक्षण का संकल्प लें।"

शिवराज सिंह चौहान
मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री



"14 मिलियन लोगों को हैप्पी संडे। ठीक रहो। खुश रहो और खूब खाओ! हैशटैग लवमाईसंडे, हैशटैग होमएंडलिविंग, हैशटैग संडेवाइब्स आदि।"

काजोल
बॉलिवुड अभिनेत्री

संपादक के नाम पत्र

## नई तकनीक की ताकत

एक ताकतवर डिजिटल माइंड के तौर पर तेजी से लोकप्रिय हो चुका आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित चैट-जीपीटी ने थोड़े समय में ही कई स्तर पर खतरे की घंटी भी बजा दी है। डेटा चोरी की शिकायतें मिलने और नौकरियां छीने जाने की शुरूआत हो चुकी है। इसके द्वारा बौद्धिक और व्यावसायिक स्तर पर कामकाज के प्रभावित होने, मेधाशक्ति की मौलिकता में भोथरापन आने, विवेक की बुनियाद के झकझोरे जाने आदि समेत वैचारिक, ऐतिहासिक, भौगोलिक और सामाजिक तथ्यों के दस्तावेजों में सेंध लगाने की चिंता ने नई चुनौतियां पैदा कर दी है। माइक्रोसॉफ्ट संचालित प्लेटफार्म ओपन-एआई के चैटजीपीटी पर चालाकी, गलत जानकारियां और व्यावसायिक इस्तेमाल के लिए डेटा संग्रहित करने के आरोप तक लग रहे हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और मौलिक रचनात्मकता जैसे क्षेत्र को दुष्प्रभावित होने की आहट को देखकर ही ओपन-एआई पर ब्रिटेन समेत कई यूरोपीय देशों द्वारा सख्ती बरतने का सिलसिला शुरू हो गया है। उसे भले ही जल्द से जल्द अपनी त्रुटियां सुधारने और शिकंजा कसने की चेतावनी दी गई हो, लेकिन इटली, चीन, ईरान, उत्तर कोरिया, फ्रांस और रूस में इस पर प्रतिबंध तक लगा दिया गया। यहां तक कि आस्ट्रेलिया में उसके मालिक सैम आल्टमैन पर मुकदमा करने की बात सामने आई चुकी है।

शंभु सुमन

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

प्रदेश >> अपडेट

### विद्यार्थियों के लिए प्याऊ लगाया गया

**पलामू:** आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विकासार्थ विद्यार्थी , जनता शिवरात्रि महाविद्यालय इकाई द्वारा जनता शिवरात्रि महाविद्यालय में गर्मी के बढ़ते भीषण प्रकोप को देखते हुए विद्यार्थियों के लिए प्याऊ लगाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विकासार्थ विद्यार्थी पलामू जिला के संयोजक सुमित पाठक एवं संचालन नगर मंत्री रामा शंकर पासवान ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मेदिनीनगर इकाई के उपाध्यक्ष प्रो. अजीत सेठ ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने बहुत ही शानदार अभियान अपने हाथ में लिया है। भीषण गर्मी के बीच ठंडे जल का व्यवस्था करना पुण्य का कार्य है और परिषद कार्यकर्ता हमेशा ऐसे कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक रोहित देव ने कहा कि विकासार्थ विद्यार्थी के बैनर तले यह अभियान अपने हाथों में लिया है कि सभी महाविद्यालय, विद्यालय और नगर के प्रमुख चौक चौराहा पर प्याऊ लगाए जाएंगे।

पुलिसकर्मी को पुरस्कार

## पुरस्कार में नहीं भेदभाव, एसपी से सिपाही तक को मिला

# बिहार के डीजीपी ने तैयार की है बेहतर कार्यों के लिए वरीय अधिकारियों की सूची

- बांका के एसपी सत्यप्रकाश भी पुरस्कृत हुए
- नौगछिया एसपी सुशांत सरोज भी सम्मानित
- डीआईजी विवेकानंद ने दिया रेंज का पुरस्कार

दीपक नौरंगी



**पटना:** बिहार डीजीपी आर एस भट्टी ने रेंज में जिन पुलिसकर्मियों बेहतर कार्य किया है पुलिस पदाधिकारी और पुलिसकर्मी को पुरस्कृत किये जाने की सूची बनायी थी। इस जारी की गयी सूची में सबसे बड़ी बात यह है कि बिहार के पूरे रेंज में तैनात पुलिस पदाधिकारी और सिपाही पुलिसकर्मी को जो पुरस्कार दिया गया है। उसमें किसी प्रकार का भेदभाव नहीं देखा गया। एसपी से लेकर डीएसपी सहित सभी सिपाही को यह बेहतर कार्यों के लिए पुरस्कार दिया गया है। नहीं तो कई बार ऐसा देखा गया है कि वरीय पुलिस पदाधिकारियों को पुरस्कार मिल जाता है और जो सिपाही सबसे आगे बढ़कर रहते हैं वह पुरस्कार से वंचित हो जाते हैं। लेकिन इस कार्य के लिए वर्तमान डीजीपी की प्रशंसा बनती है। डीजीपी आर एस भट्टी के सौजन्य से यह पुरस्कार भागलपुर डीआईजी विवेकानंद के हाथों से रेंज में तैनात वरीय पुलिस पदाधिकारी और अन्य पुलिसकर्मी को दिया गया।

मंगलवार को भागलपुर पुलिस लाइन में सम्मान समारोह का आयोजन पुलिसकर्मियों के मनोबल को बढ़ाने के लिए किया गया। भागलपुर पहले पुलिस जोन हुआ करता था यहां आईजी बैठते थे लेकिन आज सरकार की क्या मंशा हुई रेंज तो सभी जगह किया गया लेकिन पुरानी यह कमिश्नरी को जो अंग्रेज के जमाने की है इसमें डीआईजी के पद को ही मान किया गया। रेंज के डीआईजी विवेकानंद की अध्यक्षता में रेंज के तीनों जिले के एसएसपी सहित दो एसपी सम्मान समारोह में मौजूद थे भागलपुर एसएसपी आनंद कुमार, नवगछिया एसपी सुशांत कुमार सरोज, बांका एसपी डॉ सत्यप्रकाश, भागलपुर नए सिटी एसपी अमित रंजन, नए प्रशिक्षु आइपीएस अपराजित सहित तीनों ही रेंज के डीएसपी, मेजर, कमांडेंट, इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर आदि मौजूद थे। बता दें कि पुलिस मुख्यालय की ओर से रेंज में कुल सात ऐसे गंभीर आपराधिक घटनाओं का चयन किया गया था जिनका त्वरित उद्भेदन टीम द्वारा किया गया था। इसके लिए भागलपुर रेंज के भागलपुर, बांका और नवगछिया पुलिस जिला को लेकर भागलपुर पुलिस रेंज के तीनों ही जिला के कुल 43 पुलिसकर्मियों का चयन किया गया था।

जिसमें नवगछिया एसपी सुशांत कुमार सरोज, बांका एसपी डॉ सत्यप्रकाश, भागलपुर विधि व्यवस्था डीएसपी डॉ गौरव कुमार, नवगछिया एसडीपीओ दिलीप कुमार, बेलहर डीएसपी प्रेमचंद्र सिंह, बांका सहायक कमांडेंट अंजन सरकार को सम्मान समारोह के दौरान डीआइजी विवेकानंद के हाथों पुरस्कृत किया गया। पुलिस अधिकारियों ने अपने संबोधन में जिन पुलिस पदाधिकारियों व कर्मियों को पुरस्कृत किया गया उन्हें बधाई और शुभकामना दी और अन्य पुलिसकर्मियों को कांडों के उद्भेदन के लिए बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। सभी पुलिसकर्मियों का बेहतर मनोबल बड़े इसके लिए यह सम्मान समारोह भागलपुर पुलिस लाइन में आयोजित किया गया। एक दिन पहले मुंगेर के रेंज के डीआइजी संजय कुमार ने भी अपने रेंज के सभी पुलिस पदाधिकारी को अपने हाथों से यह सम्मान दिया था।

**पुलिस को मिली बड़ी सफलता तो क्या राष्ट्रपति पुरस्कार के हकदार नहीं**

भागलपुर रेंज में तैनात पुलिस के वरीय अधिकारियों ने कई गंभीर मामलों में बड़ी सफलता प्राप्त की है। कई रिटायर आईपीएस अधिकारियों का मानना है पहले इतने बेहतर कार्यों के लिए राष्ट्रपति पुलिस कार के लिए भी पुलिस पदाधिकारियों को चयनित किया जाता था। आखिर डीजीपी आर एस भट्टी के कार्यकाल के दौरान बिहार के पुलिस के वरीय पदाधिकारी को बेहतर कार्यों के लिए अधिकारियों के साथ-साथ पुलिस कर्मियों को राष्ट्रपति पुरस्कार की ख्वाहिश मन में रहती है क्योंकि बहुत बेहतर और बड़ी सफलता प्राप्त की है। नवगछिया में 1300000 से भी अधिक रुपए की राशि बरामद कर लेना, कम समय में ही अपराध कर्मियों को गिरफ्तार कर लेना और भागलपुर के एक पूर्व सांसद के पेट्रोल पंप लूट के मामले में तीन लाख रुपए से भी अधिक बरामद कर मात्र दो घंटे में अपराध कर्मियों को गिरफ्तार कर लेना यह कोई साधारण कार्य नहीं है। ऐसे कार्यों के लिए अपने राज्य के पुलिस पदाधिकारियों को और बेहतर सम्मान से सम्मानित किया जाना चाहिए।

## विद्यालय की जमीन पर भू-माफिया कब्जा के विरोध में ग्रामीणों का विरोध प्रदर्शन



राष्ट्रीय खबर

**जामा:** थाना क्षेत्र के आसनसोल कुरुवा पंचायत के अंतर्गत तीनघरा गांव में स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय तीनघरा परिसर की जमीन पर कथित भू-माफिया द्वारा अवैध रूप से कब्जा करने के प्रयास के विरोध में सोमवार को विद्यालय के शिक्षकों एवं ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। मामले को लेकर तीन घरा गांव के ग्राम प्रधान राधेश्याम साह ने बताया कि जामा अंचल क्षेत्र के तीनघरा गांव में स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय तीनघरा के सामने मकान बनाने एवं भूमि हड़पने को लेकर देवघर जिले के पालोजोरी थाना क्षेत्र की कडरासाल गांव के रहने वाले कथित भू-माफिया के विरुद्ध देवघर जिले के मधुपुर अनुमंडल न्यायालय में मामला दर्ज हुआ था। विद्यालय प्राध्यापिका ने प्रशासन एवं सरकार से मांग करते हुए बताया कि सरकारी पर जमीन माफियाओं ने अवैध तरीके से टेंट लगाया हुआ है। निर्माण कार्य के लिए ईट एवं मिट्टी भी गिरा दिया गया है। जिसे शिक्षकों ने जल्द से जल्द हटाने की मांग की है। इस दौरान जिप सदस्य कालेश्वर सोरेन ने बताया कि कागज में साफ तौर पर देखा जा रहा है कि मधुपुर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा स्कूल का ही जमीन सत्यापित किया गया है दान पत्र में। कालेश्वर सोरेन ने बताया कि भूमाफियाओं के द्वारा उक्त जमीन घर बनाया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि करीब एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी अंचल के अधिकारी स्कूल तक नहीं पहुंचे है और कोई करवाई भी नहीं किया है। मामले को लेकर सीओ आशीष कुमार मंडल ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। जांच के लिए राजस्व कर्मचारी भेजा गया था। बताया कि अमीन के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर सत्यता की जांच की जाएगी। तब तक अगले आदेश तक के लिए किसी भी प्रकार की गतिविधि या कार्य पर रोक लगाने का निर्देश दिया गया है।

## चुटोपहाड़ के पास से अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद

राष्ट्रीय खबर

**जामा:** चुटोपहाड़ के समीप सोमवार को जामा थाना पुलिस ने एक अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद होने से सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही एसआई रविशंकर सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन की। मृतक की पहचान मुफसिल थाना क्षेत्र के गांदो गांव के रहने वाले रामू राय के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि बीते दिन 14 अप्रैल को ये चड़क पूजा देखने अपने बेटी माला देवी के घर दिग्घी आया हुआ था। शुक्रवार 14 अप्रैल की रात्रि में चड़क पूजा देखने चुटोनाथ गया था। चड़क पूजा देखने के बाद बेटी घर दिग्घी वापस लौट रहा था। लेकिन बेटी घर वापस नहीं आने पर बेटी दामाद ने काफी तलाश की ओर छानबीन की गई लेकिन नही मिला। बाद में चुटोपहाड़ से दिघी जाने वाले पहाड़ी रास्ते के बगल में मृत पड़ा हुआ मिला। बताया कि मृतक को बराबर मिरगी का दौरा पड़ता था। मिरगी की दौरे पड़ने से मौत हो गई है। बेटी माला देवी एवं दामाद चिगड़ राय ने बताया कि शारिरिक रूप से कमजोर था। मिरगी का दौरा पड़ता था। इसी कारण मिरगी का दौरा पड़ने से गिर जाने से इसकी मौत हो गई है। किसी तरह की हत्या की आशंका नहीं दिखाई पड़ती है।

## न्यूज फटाफट

### डीडीसी के निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित शिक्षक का एक दिन के वेतन पर लगी रोक



**दुमका:** डीडीसी अभिजीत सिन्हा ने काठीकुंड प्रखंड के आसनपहाड़ी एवं आमगाछी पंचायत भ्रमण कर पेयजल आपूर्ति के अद्यतन स्थिति का निरीक्षण किया गया। भ्रमण के क्रम में सरूवापानी हटिया एवं आंगनबाड़ी केन्द्र, आमगाछी के पास चापाकल खराब पाया गया। मध्य विद्यालय, नारगंज का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में एक शिक्षक अनुपस्थित पाये गए। जिनको स्पष्टीकरण करते हुए एक दिन का वेतन स्थगित करने का निर्देश दिया गया। डीडीसी ने स्मार्ट क्लास रूम की भी जांच की गई। देखा गया कि नेट कनेक्टिविटी की स्थिति अच्छी नहीं है। जिसके सुदृढ़ प्रबंध के लिए बीईईओ को निर्देश दिया। क्षेत्र भ्रमण के क्रम में चापानल मरम्मति कार्य का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। प्रखंड - सह - अंचल कार्यालय काठीकुंड में विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की गई। चापाकल मरम्मति में ढिलाई के कारण पंचायत सचिव, बिछियापहाड़ी को स्पष्टीकरण की गई। आवास एवं मनरेगा में खराब प्रदर्शन के कारण कदमा, कालाझार, पान्दनपहाड़ी एवं झिकरा के पंचायत सचिव से स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर प्रभारी काठीकुंड बीडीओ, चिकित्सा पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

### कृषि को लेकर 18 अप्रैल से होने वाली कार्यशाला की हुई समीक्षा



**दुमका:** आत्मा सभागार में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग भारत सरकार द्वारा कृषि विभाग के माध्यम से कृषि अवसंरचना कोष (एआईएफ) लागू किया जा रहा है। यह छोटे एवं सीमांत किसानों के साथ उद्यमियों को बैंको से जोड़ने और कृषि बुनियादि ढ़ाचे के विकास के लिए ऋण प्राप्त करने के लिए एक योजना है। जो फसल कटाई के बाद के प्रबंधन, प्रसंस्करण और कुछ अन्य संबद्ध गतिविधियों में सहायता करती है। जिसमें किसानों, बैंकरो एवं एफपीओ, एनजीओ एवं अन्य के बीच जागरूकता विकसित करने के लिए 18 अप्रैल को कृषि निदेशक, रांची के अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला की तैयारी की पूर्ण समीक्षा की गई। जिसमें कृषि निदेशालय से प्रभात चन्द्र दूबे राज्य समन्वयक कृषि अवसंरचना कोष, जिला कृषि पदाधिकारी कमल कुमार कुजूर, जिला अग्रणी प्रबंधक प्रवीण कुमार, वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान कृषि विज्ञान केन्द्र, डॉ किरण कुमारी, परियोजना निदेशक डॉ देवेश कुमार सिंह, जिला मत्स्य पदाधिकारी, अमरेन्द्र कुमार, जिला उद्यान पदाधिकारी, गौतम कुमार आदि मौजूद थे। राज्य समन्यक चंद्र दूबे द्वारा कृषि अवसंरचना के मूल उद्देश्यों एवं उसके मुख्य विचार से अवगत कराया। उनके द्वारा बताया गया कि किसानों को सीधे उपभोक्ताओं के मांग के आधार पर कृषि उत्पाद एवं अन्य बेचने की अनुमति देने के लिए बेहतर विपणन बुनियादी ढांचे और किसानों के लिए मूल प्राप्ति में वृद्धि से किसानों की आय में वृद्धि होगी।

### सांगठनिक विस्तार को लेकर राजद की बैठक

**जामा:** राजद प्रखंड कार्यालय जामा में सोमवार को सांगठनिक विस्तार को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष राम सुंदर पंडित ने की। बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सुरेश पासवान एवं प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ बाबूराम हांसदा एवं ललित यादव उपस्थित हुए। बैठक में संगठन का विस्तार करते हुए मानवेल हेम्ब्रम को प्रखंड एसटी प्रकोष्ठ का अध्यक्ष एवं प्रिय रंजन टुडू को एसटी प्रकोष्ठ जामा का प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया। साथ ही पंचायत अध्यक्ष के रूप में सिकंदर मंडल पंचायत अध्यक्ष सारसबाद, सुफान किस्कू पंचायत अध्यक्ष आसंजोर, कुंदन कुमार यादव को पंचायत अध्यक्ष मोहुलबोना बनाया गया। इस अवसर पर सुसनना मरांडी, सुफल हेम्ब्रम, मुकेश कुमार, धर्मवीर गुप्ता, राजेंद्र मंडल, उदय बावरी, शोले मरांडी आदि ने राजद की सदस्यता ग्रहण की।

### सतीश तिवारी के निधन पर युवा वाहिनी ने संवेदना व्यक्त किया

**मेदिनीनगर :** राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी ने रेड़मा निवासी सतीश तिवारी( कल्टू तिवारी )के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की है ।युवा वाहिनी के द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि कल्टू तिवारी बहुत ही सामाजिक इंसान थे उनके निधन से सामाजिक क्षति हुई है ।यहाँ गौरतलब है कल्टू तिवारी वार्ड नंबर 17 के वार्ड आयुक्त सुमित तिवारी के पिता थे जिनका सोमवार को कलकत्ता के एक नर्सिंग होम में निधन हो गया। उनके निधन की जानकारी मिलने पर युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी,नवीन तिवारी,फोटू दूबे,शिशू दूबे,सहित कई सदस्य उनके पैतृक आवास रेड़मा पहूँचे व परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदना व्यक्त किया। संवेदना व्यक्त करने वालों में अनुशासन प्रकोष्ठ अध्यक्ष संतोष तिवारी,प्रमंडलीय प्रभारी चंदन तिवारी,संरक्षक संजय मिश्रा,राकेश पांडेय,प्रमंडलीय अध्यक्ष लल्लू पांडेय,अनील दूबे,सुशील तिवारी,सतीश तिवारी सहित कई सदस्य शामिल हैं।

## तरबूज लदे पिकअप वैन पलटने से चालक की मौत



राष्ट्रीय खबर

**हरिहरगंज/पलामू :** थाना क्षेत्र के सरसोत पंचायत अंतर्गत लुकुआ गांव स्थित नहर में तरबूज लदे पिकअप वैन अनियंत्रित होकर पलट गई और वैन से दबकर चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई ।जबकि उप चालक 22 वर्षीय रंजीत अगरिया बाल बाल बच गया। घटना बीते सोमवार की रात करीब 2:30 बजे की बताई गई है। जिसकी सुचना पहले एक हाईवा चालक द्वारा बरवाडीह के ग्रामीण को दी गई। बाद में ग्रामीणों ने पत्थरा पुलिस पीकेट को घटना की जानकारी दी। सुचना पाकर मंगलवार की अहले सुबह पत्थरा पीकेट के प्रभारी नितीश कुमार दल बल के साथ पहुंच कर घटना स्थल का जायजा लिया और जेसीबी लाकर पिकअप वैन को सीधा कराया । इस दौरान विधिवत शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर भेज दिया। इस संबन्ध में उपचालक रंजीत अगड़िया ने बताया कि मृतक 21 वर्षीय दीपलेश अगरिया बलरामपुर जिले के त्रिकुंडा थाना क्षेत्र के सुलसुली गांव निवासी सुधन अगरिया का पुत्र है। जो अंबिकापुर मंडी से पिकअप वैन नम्बर यूपी 64-एटी-8680 पर तरबूज लादकर बिहार के शेरघाटी जा रहा था।

## मूंगकेरी पंचायत में जय भारत सत्याग्रह का आयोजन किया गया



राष्ट्रीय खबर

**छतरपूर:** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वधान में जिला में चल रहे जय भारत सत्याग्रह को लेकर आज दिनांक 18 अप्रैल 2023 को 19 वा दिन पलामू जिला के छतरपुर विधानसभा के मूंगकेरी पंचायत में जय भारत सत्याग्रह का आयोजन किया गया कार्यक्रम का अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गोपाल प्रसाद सिंह एवं संचालन जिला उपाध्यक्ष मिथिलेश कुमार सिंह ने किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक मौजूद थे नुक्कड़ सभा में केंद्र सरकार पर घोटालों एवं भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गया कांग्रेस जनों ने जमकर केंद्र सरकार के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए भड़ास निकाला लोगों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि वास्तव में केंद्र सरकार चोरों की चौकीदारी कर रही है देश में लोकतांत्रिक मूल्यों पर प्रहार कर लोकतंत्र का गला घोटा जा रहा है केंद्र में मोदी सरकार आने के बाद से नियमित तौर पर लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाया जा रहा है केंद्र सरकार देश की संपदा लूटने वाले को संरक्षण दे रही है जन जन के नेता हम सभी के नेता आदरणीय राहुल गांधी ने जब सवाल किया सबूत भी दिए लेकिन केंद्र सरकार अपने मित्र को नियम बदल कर लाभ दे रही है और सवालों का जवाब देना मैं नाकाम साबित हुआ है देश की जनता जान चुकी है 23 मार्च 2023 से देश की सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है 2024 में देश की जनता इनको मुंहतोड़ जवाब देगी मौके पर जिला उपाध्यक्ष मिथिलेश कुमार सिंह ,जिला महासचिव संतोष गुप्ता, अनुसूचित जाति के जिला अध्यक्ष अशोक पासवान, कुर्बान अंसारी ,मुस्ताक आलम साबुद्दीन, अंसारी खालिद काफी संख्या में लोग उपस्थित थे ।

जल संकट

## जलसंकट को लेकर नगर पंचायत में लोगों के बीच पनप रहा आक्रोश

# जल संकट से त्राहिमाम,एसडीओ को सौंपा 11 सूत्री ज्ञापन

- खराब पड़े चापानलों की शीघ्र मरम्मत कराई जाए
- लोगों का नहाना खाना मुश्किल हो गया है
- जलस्तर नीचे चले जाने के कारण सर्वत्र हाहाकार मचा हुआ है

राष्ट्रीय खबर

**छतरपुर (पलामू):** नगर पंचायत छतरपुर में जलसंकट से लोग त्राहिमाम कर रहे हैं। जलस्तर नीचे चले जाने के कारण सर्वत्र हाहाकार मचा हुआ है। इलाके के अधिकांश चापानल, बोरवेल्स, आहर, तालाब, डैम और ताल तलैया सूख गये हैं। आज आलम ये है कि लोगों का नहाना खाना मुश्किल हो गया है। नगर की समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराने के लिए छतरपुर विकास मंच के अध्यक्ष सह नगर अध्यक्ष पद के पूर्व प्रत्याशी अरविंद गुप्ता ने ग्यारह सूत्री मांग पत्र छतरपुर एसडीओ नरेंद्र गुप्ता को सौंपा है। मंच के द्वारा एसडीओ को जिन ग्यारह सूत्री मांगों के समर्थन में ज्ञापन सौंपा गया है उनमें महत्वपूर्ण मांगें निम्नवत हैं। सभी वार्डों में रोस्टर के हिसाब से पेयजल की आपूर्ति हो। नगर के सिविल सोसाइटी के साथ नगर पंचायत बैठक कर नगर पंचायत की नली, गली और



पेयजल की समस्या का समाधान करे, नगर पंचायत के सभी खराब पड़े चापानलों की शीघ्र मरम्मत कराई जाए। नगर के सभी खराब जलमिनारों की मरम्मत कराई जाए। नगर में पेजल स्वच्छता विभाग के द्वारा सोन नदी से प्रस्तावित जलापूर्ति हेतु पांच पांडव पर पानी टँकी का निर्माण शीघ्र हो, साथ ही नगर में पाइप लाइन बिछाने का कार्य शीघ्र सुनिश्चित कराई जाए। अति जल संकटग्रस्त इलाकों को चिन्हित कर नए जलमिनारों की स्थापना की जाए। पूर्व में बनाये गए नाली, सड़क आदि योजनाओं में लूट की गुणवत्ता की जांच कराई जाए। पीएम आवास के लाभुकों को घर निर्माण हेतु पेंडिंग पड़े किस्तों का भुगतान सुनिश्चित कराई जाए। नगर पंचायत में कार्यदिवस पर कार्यरत सफाईकर्मियों की बकाए मानदेय का भुगतान किया जाए।अरविंद गुप्ता ने ज्ञापन देने के बाद पत्रकारों से कहा कि कई दफा उनके द्वारा नगर पंचायत को धरना और ज्ञापन के माध्यम से समस्या से अवगत कराया जा चुका है। कहा कि नगर में जलसंकट व्याप्त है और प्रतिनिधि बेपरवाह है। लोगों के सामने जीवन मरण का संकट खड़ा हो गया है अगर नगर पंचायत ने सभी मांगों पर गम्भीरता से विचार नहीं किया तो नगर के लोग पेयजल के लिए आमरण अनशन करने को बाध्य हो जाएंगे। अरविंद ने यह भी बताया कि ज्ञापन के बाद एसडीओ ने आश्वस्त किया है कि ज्ञापन में दर्शाए गए सभी समस्याओं पर बिंदुवार पलामू डीसी और सम्बंधित विभाग को वे पत्राचार कर अवगत कराएंगे।

## शहर >> अपडेट

### सेवानिवृत्त शिक्षक हाजी यूसुफ का निधन

**मरकच्चो :** प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो के मध्य पंचायत स्थित दरगाह मोहल्ला निवासी अवकाश प्राप्त शिक्षक हाजी यूसुफ शेख (78 वर्ष) का निधन मंगलवार को अपने निवास स्थान मरकच्चो में हो गया। वे लगभग एक साल से बीमार चल रहे थे। वे अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र व तीन पुत्रियों का भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं। वे 2005 में सरकारी सेवा से अवकाश प्राप्त हुए थे।

## सिटी अपडेट्स >>

### पश्चिमी सिंहभूम ने कोडरमा को 3 विकेट से हराया

**झुमरीतिलैया :** इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 16 क्रिकेट टूनार्मेंट का मैच मंगलवार को पुलिस लाइन मैदान में कोडरमा और पश्चिमी सिंहभूम के बीच हुआ। टॉस जीतकर कोडरमा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में 9 विकेट खोकर 258 रन बनाए। जिसमें प्रियांशु ने शानदार 128 रन, आयुष ने 43 रन और अभिजीत ने 27 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए पश्चिमी सिंहभूम की ओर से सत्यम सिंह ने 5 विकेट, पियूष त्यागी ने 2 विकेट और अनीस ने 1 विकेट लिए। बाद में बल्लेबाजी करने उतरी पश्चिमी सिंहभूम की टीम 48.1 गेंद में 7 विकेट खोकर विजय लक्ष्य को हासिल कर लिया। जिसमें कार्तिक कृष्णा ने 76 रन, साकेत ने 28 रन और अर्चित ने 26 रन का योगदान दिया।

### झारखंड बंद को सफल बनाने पर की गई चर्चा

**पेटरवार :** पेटरवार प्रखंड स्थित +2 उच्च विद्यालय के फुटबॉल मैदान में मंगलवार को आदिवासी सेंगेल अभियान की एक बैठक बोकारो जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष ललिता सोरेन की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 19 अप्रैल झारखंड बंद को सफल बनाने पर चर्चा की गई। तथा आदिवासी सेंगेल अभियान को मजबूती और तेजी लाने के लिए रामजीत बेसरा को बोकारो जिला परगना एवं पुरन भोक्ता को बोकारो जिला संयोजक के रूप में नियुक्त किया गया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### मोटरसाइकिल चोरी के आरोप में तीन युवकों को भेजा जेल

**कोडरमा :** कोडरमा थाना क्षेत्र व डोमचांच थाना अंतर्गत हुई मोटरसाइकिल चोरी की घटना में शामिल तीन आरोपियों को कोडरमा थाना प्रभारी द्वारिका राम ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उन्होंने बताया कि तीन युवकों मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया था। जिसमें संदीप कुमार रविदास ग्राम भागहर, मनीष कुमार ग्राम अंबालरी, खुशलाल ग्राम पहाड़पुर गया के नाम शामिल है। उन्होंने बताया कि इस बाबत कोडरमा थाना कांड संख्या 65/23 दर्ज किया गया है।

### शांतिलाल जैन ने हरी झंडी दिखाकर प्रचार गाड़ी को किया रवाना

**पेटरवार :** पेटरवार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर से मिशन परिवार विकास अभियान 2023 अंतर्गत के सारथी ऑन व्हील्स कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद प्रतिनिधि पंकज कुमार सिन्हा, शांति लाल जैन व प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुंदन राज ने प्रचार गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा कि सारथी ऑन व्हील्स के माध्यम से पेटरवार प्रखंड अंतर्गत सभी पंचायतों में परिवार विकास से संबंधित सभी प्रकार की सेवाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी साथ ही साथ लोगों को परिवार नियोजन संबंधी लाभ को अपनाने के लिए लोगो को जागरूक किया जाएगा।

### रमेश कुमार सिंह के निधन पर लोगो ने किया शोक व्यक्त

**पेटरवार :** पेटरवार प्रखंड के बुंडू निवासी कांग्रेस नेता स्वर्गीय भोला सिंह के छोटे भाई रमेश कुमार सिंह (60 वर्ष) का निधन बुंडू स्थित आवास में हृदयाघात से हो गया। जिसका अंतिम संस्कार बुंडू स्थित अम्बागढा नदी के तट पर मंगलवार को कर दिया गया। मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र रवि कुमार सिंह ने दी।

**शिक्षा** पाकुड़ जिले में विभिन्न शैक्षणिक संस्थान में बिजोलिया

# मोटी रकम लेकर करा रहे हैं नामांकन, बंद करने होंगे ऐसे संस्थान : अभाविप




राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पाकुड़ द्वारा संगठन के आगामी योजनाओं के संबंध में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में जिला संयोजक बम भोला उपाध्याय, नगर मंत्री प्रदीप मिश्रा एवं नगर सह मंत्री रॉकी रविदास ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि पाकुड़ जिले में विभिन्न शैक्षणिक परिसरों में व्याप्त शैक्षणिक समस्याओं को लेकर विद्यार्थी परिषद पाकुड़ मई के महीने में आंदोलन करेगी। जिला संयोजक बम भोला उपाध्याय ने बताया कि जिले के कई ऐसे बड़े संस्थानों के नाम सामने आ रहे हैं जो बिचौलियों के माध्यम से अभिभावकों से बड़ी रकम वसूल कर नामांकन ले रहे हैं। इनकी जड़ शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक फैली है। बदले में संस्थान बिचौलियों को एक तय राशि प्रदान करता है। साथ ही अगर छात्रों का परिचय किसी बड़े राजनेता यह पहुंच वाले व्यक्ति से है तो उसके नामांकन में लगने वाली राशि में छूट दी जाती है। आर्थिक रुप से कमजोर छात्र से पुरी राशि वसूली की जाती है। विद्यार्थी परिषद पूरे प्रमाण के साथ ऐसे संस्थान का घेराव करेगी।

ऐसे संस्थान बंद हो इसके लिए जिला स्तर से लेकर राज्य स्तर पर आंदोलन करने की तैयारी चल रही है। एक प्रश्नोत्तर में श्री बम भोला ने बताया कि जिले में लगातार बढ़ती गर्मी एवं तापमान को देखते हुए विद्यार्थी परिषद जिला प्रशासन से कक्षा 8 तक के अध्यापन प्रातः 10:00 बजे तक करने हेतु ज्ञापन देगी। नगर सह मंत्री रॉकी रविदास ने बताया कि अभिभावक द्वारा संज्ञान में आया है निजी विद्यालयों में नामांकन में लगने वाले अतिरिक्त फीस , री-एडमिशन के अलावा इन दिनों अभिभावकों पर बच्चों के लिए किताब कॉपी व कवर खरीदने का बोझ भी बढ़ रहा है।

प्रत्येक वर्ष अतिरिक्त शुल्क के नाम पर पैसे की वसूली कतई स्वीकृत नहीं है विद्यार्थी परिषद इसका पुरजोर विरोध करती है। वही नगर मंत्री प्रदीप मिश्रा ने बताया कि विभिन्न प्लस 2 विद्यालयों में छात्रों की मूलभूत समस्याओं के साथ शिक्षकों की कमी शिक्षा को प्रभावित करने वाला एक बड़ा विषय है । विद्यार्थी परिषद इसको लेकर के लगातार प्रयास कर रही है। आने वाले दिनों में सभी विषयों को लेकर के विद्यार्थी परिषद मई के महीने में शैक्षणिक परिसरों में आंदोलन कर छात्र हितों में कार्य करने के लिए प्रतिबद्धता से प्रयास करेंगी।

# कोडरमा : गर्मी और धूप से लोग बेहाल



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** कोडरमा जिले मे भीषण गर्मी से आम लोग परेशान हैं। गर्मी प्रतिदिन अपना पुराना रिकॉर्ड तोड़ती जा रही है, जिसके कारण लोग घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। जो लोग भी वह किसी तरह जल्दी-जल्दी अपना काम निपटा कर घर में दुबकने को मजबूर है। मंगलवार तापमान 41 डिग्री को पार गया। इस गर्मी से राहत कहीं नहीं मिल पा रही है। खेत सूख गए हैं और पानी के लिए हाहाकार मचा है। कड़ी धूप से लोग परेशान पिछले कई महीनों से परेशान हैं। सबसे ज्यादा मोटरसाइकिल से चलने वालों को और पैदल दिन प्रतिदिन बेतहाशा गर्मी कर सामना करना पड़ता है। दोपहर के समय पूरा क्षेत्र में सन्नाटा रहता है। तीखी धूप से लू का कहर शुरू हो गया है। दिन में गर्म हवा चल रही है, सूरज के आसमानी आग उगलने से आम आदमी परेशान हैं। गर्मी के कारण सत्तू, लस्सी, ठंडा पानी, नारियल पानी, गन्ना का रस, खीरा, ककड़ी की बिक्री बढ़ गई है।

शिक्षा सचिव के. रवि कुमार ने कई विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण

# शिक्षा सचिव के सारे प्रश्नों का जवाब बच्चों ने सही- सही दिया



राष्ट्रीय खबर

**पेटरवार :** पेटरवार राज्य के शिक्षा सचिव के. रवि कुमार ने मंगलवार को पेटरवार प्रखंड के कई विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने प्लस टू उच्च विद्यालय पेटरवार, उत्क्रमित मध्य विद्यालय प्रखंड कॉलोनी ओर उत्क्रमित मध्य विद्यालय मायापुर का औचक निरीक्षण किया। शिक्षा सचिव प्रखंड कॉलोनी स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय पहुंचे। वहां पर उन्होंने विद्यालय का विज्ञान प्रयोगशाला, स्मार्ट क्लास ओर पुस्तकालय आदि का गहनता के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रथम, द्वितीय ओर तृतीया कक्षा में शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्र- छात्राओं से एफ एल एन पुस्तक से अनेक प्रश्न बच्चों से पूछा। उन्होंने बच्चों से कहा कि बताओ तो 17 ओर 27 में कौन सा अंक बड़ा है, 27 में तीन जोड़ने पर उसका योग कितना होगा। शिक्षा सचिव के सारे प्रश्नों का जवाब बच्चों ने सही- सही दिया। शिक्षा सचिव ने हिंदी पुस्तक की कहानियों से भी कई सवाल बच्चों से की जिसका बच्चों ने सही- सही जवाब दिया। इस दौरान करीब 45 मिनट तक विद्यालय में रहे और उसके बाद उत्क्रमित मध्य विद्यालय मायापुर का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी घनश्याम साहू, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अजय कुमार मुंडा, विद्यालय के प्रधानाध्यापक सह सचिव रंजीत कुमार, सीआरपी विकास चंद्र मेहता, सुभाष कुमार चौहान, हासिम अंसारी, सय्युम रजा, पंकज रजवार, अमित सिन्हा, विजयलक्ष्मी सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

# ग्रिजली विद्यालय में खसरा एवं रूबेला टीकाकरण अभियान का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा :** ग्रिजली विद्यालय, तिलैया डैम में खसरा एवं रूबेला टीकाकरण अभियान के तहत विद्यालय परिसर में टीकाकरण कैम्प का आयोजन किया गया। 5 वर्ष से 15 वर्ष की आयु के छात्रों के लिए इस टीकाकरण अभियान के तहत छात्रों को प्रशिक्षित स्वास्थकर्मियों एएनएम, सहिया तथा सेविकाओं के द्वारा टिका लगाया गया। इस टीकाकरण अभियान में छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने अभिवावकों के साथ टिका लेने विद्यालय पहुंचे। इस अवसर पर ग्रिजली विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता, प्राचार्या अपर्णा सिन्हा ने इस टीकाकरण कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा की इस जानलेवा बीमारी को रोकने के लिए किए जा रहे इस टीकाकरण से इस बीमारी के रोकथाम में मदद मिलेगी।

विश्व स्वास्थ संगठन के निगरानी चिकित्सा अधिकारी (एसएमओ) डॉ दीपक कुमार ने कहा की ये टिका बच्चों के लिए सुरक्षित है तथा 15 वर्ष तक के आयु वर्ग के सभी बच्चों के लिए है। जिन बच्चों ने ये टिका पूर्व में लिया है तो भी वो इस टिका को ले सकते है। इस अवसर पर जयनगर के सीएससी डॉ विश्वकर्मा गोस्वामी, संयुक्त राष्ट्र बाल निधि (यूनिसेफ) के रीजनल कोऑर्डिनेटर नन्द जी दुबे, सी एच ओ, जयनगर महेश बुनकर के देखरेख में एएनएम पुष्प कुमारी, सुषमा कुमारी, जीवन्ति टोप्पो, ज्योति किरण कुजूर, पुष्प रानी, अष्मिता कुमारी, बबिता तिर्की, सहिया तथा सेविकाओं कंचन देवी, विद्या देवी, मुन्नी देवी, श्रुति देवी, सावित्री देवी, सुधा देवी, अंजू देवी, प्रतिमा, आरती कुमारी, मधुबाला, फुलवा देवी, गिरजा देवी, मनोरमा देवी, आरती देवी के द्वारा विद्यालय में बनाये गए 7 अलग-अलग बूथ में 561 छात्रों का टीकाकरण किया गया। इस अवसर पर ग्रिजली विद्यालय के संयोजक बी डी नस्कर, अनुराग सिंह, तुषार रॉय चौधरी, प्रीति जगनानी, विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी मौजूद थे।

## नाबालिग लड़की का अपहरण कर दुष्कर्म के आरोपी को 14 वर्ष सश्रम कारावास

राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** नाबालिग का अपहरण कर जबरन धर्म परिवर्तन कर निकाह करने एवं दुष्कर्म किए जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने मंगलवार को आरोपी रिंकू अंसारी (पिता गुलाम मुस्तफा, सौदागर मोहल्ला पोस्ट भौरा धनबाद) को 376 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए 14 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 25 हजार जुमार्ना भी लगाया। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर 1 वर्ष अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी। साथ ही अदालत ने 366 (ए) आईपीसी एक्ट के तहत दोषी पाते हुए 5 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई और 20 हजार जुमार्ना भी लगाया। जुमार्ना की राशि नहीं दिए जाने पर छह माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी। नाबालिग के पिता ने सतगावां थाना में आवेदन देकर मामला (कांड संख्या 17/2013) दर्ज कराया था। आवेदन में उन्होंने कहा था कि पड़ोस के एक दुकान में काम करने वाला रिंकू अंसारी उसकी बच्ची को जबरन अपहरण कर शादी की नियत से भगा कर ले जाया गया। बताते चलें कि नाबालिग को मारुति कार के द्वारा जबरन अपहरण कर ले जाने के उक्त मामले में पूर्व में ही चालक को सजा सुना दी गई है। मुख्य आरोपी रिंकू अंसारी फरार चल रहा था। पुलिस की दबिश एवं कुर्की जब्ती का नोटिस चिपकाया जाने के बाद आरोपी ने नाबालिग के साथ सरेंडर किया था। कोर्ट में दिए बयान में नाबालिग ने बताया था कि उसके पिता घर नहीं पहुंचे थे उसी वक्त वह घर से बाहर पिता को देखने के लिए निकली थी। इसी दौरान रिंकू अंसारी ने जबरन कार में बिठा लिया और वहां से धनबाद लेकर चला गया उसके बाद वहां से झालदा फिर दिल्ली लेकर चला गया। रिंकू अंसारी द्वारा गलत एफिडेविट के माध्यम से उसे बालिग दिखाते हुए डुप्लीकेट आधार कार्ड बनाया गया ।

**कार्यक्रम** दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति जिला कोडरमा की बैठक

# संविधान बचाओ, देश बचाओ, लोकतंत्र बचाओ पर 23 अप्रैल को सेमिनार



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति जिला कोडरमा की बैठक समिति के जिला अध्यक्ष इंद्रदेव राम की अध्यक्षता में साहू धर्मशाला में की गई। संचालन जिला सचिव गणेश दास ने किया। बैठक में विगत कार्यक्रमों का कार्य रिपोर्ट इंद्रदेव राम ने प्रस्तुत किया। बैठक में 23 अप्रैल को अंबेडकर की जीवनी पर सेमिनार करने का फैसला लिया गया है। सेमिनार के पूर्व अंबेडकर चौक झुमरीतिलैया पहुंचकर अंबेडकर के प्रतिमा पर माला अर्पण एवं पुष्पांजलि कर साहू धर्मशाला में सेमिनार में शिरकत करेंगे। यह सेमिनार देश की वर्तमान हालात को देखते हुए संविधान बचाओ देश बचाओ लोकतंत्र बचाओ देश बचाओ नारों के साथ किया जाएगा। सेमिनार मे सभी प्रखंडों से सैकड़ों की संख्या में भाग लेने का फैसला लिया गया। बैठक मे जिप सदस्य महादेव राम, जिला उपाध्यक्ष प्रकाश रजक, पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज रजक, प्रेम प्रकाश, दुर्गा प्रसाद, सिकंदर कुमार, संजय दास, मनोज कुमार दास, प्रदीप राम, रघुनाथ दास, भीम आर्मी के मनोज कुमार दास, विनोद दास, कृष्ण दास, वासुदेव रविदास, रामचंद्र रविदास मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन दुर्गा प्रसाद राम ने किया।

### आग से बचाव पर जागरूकता कार्यक्रम

**झुमरीतिलैया :** सेक्रेड हार्ट स्कूल में मंगलवार को आग से बचाव पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें अग्निशमन विभाग से जिला अग्निशमन पदाधिकारी शैलेंद्र किशोर, प्रधान अग्नि चालक रामचंद्र महतो और अग्नि चालक रजत कुमार मींज विशेष रूप से मौजूद थे। जिला अग्निशमन पदाधिकारी शैलेंद्र किशोर ने बच्चों को आग से बचाव के कई सुझाव दिए। उन्होंने गर्मी में खुले में आग जलाने, आग पर काबू पाने का तरीका बताया। उन्होंने कहा कि खुले में आग जलाने से आग तेजी से फैलती है और आसपास के इलाकों को अपनी चपेट में लेती है। इससे बड़ी दुर्घटना होने की संभावना भी रहती है।

## न्यूज फटाफट

### मायूम एवं प्रेरणा शाखा का पदस्थापना 20 को

**झुमरीतिलैया :** मारवाड़ी युवा मंच झुमरीतिलैया एवं प्रेरणा शाखा झुमरीतिलैया शाखा की नये सत्र 2023-24 की कमिटि का पदस्थापना समारोह 20 अप्रैल को शिववाटिका में आयोजित होगा। इस संबंध में दोनों शाखाओं की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में मायूम के अध्यक्ष राज पचीसिया सचिव आशीष जोशी, प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष श्रेया केडिया, सचिव सारिका लडढा व पूर्व अयध्यक्ष काजल गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित थी। निर्णय लिया कि इस पदस्थापना समोराह में प्रांतीय अध्यक्ष अरूण गुप्ता, महामंत्री सार्थक अग्रवाल, प्रातीय सहायक मंत्री अखिल सरावगी प्रांतीय मंडल का उपाध्यक्ष वीनिता सिंघानिया मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगी। सभी पदाधिकारी अध्यक्ष, महामंत्री सहित पूरे टीम को पद व गोपनीयता का शपथ दिलायेगें। इस अवसर पर मंच और प्रेरणा शाखा के द्वारा राष्ट्रीय एवं प्रांतीय कार्यक्रम के अलावा स्थानीय कार्यक्रम की रूप रेखा के बारे में बताया जायेगा। बेटी बचाओ बेटी पढाओ अमृत धारा योजना के तहत कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया। मौके पर प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष श्रेया केडिया, सचिव सारिका लडढा, परियोजना निर्देशक कागज गुप्ता, ममता बंसल ने कहा कि गर्मी को पानी को अमृत के सामान माना जाता है। पक्षियों को तपती गर्मी में पानी के लिए भटना पडता है। प्रेरणा शाखा का यह प्रयास है कि घरों के आस पास मिलने वाले परिंदों की प्यास बुझाने में आम आवाम जुडे और छतों पर एक बर्तन में एक पानी रखें। 20 अप्रैल को मयूम के एवं प्रेरणा शाखा अस्थायी पियाऊ केन्द्र घडा लगाने एवं पानी पीने की शुरूआत करेंगे।

### रेलवे ट्रैक पर युवक का मिला शव



**कुडू :** लोहारदगा टोरी रेल खंड पर कुडू थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़की चापी के बंदुवा पतरा के निकट सोमवार 17 अप्रैल की सुबह रेलवे पटरी पर एक युवक का शव बरामद हुआ है। मृतक के सर के पीछे और मुंह पर चोट का निशान पाए गए है। इसकी सूचना मिलने पर कुडू थाना पुलिस के एएसआई राजीव कुमार और प्रेम प्रकाश दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेजा। मृतक की पहचान लोहरदगा थाना क्षेत्र के हेंदलासो हरिहरपुर निवासी स्व. सुकरा उरांव का पुत्र 28 वर्षीय बालेश्वर उरांव के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक कुछ दिनों से दिमागी परेशानी से जूझ रहा था। उसके परिजनों ने पुलिस को बताया कि बीते चार दिनों से घर से बाहर इधर उधर बिता रहा था। अंदाजा लगाया जारहा है कि इसी क्रम में वे पटरी तक पहुंच गया और ट्रेन के चपेट में आने से उसकी मौत हो गयी होगी।

### विधानसभा की सदाचार समिति ने समीक्षात्मक बैठक की



**कोडरमा :** झारखंड विधानसभा की सदाचार समिति के सभापति सह विधायक केदार हाजरा की अध्यक्षता में सोमवार को कोडरमा परिसदन सभागार में उपायुक्त आदित्य रंजन समेत जिले के अन्य पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक में जिला के लंबित विभागवार अनुकम्पा नियुक्ति एवं पेंशन तथा अन्य मामलों की क्रमवार समीक्षा की गई। इस दौरान समिति के सभापति ने सभी लम्बित मामलों को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित जन-कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त आदित्य रंजन, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त ऋतुराज, जिला परिवहन पदाधिकारी भगीरथ प्रसाद, जिला शिक्षा पदाधिकारी अलका जायसवाल, जिला शिक्षा अधीक्षक एवं जिला व प्रखंड के अन्य सभी वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

### इंजीनियरिंग कॉलेज के निजीकरण करने के खिलाफ 25 अप्रैल को धरना प्रदर्शन



**कोडरमा :** भाकपा जिला कार्यकारिणी कोडरमा की बैठक साहू धर्मशाला झुमरी तिलैया में भाकपा जिला कार्यकारिणी सदस्य अर्जुन यादव की अध्यक्षता में की गई। भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने विगत कार्यक्रमों का कार्य रिपोर्ट प्रस्तुत किया। भाकपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य महादेव राम ने कहा कि देश में प्रत्येक साल करोड़ों निजी विद्यालय खुल रहे हैं और देशवासियों से लूट कर रहे हैं। प्राइवेट स्कूल स्टेशनरी दुकान की मिलीभगत से अभिभावकों का आर्थिक दोहन हो रहा है। ग्रिजली विद्यालय में एनुअल चार्ज 2 हजार के जगह में 3 हजार कर दिया गया है। इसी तरह कई स्कूल फीस में बढ़ोतरी की गई है। भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने कहा कि कोडरमा जैसे पिछड़े जिले में इंजीनियरिंग कॉलेज भवन का निर्माण होने से यहां के युवाओं में काफी खुशी थी। परंतु राज्य सरकार करोड़ों की लागत से बने इंजीनियरिंग कॉलेज भवन को निजी हाथों में सौंपने जा रही है। साथ ही वर्षों से कोडरमा जिले को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने वाला राजकीय पॉलिटेक्निक को भी यहां से स्थानांतरित कर दूसरे जगह भेजने की भी तैयारी चल रही है।

### कौंडिण्निया पब्लिक स्कूल में अग्निशमन सेवा कार्यशाला का आयोजन

**झुमरीतिलैया :** आश्रम रोड स्थित कौंडिण्निया पब्लिक स्कूल झुमरी तिलैया के प्रांगण में झारखंड अग्निशमन सेवा कोडरमा के द्वारा अग्निशमन सेवा सप्ताह जो 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक मनाया जा रहा है। स्कूल के छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों के बीच अग्निशमन सेवा कोडरमा के फायर सेफ्टी ऑफिसर शैलेंद्र कुमार सिंह एवं उनकी टीम के द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। फायर सेफ्टी ऑफिसर शैलेंद्र कुमार सिंह छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक पूरे राष्ट्र में अग्निशमन सेवा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

### अनियंत्रित बस की चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से घायल

**कोडरमा :** जिले के तिलैया थाना अंतर्गत झुमरी में सोमवार को दोपहर 12 बजे अनियंत्रित बस की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान झुमरी निवासी रमेश यादव (उम्र 35 वर्ष, पिता रोहन यादव) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार रमेश यादव अपनी मोटरसाइकिल से झुमरीतिलैया की ओर से अपने घर की तरफ आ रहे थे। तभी विपरीत दिशा से रही बस अरमान संख्या जेएच 21 एम 5279 ने अनियंत्रित होकर उन्हें अपनी चपेट में ले लिया जिस से वे गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े। इस दौरान घर को आंशिक क्षति पहुंची। गंभीर रूप से घायल रमेश को ग्रामीणों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

## न्यूज फटाफट

### बांजा लुका ओपन : कोहनी की चोट से पूरी तरह नहीं उभरे हैं जोकोविच



**बांजा लुका:** सर्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच पिछले हफ्ते मोंटे कार्लो मास्टर्स के दौरान कोहनी में उठी समस्या से पूरी तरह नहीं उभर सके हैं, हालांकि उन्हें उम्मीद है कि वह बांजा लुका ओपन में बुधवार को अपने अभियान की शुरुआत कर सकेंगे। जोकोविच ने सोमवार को यहां संवाददाताओं से कहा,कोहनी की तकलीफ सही नहीं हुई है, लेकिन यह कह सकते हैं कि स्थिति पहले से बेहतर है। उम्मीद है कि पहले मैच तक मैं बिलकुल ठीक हो जाऊंगा और मैच के लिये तैयार रहूंगा।ह्व दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी जोकोविच को मोंटे कार्लो में कोहनी की समस्या से जूझते हुए प्री-क्वार्टरफाइनल में इटली के लोरेंजो मुसेटी के हाथों हार मिली थी। जोकोविच ने इसी साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीतकर सर्वाधिक ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिताएं जीतने में राफेल नडाल (22 ग्रैंड स्लैम) की बराबर की थी। अगर वह पूरी तरह फिट रहते हैं तो मई में होने वाला फ्रेंच ओपन जीतने के प्रबल दावेदार होंगे। बांजा लुका के दूसरे दौर में जोकोविच का सामना 87वीं रैंकिंग वाले फ्रांस के लुका वान आस्शे से होगा, जिन्होंने सोमवार को स्विट्जरलैंड के स्टेन वॉरिका को 1-6, 7-6 (7/4), 6-4 से शिकस्त दी थी। जोकोविच ने 18 वर्षीय वान आस्शे से मुकाबले पर कहा, मैं इस लड़के से पहले कभी नहीं मिला, मैं उसके बारे में ज्यादा नहीं जानता। मैं जानता हूं कि वह युवा है, वह अभी शीर्ष 100 खिलाड़ियों में शामिल हुआ है। उन्होंने कहा, ''मैंने ईमानदारी से सोचा था कि वॉरिका जीतने वाले थे, वह मैच के अधिकांश हिस्से में आगे चल रहे थे। इस युवा खिलाड़ी की जीत वास्तव में आश्चर्य की बात है।

### अर्जेंटीना 2023 में फीफा अंडर 20 विश्व कप की करेगा मेजबानी



**जेनेवा :** अर्जेंटीना, इंडोनेशिया के स्थान पर फीफा 2023 अंडर-20 विश्व कप की मेजबानी करेगा। इंडोनेशिया को फीफा ने इसकी मेजबानी करने से हटा दिया है। विश्व फुटबॉल शासी निकाय ने यह घोषणा की। फीफा परिषद के ब्यूरो ने अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन (एएफए) द्वारा बाद की बोली प्रस्तुत करने के बाद अपने फैसले की पुष्टि की और फीफा प्रतिनिधिमंडल ने पिछले सप्ताह दक्षिण अमेरिकी देश का निरीक्षण भी किया था। फीफा अंडर-20 विश्व कप 20 मई से 11 जून तक शुरू होगा और ऐसा पहली बार होगा जब अर्जेंटीना 2001 के बाद इस टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। फीफा अंडर-20 विश्व कप का आधिकारिक ड्रॉ 21 अप्रैल को ज्यूरिख में फीफा के मुख्यालय में होगा।

### चुनावों के कारण लखनऊ-चेन्नई मैच तिथि में बदलाव

मुंबई: लखनऊ सुपरजायंट्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 46वें मैच की तारीख चार मई से बदलकर तीन मई कर दी गयी है। आईपीएल ने सोमवार रात जारी बयान में कहा कि चार मई को लखनऊ में होने वाले नगर निगम चुनाव के कारण तारीख बदली गयी है। मैच के समय में कोई बदलाव नहीं हुआ है और मुकाबला दोपहर साढ़े तीन बजे से ही शुरू होगा। केएल राहुल की कप्तानी में लखनऊ की टीम पांच मैचों में छह अंकों के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर है। चेन्नई का मुकाबला करने से पहले लखनऊ राजस्थान रॉयल्स, पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटन्स का मुकाबला करेगी। राहुल की टीम एक मई को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की मेज़बानी करेगी, जिसके बाद उसका सामना तीन मई को महेंद्र सिंह धोनी की टीम से होगा।

दिलचस्प

### मुंबई इंडियंस का सनराइजर्स हैदराबाद से है मुकाबला

# रोहित शर्मा के पास यह रिकॉर्ड बनाने का होगा अच्छा मौका

- मुंबई इंडियंस के हौसले बुलंद हैं
- मुंबई इंडियंस के पास फिलहाल 4 अंक हैं
- दोनों ही टीमें आज अपना पांचवां मुकाबला खेलेगी



**एजेंसियां**

**नई दिल्ली:** आईपीएल 2023 में लगातार दिलचस्प मुकाबले खेले जा रहे हैं। आज आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला मुंबई इंडियंस से होगा। यह हैदराबाद में खेला जाएगा। इस मुकाबले में सबकी निगाहें रोहित शर्मा पर होगी। रोहित शर्मा के पास आज के मुकाबले में आईपीएल में 6000 रन बनाने का एक बड़ा मौका है। रोहित शर्मा ने आईपीएल के 231 मुकाबले खेले हैं जिसमें उन्होंने 5986 रन बनाए हैं। रोहित के अलावा विराट कोहली, शिखर धवन और डेविड वॉर्नर आईपीएल में 6000 से ज्यादा रन बना चुके हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मिली जीत के बाद मुंबई इंडियंस के हौसले बुलंद हैं। मुंबई इंडियंस के पास फिलहाल 4 अंक हैं। वहीं, सनराइजर्स हैदराबाद के पास भी 4 अंक मौजूद है। दोनों ही टीमें आज अपना पांचवां मुकाबला खेलेगी। दूसरी ओर सबकी निगाहें अर्जुन तेंदुलकर पर भी होंगी। देखना दिलचस्प होगा कि दूसरे मुकाबले में अर्जुन तेंदुलकर के खेलने का मौका दिया जाता है या नहीं दिया जाता। वहीं, पिछले मुकाबले में ईशान किशन ने शानदार अर्धशतक जमा कर फॉर्म में वापसी का संकेत दिया था।

इसके अलावा सूर्यकुमार यादव के फॉर्म में लौटते दिखाई दे रहे हैं। हालांकि जोफ्रा आर्चर के नहीं खेल पाने के कारण मुंबई के तेज गेंदबाजी आक्रमण में पैनापन नहीं है। दूसरी ओर सनराइजर्स हैदराबाद की टीम भी मजबूत दिखाई दे रही है। उनके बल्लेबाज लगातार फॉर्म में नजर आ रहे हैं। मुंबई इंडियंस सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत की लय बरकरार रखने के लिए उतरेगा। इन दोनों टीम ने टूनामेंट की शुरूआत लगातार दो हार से की थी। दूसरी तरफ सनराइजर्स को हैरी ब्रूक और राहुल त्रिपाठी के रूप में दो नए नायक मिले हैं जिन्होंने उसके पिछली दो जीत में अहम भूमिका निभाई। ब्रूक ने जहां आखिरकार अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए नाइट राइडर्स के खिलाफ शतक जमाया वहीं त्रिपाठी ने पंजाब के खिलाफ जीत में 48 गेंदों पर 74 रन की पारी खेली। कप्तान एडेन मार्कराम ने इन दोनों मैचों में दूसरे छोर से उपयोगी योगदान दिया। उन्होंने पिछले दो मैचों में 50 आर 37 रन बनाए। गेंदबाजों में स्पिनर मयंक मारकंडे ने सनराइजर्स की तरफ से अब तक सर्वाधिक छह विकेट लिए हैं जबकि उमरान मलिक, मार्को यानसन और भुवनेश्वर कुमार ने भी विरोधी टीम के बल्लेबाजों को परेशानी में रखा है।

## खेल जगत अपडेट्स >>

### इमी, जुबा संघा, कॉलेजियन की जीत



**नयी दिल्ली:** मैन ऑफ द मैच महिप अधिकारी के दो शानदार गोलों की मदद से जुबा संघा ने नयी दिल्ली हीरोज को 3-0 से हराकर फुटबॉल दिल्ली बी-डिवीज़न लीग में मंगलवार को लगातार तीसरी जीत दर्ज की। अंबेडकर स्टेडियम पर खेले गये दिन के दूसरे मुकाबले में कॉलेजियन एफसी ने प्लेयर ऑफ द मैच यश वर्द्धन, शौर्य रावत, मोहम्मद मुर्शीद और सलमान के गोलों से हंस एफसी को 4-0 से परास्त किया। इसी बीच, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम पर खेले गये पहले मुकाबले में इमी फुटबाल क्लब ने नॉर्थर्न यूनाइटेड को 10-0 से रौंद डाला, जबकि दूसरे मैच में अशोका ने यूनाइटेड एफसी को 5-3 से हराया। इमी की जीत के हीरो लेटमिनलियन ने तिकड़ी जमाई, जबकि शुभम लोचान ने चार गोल किये। अशोका के आर्यन कुमार को तिकड़ी बनाने पर प्लेयर ऑ×फ द मैच आंका गया। पराजित यूनाइटेड के तरुण कंडारी ने दो गोल किये।.

### आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिये कोहली पर जुर्माना



**एजेंसियां**

**बेंगलुरु:** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के बल्लेबाज विराट कोहली पर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ हुए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले के दौरान आईपीएल की आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिये मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से सोमवार को जारी एक बयान के अनुसार कोहली ने आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के अंतर्गत नियमों का उल्लंघन किया। बयान में घटना की पूरी जानकारी नहीं दी गयी, हालांकि यह अनुमान लगाया जा सकता है कि कोहली ने सीएसके के मध्यक्रम के बल्लेबाज शिवम दूबे के आउट होने पर अति उत्साही जश्न मनाया, जिसके कारण उन पर यह जुर्माना लगाया गया। दूबे ने 27 गेंद पर 52 रन की पारी खेलकर सीएसके को 20 ओवर में 226 रन के विशाल स्कोर तक पहुंचाया, जिसके जवाब में आरसीबी 218 रन ही बना सकी। कोहली ने आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के तहत अपना अपराध स्वीकार किया। बयान में कहा गया कि आचार संहिता के स्तर-1 के उल्लंघन के लिये मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होता है। आरसीबी का अगला मुकाबला 20 अप्रैल को मोहाली में पंजाब किंग्स के साथ होगा।

# एशियाई खेलों से पहले चैंपियन्स ट्रॉफी होगी अग्निपरीक्षा : हरमनप्रीत

**एजेंसियां**

**नयी दिल्ली :** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा है कि चेन्नई में होने वाली एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी आगामी एशियाई खेलों से पहले उनकी टीम की ह्यअग्निपरीक्षाह्न होगी जहां वे महाद्वीप की शीर्ष टीमों के खिलाफ अपनी तैयारियों का आकलन कर सकेंगे। एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी तीन से 12 अगस्त के बीच खेली जायेगी, जबकि एशियाई खेलों का का आयोजन चीन के हांगझोऊ में सितंबर में होगा।



हरमनप्रीत ने हॉकी इंडिया के साथ बातचीत में मंगलवार को कहा, ''हम इस टूर्नामेंट में देख सकेंगे कि हम उन टीमों के खिलाफ कहां खड़े हैं जिनके साथ हम एशियाई खेलों में मुकाबला करने वाले हैं। एशियाई खेलों से पहले यह टीम के लिये अग्निपरीक्षा होगी। उन्होंने कहा, एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी चेन्नई 2023 हमें अपने विरोधियों की अच्छी समझ भी देगी। हम एशियाई खेलों के लिये अच्छी तैयारी कर सकते हैं जहां हमारा लक्ष्य स्वर्ण पदक जीतना और पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करना होगा। भारतीय पुरुष टीम ने 2011 में आयोजित उद्घाटन संस्करण में एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी का खिताब जीता था। इसके बाद वे 2016 में भी चैंपियन बने, जबकि 2018 में मस्कट में आयोजित फाइनल की कार्यवाही प्रभावित होने के बाद भारत और पाकिस्तान संयुक्त विजेता बने थे। ढाका में 2021 में आयोजित पिछले संस्करण में भारतीय टीम ने कांस्य पदक के साथ अभियान समाप्त किया था। एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 में कोरिया और मलेशिया के अच्छे प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए हरमनप्रीत ने कहा कि प्रतियोगिता काफी प्रतिस्पर्धी होने वाली है। उन्होंने कहा, कोरिया ने पिछले कुछ वर्षों में काफी प्रगति दिखाई है। उन्होंने पिछले साल जकार्ता में एशिया कप जीता था और विश्व कप में भी बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। मलेशिया भी खिताब का प्रबल दावेदार है और उनके पेनल्टी कॉर्नर दुनिया के सर्वश्रेष्ठ में से एक हैं। यह निस्संदेह एक कठिन टूर्नामेंट होगा। चेन्नई निश्चित ही हरमनप्रीत की टीम के लिये एक मज़बूत आयोजन स्थल होगा, जहां भारत ने 2007 में एशिया कप भी जीता था। हरमनप्रीत ने कहा, हममें से कई लोगों के लिये यह पहली बार होगा जब हम चेन्नई में खेलेंगे। मुझे याद है कि हमारे सीनियर 2007 में चेन्नई में हुए एशिया कप के बारे में बात कर रहे थे, जो भारत के लिए एक शानदार टूर्नामेंट रहा था। हमने एक सफल अभियान में खिताब का बचाव किया था।

## 'जवान' के सेट से दीपिका और शाहरुख की तस्वीरें लीक



**एजेंसियां**

**मुंबई:** बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान और अभिनेत्री दीपिका पादुकोण की कुछ तस्वीर फिल्म जवान के सेट से लीक हो गयी हैं। शाहरुख खान बहुत जल्द फिल्म जवान में नजर आने वाले हैं। फिल्म जवान में शाहरुख खान के साथ दीपिका पादुकोण नजर आने वाली हैं। फिल्म जवान के सेट से दीपिका पादुकोण और शाहरुख खान की कुछ तस्वीरें लीक हुई है, जिसमें दोनों का एक बार फिर से खास और अलग अंदाज देखने को मिल रहा है। दीपिका पादुकोण और शाहरुख खान की तस्वीरों को शाहरूख के फैंस ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इस तस्वीर में दोनों कलाकारों को एक जैसी ड्रेस में देखा जा सकता है। तस्वीर में दीपिका पादुकोण और शाहरुख खान ने व्हाइट शर्ट के साथ ब्लैक पैंट पहनी हुई है, साथ ही हाथ में रेड कलर का कोट पकड़ा हुआ है और गले में साफा डाला हुआ है।सोशल मीडिया पर दीपिका पादुकोण और शाहरुख खान की यह तस्वीरें वायरल हो रही हैं। फिल्म जवान में शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण के अलावा नयनतारा, विजय सेतुपति, मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं।

## काजोल ने संडे को खुशहाल रहने के लिये दिये टिप्स

**एजेंसियां**

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल ने रविवार को खुशहाल रहने के लिए अपने प्रशंसको को टिप्स बताये हैं। काजोल ने अपने इंस्टाग्राम से एक सेल्फी शेयर की है, जिसमें वह कुर्सी पर बैठी हुई नजर आ रही हैं। उनके माथे पर धूप-चश्मा अटका हुआ है और बैकग्राउंड में कई इमारतों को देखा जा सकता है। काजोल ने तस्वीर के कैप्शन में लिखा, ''14 मिलियन लोगों को हैप्पी संडे। ठीक रहो। खुश रहो और खूब खाओ! हैशटैग लवमाईसंडे, हैशटैग होमएंडलिविंग, हैशटैग संडेवाइब्स आदि।'' काजोल जल्द ही फिल्म 'द गुड वाइफ' में नजर आयेंगी।



## 29 अप्रैल से शुरू होगा केबीसी के लिये पंजीकरण

**एजेंसियां**

**मुंबई:** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन लोकप्रिय शो 'कौन बनेगा करोड़पति' के 15वें सीजन के साथ वापसी के लिए तैयार है, जिसके लिये पंजीकरण 29 अप्रैल से शुरू होगा। केबीसी के निर्माताओं ने यह घोषणा करते हुए प्रोमो जारी किया है कि शो के लिए पंजीकरण 29 अप्रैल से शुरू होगा। प्रोमो में अमिताभ को होस्ट की सीट पर बैठे हुए देखा जा सकता है जबकि एक महिला हॉटसीट तक पहुंचने का रास्ता खोजने के लिए मैप को देखती है।



अंत में वह हॉटसीट पर पहुंच जाती हैं। वह अमिताभ से खेल खेलने के लिए कहती हैं, जिस पर वह जवाब देते हैं, हॉटसीट पर पहुंचने के लिए उलूल-जुलूल हाथकंडे मत अपनायिये।

### अनिल कपूर ने सतीश कौशिक को किया याद

**मुंबई :** बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर ने अपने दिवंगत दोस्त सतीश कौशिक को याद किया है। सतीश कौशिक का पिछले माह निधन हो गया था। अनिल कपूर ने सतीश कौशिक को याद किया है। सतीश कौशिक के निर्देशन में बनी फिल्म 'रुप की रानी चोरों का राजा' में अनिल कपूर और श्रीदेवी ने अहम भूमिका निभायी थी। इस फिल्म को रिलीज हुये 30 वर्ष हो गये हैं। अनिल कपूर ने इस फिल्म से जुड़ी कई तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कर सतीश कौशिक को एक बार फिर याद किया और फिल्म से जुड़ी बातें साझा की है। अनिल कपूर ने कैप्शन में लिखा 'एक ऐसी फिल्म जिसने बॉक्स ऑफिस पर भले ही अच्छा प्रदर्शन नहीं किया, लेकिन पूरे दिल से बनाई गई थी।

## कॉफी विद करण में नजर आयेगी आलिया-रणबीर की जोड़ी!

**एजेंसियां**

**मुंबई:** बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर के मशहूर टॉक शो कॉफी विद करण सीजन 8 में आलिया भट्ट और रणबीर कपूर की जोड़ी नजर आ सकती है। करण जौहर का शो कॉफी विद करण सीजन 8 जल्द शुरू होने वाला है। कहा जा रहा है कि आलिया भट्ट और रणबीर कपूर इस शो के पहले एपिसोड का हिस्सा बन सकते हैं। करण जौहर इस नए सीज़न की शुरूआत आलिया भट्ट और रणबीर कपूर की जोड़ी के साथ करना चाहते हैं। करण का मानना है कि लोग आलिया और रणबीर की शादी और पैरेंटहुड के बारे में जानने के लिए बेताब हैं, इसलिए वो उन दोनों को शो में बुलाना चाहते हैं। करण जौहर के चैट शो में इस बार करीना कपूर खान, रणवीर सिंह, अक्षय कुमार जैसे सितारे दिख सकते हैं। ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने वाले इस शो में वरुण धवन और सिद्धार्थ मल्होत्रा नजर आ सकते हैं।



### सैफ अली खान ने एनटीआर की शूटिंग शुरू की



एजेंसियां

मुंबई: बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान ने तेलगू फिल्म एनटीआर 30 की शूटिंग शुरू कर दी है। सैफ अली खान ऑफिशियली एनटीआर 30 की टीम में शामिल हो गए हैं। सैफ ने जूनियर एनटीआर के साथ एनटीआर 30 की शूटिंग शुरू कर दी हैं। यह फिल्म कोराताला शिव द्वारा निर्देशित है। सोशल मीडिया पर एनटीआर 30 के सेट से तस्वीर साझा करते हुए निर्माताओं ने ऑफिशियली तौर पर टीम में सैफ अली खान का स्वागत करते हुये लिखा, ''टीम एनटीआर 30 बोर्ड पर करती है सैफ अली खान का स्वागत ,राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता शामिल हुए हाई वोल्टेज एक्शन ड्रामा फिल्म की शूटिंग में।''इस फिल्म से जान्हवी कपूर तेलुगू इंडस्ट्री में डेब्यू करेंगी। एनटीआर 30 का निर्माण युवसुधा आर्ट्स द्वारा किया गया है।

## प्रदेश >> अपडेट

### पति व पत्नी ने जहर खाया, पत्नी की मौत

**कटनी :** मध्यप्रदेश के कटनी जिले में पति और पत्नी के द्वारा जहर का सेवन करने से इस घटना में पत्नी की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों के अनुसार बड़वारा थाना क्षेत्र में सुखीलाल चौधरी और उनकी पत्नी फगुनिया बाई ने कल रात जहर खा लिया। इस घटना में आज फगुनिया बाई की उपचार के दौरान आज मौत हो गयी। वहीं सुखीलाल की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### ईएसआईसी योजना में जुड़े 16.03 लाख कर्मचारी

**नयी दिल्ली :** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने फरवरी 2023 में 16.03 लाख नए कर्मचारियों को जोड़ा है। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि ईएसआई के तहत फरवरी, 2023 में लगभग 11,000 नए प्रतिष्ठानों को भी पंजीकृत किया गया है। आंकड़ों के अनुसार 25 वर्ष की आयु तक के कर्मचारियों की संख्या 7.42 लाख हैं, जो कुल कर्मचारियों का 46 प्रतिशत है। फरवरी, 2023 में ईएसआई योजना के तहत 3.12 लाख महिला श्रमिकों को भी जोड़ा गया है। इसी महीने में कुल 49 ट्रांसजेंडर कर्मचारियों को ईएसआई योजना के तहत पंजीकृत किया गया।

### कोविड संक्रमण के सात हजार से अधिक नये मामले

**नयी दिल्ली :** देश में पिछले 24 घंटे के दौरान कोविड संक्रमण के सात हजार से ज्यादा नए मामले सामने आए हैं और इसके साथ ही संक्रमित व्यक्तियों की कुल संख्या 61 हजार से अधिक हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि देश में पिछले 24 घंटे के दौरान 7633 नये लोग कोविड संक्रमित हुए हैं। इसके साथ ही कोविड संक्रमितों की संख्या 61233 हो गयी है और संक्रमण दर 3.62 प्रतिशत दर्ज की गई है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### सीताराम बाथम ने किया पदभार ग्रहण

**भोपाल :** मध्यप्रदेश के गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा की मौजूदगी में सीताराम बाथम ने मध्यप्रदेश मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। डॉ. मिश्रा ने बाथम को नवीन जिम्मेदारी मिलने पर बधाई और शुभकामनाएँ दी। राज्य शासन द्वारा बाथम को राज्य केबिनेट मंत्री का दर्जा प्रदान किया गया है। पदभार ग्रहण कार्यक्रम में इंदौर विधायक रमेश मेंदोला और अन्य जन-प्रतिनिधिय उपस्थित थे।

### शिवकुमार के परिवार के पास है 1,414 करोड़ रुपये की संपत्ति

**कनकपुरा :** कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार के परिवार के पास कुल 1,414 करोड़ रुपये की संपत्ति है। शिवकुमार ने राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए कनकपुरा सीट से सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। उन्होंने इसके साथ दायर हलफनामे में अपनी कुल संपत्ति की जानकारी सार्वजनिक की है। इसमें से कांग्रेस नेता के पास 1,214 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्ति है, जबकि उनकी पत्नी उषा शिवकुमार की कुल संपत्ति 153.3 करोड़ रुपये है। और रोलेक्स घड़ियों के मालिक होने की भी घोषणा की है। गौरतलब है कि कर्नाटक में 10 मई को मतदान होने हैं और वोटों की गिनती 13 मई को होगी।

### करनाल में राइस मिल की इमारत ढही, 20 घायल

**चंडीगढ़ :** हरियाणा में करनाल जिले के तरावड़ी कस्बे में मंगलवार तड़के शिव शक्ति राइस मिल की तीन मंजिला इमारत ढहने से कम से कम चार श्रमिकों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि घटना के वक्त करीब 150 कर्मचारी इमारत के अंदर काम कर रहे थे। दुर्घटना तड़के साढ़े तीन बजे के करीब हुई।

---

**विवाद**

### अपहृत पाइलट को छुड़ाने की कोशिश में छह सैनिकों की मौत

# पापुआ के घने जंगलों तीस अन्य सैनिक अब तक लापता

राष्ट्रीय खबर

**जकार्ता:** इंडोनेशिया के अशांत पापुआ प्रांत में करीब 30 और सैनिक लापता हैं। इस बारे में अब जानकारी मिली है कि सेना ने न्यूजीलैंड के पाइलट को छुड़ाने का अभियान प्रारंभ किया था। इसमें अब तक छह सैनिक मारे जा चुके हैं। यह सभी सैनिक अलगाववादी बंदूकधारियों के हमले में मारे गये हैं। सरकारी अधिकारियों ने रविवार को कहा कि इंडोनेशिया के अशांत पापुआ प्रांत में करीब 30 सैनिक अब भी लापता हैं। उन्होंने कहा कि इन सैनिकों को विद्रोहियों के बंधकों को छुड़ाने के अभियान में तैनात किया गया था। पपुआ के पर्वतीय जिले दुगा में एक शिविर में तैनात लगभग 36 लोगों पर शनिवार को पश्चिम पापुआ लिबरेशन आर्मी के सदस्यों द्वारा हमला किया गया, जो मुक्त पापुआ आंदोलन की सशस्त्र शाखा है। नौ और सैनिकों के विद्रोहियों द्वारा पकड़े जाने की सूचना है। पापुआन सैन्य प्रवक्ता कर्नल हरमन तारिमन ने कहा कि सैनिक न्यूजीलैंड के पायलट फिलिप मार्क मर्टेंस के लिए एक खोजी दल का हिस्सा थे, जो इंडोनेशियाई एयरलाइन सूसी एयर के लिए काम करता था। मेर्टेंस को फरवरी में पापुआन विद्रोहियों ने अगवा कर लिया था। उन्होंने कहा कि अधिकारी करीब 30 जवानों की तलाश कर रहे हैं। तारिमन ने कहा, यह ठीक से पता नहीं है कि इंडोनेशियाई सेना के कितने सैनिक मारे गए और घायल हुए। हम खोज जारी रखे हुए हैं, लेकिन भारी बारिश, कोहरे का मौसम और संचार की कमी हमारे खोज और निकासी के प्रयासों में बाधा बन रही है। इंडोनेशिया के सशस्त्र बलों के प्रवक्ता प्रथम एडमिरल जूलियस विजोनो ने राजधानी जकार्ता में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बचाव अभियान अधिकतम शक्ति के साथ चलाया जाएगा। उन्होंने कहा, पायलट और उसके अपहरणकर्ताओं के ठिकाने के पास तलाशी अभियान चलाने की कोशिश के दौरान उग्रवादियों की सेना से झड़प हो गई। विद्रोहियों द्वारा एक सैनिक की गोली मारकर हत्या कर दी गई और वह 15 मीटर गहरी खाई में गिर गया, जबकि सैनिकों ने दूसरे हमले में उसका शव बरामद किया। उन्होंने दावा किया कि अभी तक सिर्फ एक जवान शहीद हुआ है। विद्रोहियों के एक प्रवक्ता, सेबी संबोम ने कहा कि उनके लड़ाकों ने मार्च में इंडोनेशियाई सुरक्षा बलों द्वारा दो विद्रोहियों की गोली मारकर हत्या के प्रतिशोध में हमले को अंजाम दिया। उन्होंने दावा किया कि शनिवार को हुए हमले में संभ्रांत इंडोनेशियाई सेना के कम से कम नौ सदस्य मारे गए। उन्होंने पापुआ में सैन्य अभियानों को रोकने के लिए इंडोनेशियाई सरकार से आह्वान किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने पायलट के लिए इंडोनेशिया और न्यूजीलैंड दोनों सरकारों के साथ बातचीत करने की पेशकश की, लेकिन उन्हें कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।



## पंजाब लोकसभा उपचुनाव के लिए तीन उम्मीदवारों ने किया नामांकन



एजेंसियां

**जालंधर :** पंजाब में जालंधर के लोकसभा उपचुनाव के लिए मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी, अकाली दल बसपा गठबंधन और अकाली दल अमृतसर के उम्मीदवारों ने अपने नामांकनपत्र दाखिल किए। जिला उपायुक्त सह जिला चुनाव अधिकारी जसप्रीत सिंह ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार इंदर इक्बाल सिंह, शिरोमणि अकाली दल(बादल) और बहुजन समाज पार्टी के संयुक्त उम्मीदवार डॉ सुखविंदर कुमार तथा शिरोमणि अकाली दल (अमृतसर) के उम्मीदवार गुरजंट सिंह ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। चुनाव अधिकारी ने बताया कि उम्मीदवारों के बारे में अधिक जानकारी के लिए भारतीय चुनाव आयोग के 'नो योर श्री एंडिडेट' एप को डाउनलोड किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि 20 अप्रैल तक नामांकन भरे जाएंगे और नामांकन पत्रों की जांच 21 अप्रैल को सुबह 11 बजे डिप्टी कमिश्नर कोर्ट रूम जिला प्रशासकीय परिसर में होगी। उम्मीदवार 24 अप्रैल को बाद अपराह्न तीन बजे से पहले अपना नामांकन वापस ले सकेंगे। उपचुनाव के लिए मतदान 10 मई को सुबह आठ बजे से शाम छह बजे तक होगा जबकि मतगणना 13 मई को होगी।

## मोदी विश्व बौध शिखर सम्मेलन को संबोधित करेंगे





एजेंसियां

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को विश्व बौद्ध शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे। अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ के सहयोग से संस्कृति मंत्रालय द्वारा 20 और 21 अप्रैल को यहां दो दिवसीय शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। विश्व बौद्ध शिखर सम्मेलन का विषय 'समकालीन चुनौतियों का जवाबः प्रथाओं के लिए दर्शन' है। शिखर सम्मेलन, बौद्ध और सार्वभौमिक चिंताओं के संबंध में वैश्विक बौद्ध धम्म नेतृत्व और विद्वानों को एक साथ लाने का एक प्रयास है, ताकि इन मामलों को सामूहिक रूप से संबोधित करने के लिए नीतिगत विचार एकत्र किए जा सके। शिखर सम्मेलन में इस बात का भी पता लगाने का प्रयास किया जाएगा कि कैसे बुद्ध धम्म के मौलिक मूल्यों से समकालीन परिस्थितियों में प्रेरणा और मार्गदर्शन प्राप्त किये जा सकते हैं। शिखर सम्मेलन में दुनिया भर के प्रतिष्ठित विद्वान, संघ के अग्रणी व्यक्ति और धर्म के अनुयायी भाग लेंगे, जो वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे तथा बुद्ध धम्म में इनके समाधान की तलाश करेंगे, जो सार्वभौमिक मूल्यों पर आधारित होंगे। चार विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगाः बुद्ध धम्म और शांति; बुद्ध धम्मः पर्यावरण संकट, स्वास्थ्य और स्थायित्व; नालंदा बौद्ध परंपरा का संरक्षण; बुद्ध धम्म तीर्थयात्रा, जीवित विरासत और बुद्ध अवशेषः दक्षिण, दक्षिण-पूर्व और पूर्वी एशिया के देशों के लिए भारत के सदियों पुराने सांस्कृतिक संबंधों का सहनीय आधार।

## समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया जारी



एजेंसियां

**उदयपुर :** राजस्थान में रबी वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया गत एक अप्रेल से शुरू हो चुकी है। भारतीय खाद्य निगम के उदयपुर मण्डल कार्यालय, के अधीनस्थ राजस्व जिला राजसमंद, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, बांसवाड़ा एवं प्रतापगढ़ में कुल 15 खरीद केंद्र बनाए गए है, जिनमें समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद का कुल लक्ष्य लगभग 80,000 टन निर्धारित किया गया है। मण्डल प्रबंधक ने बताया कि इसके लिए निगम द्वारा उदयपुर जिले में वल्लभनगर, राजसमंद जिले में मदारा, कुरज एवं कांकरोली, चित्तौड़गढ़ में बस्सी, गंगरार, जावदा, भोपालसागर, पहुना व आकोला, बांसवाड़ा में छींच, बड़ोदिया, गनोड़ा एवं तलवाड़ा प्रतापगढ़ जिले में प्रतापगढ़ खरीद केंद्र खोले गए हैं। भारत सरकार एवं भारतीय खाद्य निगम मुख्यालय नई दिल्ली के दिशा-निर्देशानुसार राजस्थान में भारतीय खाद्य निगम द्वारा संचालित खरीद केन्द्रों पर हर वर्ष की तरह रबी विपणन वर्ष 2023-24 के तहत गेहूं की खरीद का कार्य राजस्थान सरकार की वेबसाइट पर ई- प्रोक्योरमेंट सिस्टम के माध्यम से किया जाएगा। इस हेतु किसानों को अपना पंजीकरण पोर्टल पर करवाना होगा। उन्होंने बताया कि किसान पोर्टल पर जाकर अपना आरएमएस 2023-24 के लिए पंजीयन करवा ले जिससे खरीद सुविधापूर्वक हो सके। भारत सरकार द्वारा इस वर्ष गेहूं की खरीद हेतु न्यूनतम समर्थन मूल्य 2125 रुपए प्रति क्विंटल निधारित किया गया है, साथ ही ओलावृष्टि एवं भारी वर्षा के कारण प्रभावित हुए गेहूं में भी भारत सरकार द्वारा निर्धारित गेहूं की गुणवत्ता के मापदंडों में छूट प्रदान की गई है।

## प्रदेशवासी अमूल्य धरोहरों के संरक्षण का संकल्प लें : शिवराज



एजेंसियां

**भोपाल :** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेशवासियों को विश्व धरोहर दिवस की शुभकामनाएँ दी हैं। चौहान ने सोशल मीडिया पर जारी संदेश में कहा है कि हमारी धरोहर ही हमें अपने इतिहास, ज्ञान और संस्कृति से जोड़ती है। विश्व धरोहर दिवस पर हम सब प्रदेश और देश का गौरव बढ़ाने वाली अपनी साँची, भीमबेटका तथा खजुराहो जैसी अमूल्य धरोहरों के संरक्षण का संकल्प लें। चौहान ने कहा कि यूनेस्को द्वारा भोपाल में विश्व धरोहर के उच्च क्षेत्रीय सम्मेलन में पधारे बांग्लादेश, भूटान, मालदीव, नेपाल और श्रीलंका के विशेषज्ञ, शिक्षाविद और प्रबुद्धजन का प्रदेश में आत्मीय स्वागत है। इस सम्मलेन के निष्कर्षों से धरोहरों के संरक्षण-संवर्धन के ध्येय को नई दिशा और गति मिलेगी।

**सामूहिक प्रयास**

### केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने कहा

# वैश्विक स्वास्थ्य ढांचा मजबूत करने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी : मांडविया

एजेंसियां

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने वैश्विक स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने पर जोर देते हुए मंगलवार को कहा कि कोरोना महामारी - पश्चात - प्रभाव को समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास करने की आवश्यकता है। मांडविया ने आज गोवा में जी-20 के स्वास्थ्य कार्य समूह की दूसरी बैठक के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर घबराहट और उपेक्षा के भाव समाप्त के लिए सामूहिक प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ऐसा करते हुए कोरोना महामारी के बाद के प्रभाव को खत्म करने के प्रयासों में कमी नहीं आनी चाहिए। महामारी के फैलाव को रोकने तथा नियंत्रित करने के प्रयास लगातार जारी रहनी चाहिए। उन्होंने कहा , जी- 20 स्वास्थ्य कार्य समूह कार्य के रूप में, हम संयुक्त रूप से भविष्य के वैश्विक स्वास्थ्य ढांचे के लिए सकारात्मक प्रभाव पैदा करने की दिशा में सही दिशा में बढ़ रहे हैं। इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री डॉ. भारती प्रवीण पवार उपस्थित रही। श्री मांडविया ने कहा कि भारत की जी- 20 अध्यक्षता में इटली और इंडोनेशियाई अध्यक्षता के दौरान लाई गई गति को जारी रखने और स्वास्थ्य आपात स्थिति की तैयारी, रोकथाम और प्रतिक्रिया के लिए अब तक किए गए प्रयासों को समेकित करने की योजना बनायी जा रही है।उन्होंने कहा कि भारत ने स्वास्थ्य सेवा वितरण में प्रौद्योगिकी के उपयोग को बढ़ावा देने, दुनिया भर में डिजिटल विभाजन को पाटने और डिजिटल सार्वजनिक वस्तुओं को बढ़ावा देने की दृष्टि से डिजिटल स्वास्थ्य और नवाचार के एजेंडे का प्रस्ताव दिया है।




---

## >>>> न्यूज फटाफट

### फिजी में भूकंप के तेज झटके

**हांगकांग :** फिजी द्वीप समूह के दक्षिण में मंगलवार सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किये गये। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.5 मापी गयी। इसका केंद्र 602.3 किमी की गहराई में 22.287 डिग्री दक्षिणी अक्षांश और 179.541 डिग्री पूर्वी देशांतर पर था। भूकंप से जान-माल के नुकसान की फिलहाल कोई सूचना नहीं है।

### अमरिका में चल रहा था चीन का खुफिया थाना, दो लोग गिरफ्तार

**वाशिंगटन:** अमेरिका के अधिकारियों ने न्यूयॉर्क शहर में दो चीनी मूल के अमेरिकी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। दोनों पर आरोप है कि ये लोग खुफिया पुलिस थाना चलाकर चीन को जानकारी पहुंचा रहे थे। अमेरिका के न्याय विभाग ने बताया कि चीनी मूल के दो नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। इन दोनों ने 2022 की शुरुआत में मैनहट्टन के चाइनाटाउन में खुफिया पुलिस चौकी खोली थी। विभाग ने चीन के राष्ट्रीय पुलिस बल के 30 से अधिक अधिकारियों पर कथित तौर पर अमेरिका में असंतुष्टों के खिलाफ कार्रवाई करने का आरोप लगाया है। न्यूयार्क के पूर्वी जिले के अटार्नी ब्रियोन पीस ने यह जानकारी दी है। अटार्नी पीस ने कहा कि दो अधिकारियों को सोमवार सुबह मैनहट्टन में एक अज्ञात कार्यालय भवन में कथित रूप से चीनी राष्ट्रीय पुलिस का एक खुफिया थाना स्थापित करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

### ब्राजील ने परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग में सहयोग की संभावनाएं तलाशी : लावरोव

**मॉस्को :** रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि रूस और ब्राजील दोनों देशों में परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग में सहयोग की अच्छी संभावनाएं जतायी गयी हैं और द्विपक्षीय संस्थानों के काम की बहाली के लिए एक कार्यक्रम के प्रारूप को तैयार किया है। लावरोव ने ब्राजील के विदेश मंत्री के साथ बातचीत के बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा,''आज हमने उन क्षेत्रों के बारे में बात की जो दोनों देशों और नागरिकों के हित में विकसित करने की जरुरत है। यह निश्चित रूप से ऊर्जा उद्योग परमाणु ऊर्जा का शांतिपूर्ण इस्तेमाल के लिए अच्छी संभावनाएं हैं।'' उन्होंने कहा कि दोनों देश अंतरिक्ष, कृषि, स्वास्थ्य सेवा और दवा उद्योग के शांतिपूर्ण उपयोग को विकसित करने में भी रुचिकर हैं।

### चीन की एक फैक्टरी में आग लगने से 11 लोगों की मौत

**हांगझोऊ :** पूर्वी चीन के झेजियांग प्रांत के जिंहुआ शहर में एक फैक्टरी की इमारत में आग लगने से 11 लोगों की मौत हो गई है। स्थानीय अधिकारियों ने समाचार एजेंसी शिन्हुआ को मंगलवार को यह जानकारी दी। स्थानीय अधिकारियों ने आज बताया कि सोमवार अपराह्न करीब दो बजकर चार मिनट पर वुई काउंटी के औद्योगिक क्षेत्र में एक इमारत की तीसरी मंजिल आग लगने के बाद कई लोग फंस गए। आग के चपेट में आने से कम से कम 11 लोगों की मौत हो गयी। दो बार की तलाश एवं बचाव अभियान के बाद मंगलवार तड़के करीब चार बजे मृतकों की संख्या की पुष्टि की गई। फैक्टरी में आग लगने की कारणों की जांच की जा रही है।

### संयुक्त राष्ट्र सूडान से अपने कर्मचारियों को निकालेगा : पर्थेस

**संयुक्त राष्ट्र :** संयुक्त राष्ट्र के विशेष प्रतिनिधि वोल्कर पर्थेस ने सोमवार को कहा कि संघर्षविराम खत्म न होने और मृतकों की बढ़ती संख्या के बीच वह सूडान से अपने कुछ कर्मचारियों और उनके परिवारों को निकालेगा। बयान में कहा गया कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने पहले सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) और रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएएफ) के बीच संघर्ष के बाद तत्काल युद्धविराम का आह्वान किया था। उन्होंने निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि रविवार को संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता वाले मानवीय संघर्ष विराम का केवल 'आंशिक रूप' से सम्मान किया गया था। पर्थेस ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा, ''हमें अपने कुछ कर्मचारियों, गैर-आवश्यक कर्मचारियों और उनके रिश्तेदारों को निकालना होगा। श्री पर्थेस सूडान में संयुक्त राष्ट्र मिशन के प्रमुख भी हैं। उन्होंने कहा कि सूडान में हिंसा के चलते अभी तक 180 से अधिक लोग मारे जा चुके है और 1800 लोग घायल हो गए हैं। सूडान की सरकारी बलों ने आरएसएफ पर विद्रोह का आरोप लगाया और उनके ठिकानों पर हवाई हमले शुरू किए। देश की राजधानी में राष्ट्रपति महल और खार्तूम और मेरोवे में हवाई अड्डों पर आरएसएफ ने नियंत्रण करने का दावा किया है। नेशनल आर्मी (राष्ट्रीय सेना) आरएसएफ के राष्ट्रपति महल पर कब्जा करने की रिपोर्ट को खारिज किया है। इससे पहले शनिवार को सूडानी सशस्त्र बल के कमांडर-इन-चीफ अब्देल फत्ताह अल बुरहान ने आरएसएफ को भंग करने का फरमान जारी किया था। गौरतलब है कि सूडान की स्थिति पर चर्चा करने के लिए मिस्र और सऊदी अरब के अनुरोध पर रविवार को अरब लीग की परिषद की आपात बैठक स्थायी प्रतिनिधियों के स्तर पर हुई।

### खाद्यान्न सौदे को बेहद अहम मानता है जी-7

**टोक्यो :** जापान में जी-7 के विदेश मंत्री खाद्यान्न सौदे को बेहद महत्वपूर्ण मानते हैं और रूस से इसकी वैधता अवधि को सीमित नहीं करने का आग्रह करते हैं। जी-7 की बैठक के बाद संयुक्त बयान में यह जानकारी दी गयी। विदेश मंत्रियों ने कहा, ''हम यूक्रेन के कृषि क्षेत्र की बहाली और आगे खाद्य प्रणाली के बाधाओं को रोकने के लिए 'सॉलिडैरिटी लेन', 'काला सागर खाद्यान्न पहल', और 'यूक्रेन से अनाज पहल' के महत्व को पहचानते हैं। हम रूस से आह्वान करते हैं कि वह वैश्विक खाद्य आपूर्ति को खतरे में डालना बंद करे और ब्लैक सी ग्रेन इनिशिएटिव को अपनी अधिकतम क्षमता और अनिश्चित काल तक संचालित करने की अनुमति दे।'' गौरतलब है कि रूस और यूक्रेन जंग के दौरान काला सागर बंदरगाहों से कृषि उत्पादों के निर्यात की सुविधा के लिए जुलाई 2022 में दोनों के बीच संयुक्त राष्ट्र और तुर्की द्वारा काला सागर अनाज पहल की मध्यस्थता की गई थी।

## आज का इतिहास

- 1451 : बहलोल खान लोदी ने दिल्ली पर कब्जा किया।
- 1770 : कैप्टन जेम्स कुक ऑस्ट्रेलिया पहुंचने वाले पहले पश्चिमी व्यक्ति बने।
- 1775 : अमेरिकी क्रांति की शुरुआत।
- 1852 : कैलिफोर्निया हिस्टोरिकल सोसाइटी का गठन हुआ।
- 1882 : प्रसिद्ध जीव विज्ञानी चार्ल्स डार्विन का निधन।
- 1910 : हेली पुच्छल तारे को पहली बार खुली आंखों से देखा गया।
- 1919 : अमेरिका के लेस्ली इरविन ने पैराशूट से पहली बार छलांग लगाई।
- 1933 : अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति फ्रैंकलिन डी. रूजवेल्ट ने गोल्ड स्टैंडर्ड को छोड़ने की घोषणा की।


**कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :- 05/2023-24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं नाम :- जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :- दिनांक 28.04.23 को 10:00 पूर्वाह्न से 2:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :- दिनांक 29.04.23 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- दिनांक 29.04.23 को 4:00 बजे अपराह्न से
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :- जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :- नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग।
7. निविदा खोलने का स्थान :- जिला परिषद कार्यालय, हजारीबाग।
8. मद का नाम :- जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट मद

| क्र सं | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | दारू | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, हाटी का उन्नयन कार्य। | 3497600.00 | 5000.00 | 70000.00 | चार माह |

नोट :-1. अद्यतन UCAN प्रमाण पत्र निविदा के साथ समर्पित करना अनिवार्य है अन्यथा कार्य आवंटित नहीं किया जायेगा।
2. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR295410 (District)23-24*D

## झारखंड का शीर्ष माओवादी नेता केरल से गिरफ्तार

रांचीः झारखंड का शीर्ष माओवादी नेता केरल से गिरफ्तार हुआ है। मुझे को सूचना के आधार पर झारखंड और केरल पुलिस की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए नक्सली नेता अजय ओजा को मंगलवार गिरफ्तार किया है। अजय कोझीकोड में एक प्रवासी श्रमिक शिविर में रह रहा था। इसी दौरान उसे गिरफ्तार किया गया।केरल पुलिस को झारखंड पुलिस से एक गुप्त सूचना मिली थी की माओवादी नेता अजय एक प्रवासी श्रमिक शिविर में ठहरा हुआ है।

**प्रदर्शन** हाईकोर्ट ने चिटफंड घोटाला मामले में सरकार से पूछा

# निवेशकों के डूबे पैसा की वापसी को लेकर कोई कमेटी बनाई है या नहीं?

राष्ट्रीय खबर




**रांचीः** चिटफंड घोटाला मामले में निवेशकों के डूबे पैसों की वापसी को लेकर दायर नन बैंकिंग अभिरक्षा निवेशक सुरक्षा समिति सहित अन्य याचिकाओं की सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। इस मामले में हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार से पूछा है कि निवेशकों के दावों के मद्देनजर उनके पक्ष में पैसा निर्गत करने को लेकर झारखंड में कोई कमेटी बनाई गई है या नहीं। अगर कमेटी बनाई गई है तो इस कमेटी ने अब तक क्या कार्य किया है। इस पर स्टेटस रिपोर्ट अगली सुनवाई में दाखिल करे। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 9 मई निर्धारित की है।इससे पहले प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि चिटफंड घोटाला में शामिल कई कंपनी के संचालकों की ईडी और सीबीआई ने करोड़ रुपए की संपत्ति एवं पैसे सीज किए हैं। चिटफंड घोटाले के सीज पैसे ईडी और सीबीआई ने बैंकों में रखे गए हैं। कई राज्यों में एक कमेटी बनाकर चिटफंड के शिकार लोगों के केस को डिस्पोजल किया जा रहा है और उन्हें उनके डूबे पैसे वापस दिलाए जा रहे हैं। झारखंड में भी कमेटी बनाकर निवेशकों के डूबे पैसे को वापस दिलाया जाए। बता दें कि प्रार्थी ने याचिका दाखिल कर कहा है कि चिटफंड कंपनियों ने अधिक ब्याज का लालच देकर उनके पैसे का गबन कर लिया है। मामले की जांच सीबीआई कर रही है, लेकिन निवेशकों के डूबे पैसे भी वापस दिलवाने की पहल की जाए।

## व्यापारी कर रहे ट्रेड लाइसेंस प्रक्रिया सरल करने की मांग, किराया दुकानदारों को अधिक परेशानी

राष्ट्रीय खबर



**रांची:**ट्रेड लाइसेंस की प्रक्रिया सरल करने की मांग लंबे समय से व्यापारी कर रहे है। इसके लिये चैंबर ऑफ कॉर्मस की ओर से कई बार अधिकारियों को ज्ञापन भी सौंपा गया। लेकिन इस पर कोई विशेष पहल नहीं की जा रही है। व्यापारियों की मानें तो नगर निगम क्षेत्र में ट्रेड लाइसेंस मिलने में काफी परेशानी हो रही है। मामले में कुछ व्यापारियों ने बताया कि ट्रेड लाइसेंस की प्रक्रिया काफी जटिल है। अधिक कागजातों की मांग की जाती है। लाइसेंस रिन्यूअल करने के लिये महीनों इंतजार करना पड़ता है। कई मामलों में सभी कागजात उपलब्ध कराने के बाद भी विभागीय प्रक्रिया में विलंब के कारण लाईसेंस के कार्य लंबित हो रहे हैं। आवेदन करने के बाद भी महीनों व्यापारियों को लाइसेंस के लिये इंतजार करना पड़ रहा है।किराया में संचालित दुकानदारों को इससे अत्यधिक समस्या हो रही है। ऐसे में व्यापारिक गतिविधियां बाधित हो रही है। हालांकि ऑफ कॉर्मस की मानें तो सिर्फ रांची नगर निगम ही नहीं, अन्य नगर निगम क्षेत्र में भी ट्रेड लाइसेंस और रिन्यूअल को लेकर परेशानी है। लाइसेंस के मामले में लगातार चैंबर ऑफ कॉर्मस अधिकारियों से वार्ता कर रहा है। जहां ट्रेड लाइसेंस प्रक्रिया सरल करने की मांग की जा रही है। पिछले दिनों ट्रेड लाइसेंस की मांग करते हुए व्यापारियों ने नगर आयुक्त शशि रंजन को पत्र सौंपा। जिसमें ट्रेड लाइसेंस से जुड़ी समस्या और इसके समाधान पर चर्चा की गयी।पत्र में बताया गया है कि ट्रेड लाइसेंस की जटिल प्रक्रियाओं को सरल किया जाना चाहिये। यह सुझाया गया कि निर्धारित शुल्क के साथ एक साधारण आवेदन, जीएसटी निबंधन, आधार, पैन कार्ड लेकर ट्रेड लाइसेंस निर्गत करने की व्यवस्था की जाये। जीएसटी निबंधन नहीं होने की स्थिति में एफिडेविट या किसी सरकारी दस्तावेज (जैसे बिजली बिल, टेलिफोन बिल इत्यादि) का विकल्प दिया जा सकता है। ऐसा करने से व्यापारियों की समस्या कम होगी। बता दें पिछले कुछ महीनों से लगातार चैंबर ऑफ कॉर्मस ट्रेड लाइसेंस सरलीकरण की मांग उठा रहा है।

## संयुक्त परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा पर चलेगी विभागीय कार्यवाही




राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** संयुक्त परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा परिवहन विभाग प्रदीप कुमार पर विभागीय कार्यवाही चलेगी। उनके उपर प्रखंड विकास पदाधिकारी हिरणपुर, पाकुड़ के पद पर रहते हुए कई गंभीर आरोप लगे थे। झारखंड प्रशासनिक सेवा के इस अधिकारी पर पाकुड़ बीडीओ के पद पर रहते हुए वित्तीय वर्ष 2009-10 में क्रियान्वित तीन योजनाओं को महज तीन वर्ष के अंतराल पर ही अधुरा एवं विवादित बताते हुए वित्तीय वर्ष 2014-15 में पुनः उसी स्थल पर कृष्ण मड़ैया के जमीन पर पोखरा का जीर्णोद्धार, दूसरी योजना बलदेव साहा के जमीन पर पोखरा का जीर्णोद्धार एवं तीसरी योजना देवेंद्र साहा के जमीन पर पोखरा का जीर्णोद्धार कार्य करवाने एवं क्रियान्वित योजनाओं में एफटीओ करते हुए राशि का गबन करने में सहयोग करने, अभिकर्ता के माध्यम से योजना का कार्यान्वयन नहीं करवाने तथा उक्त तीनों योजना में फर्जी मस्टर रोल सहारे लोकधन का जालफरेबी, धोखाधड़ी एवं कुटकरण के सहारे गबन कराकर बंदरबांट कराने जैसे गंभीर आरोप लगे थे। पूरे मामले पर प्रमंडलीय आयुक्त दुमका ने सरकार को 2017 में कार्रवाई के लिए अनुशंसा किया था, जिसकी जांच प्रथमदृष्टया आरोप सही पाये गये। पूरे मामले की गंभीरता को देखते हुए राज्य सरकार ने विभागीय कार्यवाही चलाने का फैसला लिया और जांच संचालन पदाधिकारी रिटायर आईएएस रमाकांत सिंह को नियुक्त किया है। उपस्थापन पदाधिकारी के रूप में डीआरडीए पाकुड़ के निदेशक को नामित किया गया है। प्रदीप कुमार वर्तमान में संयुक्त परिवहन आयुक्त रोड सेफ्टी के पद पर कार्यरत हैं। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दिया है।

## फुट ओवर ब्रिज बनाने को एजेंसी की तलाश में लगा जुडको

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** राज्य सरकार की ओर से मेन रोड स्थित अल्बर्ट एक्का चौक और किशोरगंज चौक पर फुट ओवर ब्रिज बनाने की योजना है। इसके लिए जुडको (झारखंड अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड) की ओर से एक बार फिर ई-टेंडर जारी किया गया है। किशोरगंज चौक के लिए तो आठवीं बार निविदा जारी की गई है जबकि अल्बर्ट एक्का चौक के लिए तीसरी बार। जुडको के प्रोजेक्ट डायरेक्टर (टेक्निकल) के मुताबिक दोनों जगहों पर फुट ओवर ब्रिज के साथ-साथ एस्क्लेटर्स की भी सुविधा होगी। 8 मई तक दोनों कार्यों के लिए ऑनलाईन आवेदन किए जा सकते हैं।अल्बर्ट एक्का चौक पर बनने वाले फुट ओवर ब्रिज के लिए जुडको ने 17.69 करोड़ रुपये की योजना तय कर रखी है। इसके लिए आवेदन करने वाले को टेंडर डॉक्यूमेंट के लिए 25 हजार रुपये देने होंगे (नन रिफंडेबल)। बिड सिक्युरिटी मनी के तौर पर 17.69 लाख रुपये लगेंगे जो रिफंडेबल होंगे।किशोरगंज चौक के फुट ओवर ब्रिज के लिए 460.243 लाख रुपये की योजना है। टेंडर डॉक्यूमेंट के तौर पर 10 हजार रुपये और बिड सिक्युरिटी मनी के तौर पर 4.60 लाख रुपये लगेंगे। विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट की मदद लेनी होगी। कचहरी चौक, रांची स्थित जुडको कार्यालय से भी मदद ली जा सकती है।

## तीन सब इंस्पेक्टर समेत 31 जवान पुलिस मुख्यालय में प्रतिनियुक्त




रांचीः लग-अलग जिले में पदस्थापित तीन सब इंस्पेक्टर समेत 31 पुलिसकर्मियों को पुलिस मुख्यालय में प्रतिनियुक्त किया गया है। इससे संबंधित अधिसूचना मंगलवार को पुलिस मुख्यालय ने जारी कर दी है। जारी निर्देश में कहा गया है कि इसे लेकर जिले के एसपी और कमांडेंट को निर्देश दिया गया है कि इन सभी पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों को अभिलंब पुलिस मुख्यालय में योगदान कराना सुनिश्चित करें।जिन पुलिसकर्मियों को मुख्यालय में प्रतिनियुक्त किया गया है उनमें सब इंस्पेक्टर मुकेश कुमार रजक, मारुत नंदन, अमित अलेक्जेंडर कुजुर और रोशन कुमार शामिल हैं। इसमें सीमा कुमारी, इकराम उल्लाह मलिक, विजय कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह, विकास कुमार, दीपक पुंज, हीरालाल रविदास, जन्मेजय मुंडा, सुखदेव खलखो, गोबाई कुजूर ,सुशील कुमार, नागेंद्र कुमार पांडे ,अमर कुमार, सिकंदर विजेता ,उपेंद्र करमाली, रणधीर कुमार सिंह, संजय कुमार महतो, अरुण कुमार पांडे, देव कुमार सिंह, रिंकू कुमार रजक ,अखिल चौरसिया, मनीष कुमार यादव, चंदन कुमार सिंह, लालू कुमार, कमलेश कुमार, कुमार ओमप्रकाश और मृत्युंजय कुमार शामिल भी हैं।

## आपत्ति के बाद भी काट दी चेशायर होम रोड की जमीन की रसीद




राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** प्रेम प्रकाश के करीबी पुनीत भार्गव ने राजेश राय से जमीन खरीदने के बाद जिसे बेची उसका म्यूटेशन भी हो गया। गाड़ी मौजा स्थित भूखंड जिसका खाता 37 और प्लाट नंबर 28 है, उसका म्यूटेशन बड़गाईं अंचल कार्यालय से हुआ है। म्यूटेशन के बाद अब पंजी 2 में वर्तमान मालिक (जिसने पुनीत भार्गव से भूमि खरीदी) का नाम दर्ज दिखाया जा रहा है। लेकिन इन सब के बीच सीओ मनोज कुमार और खतियानी मालिक होने का दावा करने वाले उमेश गोप के बीच हुई बातचीत का एक ऑडियो सामने आया है।ऑडियो में उमेश गोप बड़गाईं सीओ से यह पूछ रहे हैं कि उनकी आपत्ति के बावजूद विवादित भूमि का म्यूटेशन क्यों किया गया। इसके जवाब में सीओ मनोज कुमार ये कहते सुनाई दे रहे हैं कि बार-बार फोन मत कीजिए, अगर आपको गलत लग रहा है, तो आगे बढ़िए। इतना ही नहीं बड़गाईं सीओ ने आपत्ति करने वाले व्यक्ति से ये भी कहा कि म्यूटेशन का टाइटल सूट से कोई मतलब नहीं है, नकल लीजिए और आगे बढ़िए।

## तालाब व जलाशय दूषित न हो, ध्यान दे सरकार:हाईकोर्ट

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** रांची के विभिन्न जलाशयों और तालाबों के अतिक्रमण से संबंधित मामले की सुनवाई हाईकोर्ट में हुई। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार मिश्र और जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ में सुनवाई हुई। सभी पक्षों को सुनने और राज्य सरकार द्वारा दिये गये जवाब के बाद अदालत ने यह याचिका निष्पादित कर दी है। साथ ही अदालत ने प्रार्थी को यह छूट दी है कि अगर निगम और सरकार हाईकोर्ट के आदेश का अनुपालन नहीं करती है तो दोबारा अवमानना याचिका दाखिल कर सकती है। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि नदियों और तालाबों के आसपास से अतिक्रमण हटाया गया है और तालाब प्रदूषित न हो इसके लिए भी कई कदम उठाए गए हैं।बता दें कि रांची के बड़ा तालाब और जिला के आसपास के जलस्त्रोतों को संरक्षित करने और इसमें हो रहे अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर कोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है। खुशबू कटारुका के द्वारा दाखिल जनहित याचिका में कहा गया है कि बड़ा तालाब, कांके डैम और धुर्वा डैम की सैकड़ों एकड़ जमीन अतिक्रमणकारियों द्वारा हड़प ली गई है। वहां मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग का निर्माण किया जा रहा है। जिसका बुरा असर जलाशयों पर पड़ रहा है। इतना ही नहीं रांची में तालाबों की स्थिति भी बदतर होती जा रही है।






**तैयारी** जेबीवीएनएल गर्मी को देखते हुए अगले तीन वर्षों की योजना बनायेगा

## झारखंड में बिजली की मांग और आपूर्ति पर तैयार करें रिपोर्ट : एमडी

राष्ट्रीय खबर




**रांचीः** झारखंड बिजली वितरण निगम (जेबीवीएनएल) गर्मी को देखते हुए अगले तीन वर्षों की योजना बनायेगा। यह निर्देश जेबीवीएनएल के एमडी अविनाश कुमार ने सभी जीएम और एसइ के साथ हुई बैठक में दिया। बैठक में जेबीवीएनएल के निदेशक केके वर्मा समेत निगम के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। एमडी ने कहा कि गर्मी के कारण बिजली की मांग लगातार बढ़ रही है। कभी 2800 मेगावाट तक चली जाती है, तो कभी 2300 मेगावाट पर रहती है। इसलिए सभी जीएम और एसइ बिजली की मांग का अध्ययन कर रिपोर्ट बनायें। यह रिपोर्ट सितंबर तक के लिए होगी कि कितने तापमान में कितनी बिजली की जरूरत पड़ेगी। साथ ही एक रिपोर्ट अगले तीन वर्षों की मांग और आपूर्ति पर हो, ताकि जेबीवीएनएल अतिरिक्त बिजली के लिए पीपीए कर सके। तीन वर्षों में पतरातू थर्मल पावर स्टेशन चालू हो जायेगा। तब बिजली की समस्या समाप्त हो जायेगी।एमडी ने कहा कि दिन में कितनी बिजली की खपत होती है, इसके लिए अतिरिक्त बिजली सोलर से लेने के लिए पीपीए किया जायेगा। वहीं पीक आवर शाम छह बजे से रात 10 बजे के बीच बिजली की मांग के लिए पुष्प पोर्टल की मदद लेने का निर्देश दिया गया है। 10 मार्च को केंद्र सरकार ने सरप्लस बिजली के लिए पुष्प पोर्टल आरंभ किया है। इससे 12 रुपये प्रति यूनिट से कम दर पर बिजली मिलेगी। 250 से 300 मेगावाट के लिए पीपीए करने की बात हुई। साथ ही 150 मेगावाट बिजली को डिमांड बेस्ड पीपीए करने का निर्देश दिया गया है।एमडी ने सभी जीएम को सितंबर माह तक के लिए प्रत्येक एरिया बोर्ड में एक कंट्रोल रूम बनाने का निर्देश दिया है। जिसमें बिजली कटते ही लोगों को सूचना दी जायेगी कि किस वजह से बिजली कटी है। कहीं भी तकनीकी खामी आने पर तत्काल मरम्मत करने की बात कही गयी। कंट्रोल रूम का नंबर सार्वजनिक करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही सभी एइ और जेइ को सब स्टेशन में मौजूद रहने का निर्देश दिया गया है।